खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :26°C
न्यूनतम: 12°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 21 नवम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 310 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार की जरूरत: ओम बिरला पेज 2


दीक्षा डागर ने डेफलंपिक्स में लगातार गोल्ड मेडल जीता खेल टाइम्स


एसआईआर: सिर्फ आरोप से काम नहीं चलेगा सम्पादकीय



अमेरिकी रिपोर्ट में दावा: ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान ने भारत को हराया पेज 12


## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने क्यूआर कोड सत्यापन किया शुरू

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के नाम पर धोखाधड़ी और जबरन वसूली के लिए नकली समन भेजे जाने की बढ़ती खबरों के बीच ईडी ने नागरिकों को समन नोटिस की असलियत सत्यापित करने में मदद करने के लिए नए तरीके लागू किए हैं। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को अपने आधिकारिक अकाउंट के जरिए इसकी घोषणा की। नकली ईडी समन असली नोटिस जैसे ही होते हैं, जिससे पाने वालों के लिए सही और गलत के बीच फर्क करना मुश्किल हो जाता है। इस बढ़ती समस्या से निपटने के लिए ईडी अब सिस्टम से बनने वाले समन जारी कर रहा है, जिसमें एक क्यूआर कोड और एक यूनिक पासकोड होता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जारी किए गए समन को उन पर छपे क्यूआर कोड को स्कैन करके या आधिकारिक ईडी वेबसाइट पर जाकर सत्यापित किया जा सकता है। ईडी ने यह भी साफ़ किया कि वह डिजिटल या ऑनलाइन गिरफ्तारी नहीं करता है। ईडी ने नागरिकों को नकली लोगों से सावधान रहने की सलाह दी है। ईडी ने नागरिकों से अपील है कि वे कोई भी कदम उठाने से पहले सावधान रहें और किसी भी संदिग्ध समन को सत्यापित करें, ताकि वे ईडी अधिकारी बनकर धोखा देने वालों का शिकार न बनें।

### एसआईआर: भारत से रोज 150 अवैध बांग्लादेशी लौट रहे

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ ने दावा किया है कि बॉर्डर पार करने की कोशिश करने वाले अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, यह वापसी राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) से जुड़ी है। बीएसएफ के एक अधिकारी के मुताबिक नॉर्थ 24 परगना, मुर्शिदाबाद और मालदा में बॉर्डर के बिना फेंसिंग वाले हिस्सों से लौटने की कोशिश कर रहे बांग्लादेशी इमीग्रेंट्स के फ्लो में क्वांटम जंप देखा गया है। बीएसएफ अधिकारी ने बताया कि पहले ऐसे मामले मुश्किल से डबल डिजिट में आते थे। अब यह आंकड़ा हर दिन लगातार तीन डिजिट में है। बॉर्डर पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने कहा कि चेक पोस्ट पर छोटे बैग और सामान लेकर लोगों की लाइन लग रही है, जो खुलेआम मान रहे हैं कि वे बांग्लादेशी हैं और सालों पहले गैर-कानूनी तरीके से भारत में आए थे।

### वायुसेना के मानव रहित विमान को आपात स्थिति में उतारा

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर के सीमावर्ती रामगढ़ क्षेत्र में गुरुवार को भारतीय वायुसेना के एक मानव रहित विमान को तकनीकी खराबी के कारण एक खेत में आपात स्थिति में उतारना पड़ा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे किसी प्रकार के जानमाल की हानि की सूचना नहीं है। मानव रहित विमान अपने नियमित अभ्यास उड़ान पर था। घटना की जानकारी मिलने पर वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही सूचना मिलने पर पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर जांच पड़ताल शुरू की।

# अमेरिका भारत को 100 टैंक किलर मिसाइल देगा



**नई दिल्ली।** अमेरिका ने भारत को एफजीएम-148 जेवलिन एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल और एम982ए1 एक्सकैलिबर प्रक्षेपास्त्र तथा संबंधित उपकरणों की बिक्री को मंजूरी प्रदान की है, जिसका अनुमानित मूल्य 4.71 करोड़ अमेरिकी डॉलर है।

एफजीएम- 148 जेवलिन एक पोर्टेबल एंटी-टैंक मिसाइल है। इसे टैंकों, बख्तरबंद वाहनों, बंकरों को नष्ट करने के लिए बनाया गया है। मिसाइल टारगेट की गर्मी (हीट सिग्नेचर) पहचानकर

- **टारगेट की गर्मी पहचानकर हमला करती है, कुल 775 करोड़ डॉलर की डील**
- **भारत को 4.71 करोड़ डॉलर की मिसाइलें, प्रोजेक्टाइल की बिक्री को दी मंजूरी**

उस पर हमला करती है। इसकी 2500 मीटर रेंज है। धुएं, धूल या खराब मौसम में भी टारगेट को तबाह करने में सक्षम है। एम982ए1 जीपीएस-गाइडेड स्मार्ट गोला है। यह स्मार्ट बम की तरह काम करता है, लेकिन तोप से छोड़ा जाता है। सामान्य तोप रेंज 15-20 किमी तक होती है, लेकिन एक्सकैलिबर 40-50 किलोमीटर दूर तक सटीक निशाना लगा सकता है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत को एक्सकैलिबर प्रक्षेपास्त्र और संबंधित उपकरणों की संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी दी है। एजेंसी ने कांग्रेस को सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणन प्रदान किया है।

# बेंगलुरु में एटीएम कैश वैन से सात करोड़ की लूट

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में बदमाशों ने एक एटीएम कैश वैन से 7 करोड़ रुपये लूट लिए। घटना बुधवार दोपहर 12:30 बजे की है। बदमाशों ने खुद को भारतीय रिजर्व बैंक का अधिकारी बताकर कैश वैन को रास्ते में रोक लिया और कैश लेकर फरार हो गए।

पुलिस को वैन बाद में जयदेव डेयरी सर्कल फ्लाईओवर के पास मिली। पुलिस ने ड्राइवर, दो सुरक्षाकर्मियों और एक कैश डिपॉजिटर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। वैन सीएमएस

- **बदमाशों ने RBI का अधिकारी बनकर की वारदात**

कंपनी की है। पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि सीएमएस के कुछ कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध मानी जा रही है। मामला सिद्धापुराद पुलिस थाने में दर्ज कर लिया गया है। सीएमएस के ऑफिस से वैन सुबह 9.30 बजे एचडीएफसी बैंक की ओर रवाना हुई थी।

# राज्यपाल विधानसभा से पारित बिलों को न लटकाएं: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने कहा: बिल मंजूर करें, लौटाएं या राष्ट्रपति को भेजें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम संवैधानिक फैसले में गुरुवार को कहा कि राज्य के राज्यपाल राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयक को अनिश्चित काल तक नहीं रोक सकते। न्यायालय ने हालांकि यह भी स्पष्ट किया कि वह संविधान के अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राष्ट्रपति या राज्यपालों को मंजूरी देने या न देने के लिए ज़रूरी समयसीमा तय नहीं कर सकता, लेकिन राज्यपाल अनिश्चितकाल तक किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते।

हालांकि इसमें स्पष्ट किया गया है कि लंबे समय तक, बिना किसी वजह के मंजूरी नहीं दिए जाने के मामलों में न्यायालय विधेयक की प्राथमिकता की जांच किए बिना एक निश्चित अवधि में फैसला करने का निर्देश देते हुए



- **डेडलाइन नहीं, लेकिन देरी पर दखल देंगे**
- **राज्यपाल अनिश्चितकाल तक किसी भी विधेयक को नहीं रोक सकते**

एक सीमित 'परमादेश' रिट जारी कर सकते हैं। गौरतलब है कि आठ अप्रैल को उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु विधानसभा से पारित हुए विधेयकों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के -**शेष पृष्ठ दो पर**

### अधिकरण में नियुक्ति के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट को 25 साल का अनुभव जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को साफ़ किया कि आयकर अपीलीय अधिकरण (आईटीएटी) जैसे अधिकरण में तकनीकी सदस्य के तौर पर नियुक्ति के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) को कम से कम 25 साल का अनुभव होना ज़रूरी नहीं है।

पीठ ने निर्देश दिया कि केंद्र सरकार को 19 नवम्बर को रद्द कर दिए गए अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 की जगह नया कानून बनाते समय इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने सीए को भी वही बराबरी दी, जो उसने 19 नवम्बर को अधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 को रद्द करने वाले अपने फैसले में वकीलों को दी थी। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के वकील के पीठ के सामने यह मामला उठाए जाने पर यह स्पष्टीकरण सामने आया। वकील ने बताया कि न्यायालय ने अधिकरण में नियुक्ति के लिए वकीलों की कम से कम 50 साल की उम्र की ज़रूरत को खत्म कर दिया था, लेकिन सीए के लिए 25 साल के अनुभव की ज़रूरत, जो असल में पात्रता को लगभग 50 साल तक बढ़ा देती है, पर ध्यान नहीं दिया गया।

## प्रियंका गांधी के पति पर ईडी ने कसा शिकंजा

# रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के बिजनेसमैन पति रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल की है। यह मामला ब्रिटेन के आर्म्स डीलर संजय भंडारी के साथ संदिग्ध लेनदेन से जुड़ा है।

चार्जशीट दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई है। इस मामले में पीएमएलए के तहत वाड्रा का बयान जुलाई में दर्ज किया गया था। ईडी का दावा है कि वाड्रा और भंडारी के बीच वित्तीय लेनदेन की कड़ियां मिली हैं, जिनमें विदेशी प्रोपर्टी और फंड ट्रांसफर की जांच भी शामिल है। ईडी ने चार्जशीट में वाड्रा को 9वें नंबर का आरोपी बनाया गया है। अब इस मामले पर अदालत 6 दिसम्बर को विचार करेगी। वाड्रा के खिलाफ यह मनी लॉन्ड्रिंग का दूसरा आरोपपत्र है। जुलाई में, ईडी ने हरियाणा के शिकोहपुर में एक जमीन सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में भी वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था। संजय भंडारी हथियार डीलर



- **ईडी ने ब्रिटेन के संजय भंडारी से जुड़े केस में आरोपी बनाया**
- **आर्म्स डीलर भारत में भगोड़ा घोषित**

है। इनकम टैक्स विभाग ने भंडारी के खिलाफ 2015 के काला धन विरोधी कानून के तहत आरोपपत्र दाखिल किया था। 2016 में इनकम टैक्स विभाग की छापेमारी के बाद वह भारत से लंदन भाग गया। दिल्ली की एक अदालत ने 63 साल के संजय भंडारी को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। भारत ने उसके प्रत्यर्पण की कार्रवाई की लेकिन ब्रिटेन की अदालत ने याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही भंडारी को भारत लाए जाने की संभावना लगभग खत्म हो गई। रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ईडी की जांच लंदन की संपत्ति से जुड़ी है, जो ब्रिटेन के हथियार डीलर संजय भंडारी के नाम पर दर्ज हैं। ईडी ने 2023 में अपनी चार्जशीट में आरोप लगाया था कि भंडारी ने 2009 में लंदन स्थित 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर स्थित घर खरीदा और वाड्रा के कहने पर उसका रेनोवेशन कराया। आरोप है कि रेनोवेशन के लिए पैसे भी राबर्ट वाड्रा ने ही दिए थे। ईडी ने यह भी कहा कि वाड्रा अपनी लंदन यात्राओं के दौरान वहां कई बार रुके थे। ईडी ने 2016 में इस मामले में पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया था। ईडी का दावा है कि ए घर असल में वाड्रा की बेनामी संपत्ति है। ईडी अब भंडारी के साथ उनके कथित संबंधों की जांच कर रही है।

## बेल्जियम कोर्ट नौ दिसम्बर को प्रत्यर्पण के खिलाफ चोकसी की अपील सुनेगा

**नई दिल्ली।** भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी की ओर से अपने प्रत्यर्पण को चुनौती देने के मामले की सुनवाई 9 दिसम्बर को बेल्जियम के सर्वोच्च न्यायालय कोर्ट ऑफ कैसेशन के समक्ष होगी। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

चोकसी ने बेल्जियम की शीर्ष अदालत में एंटवर्प अपीलीय न्यायालय के 17 अक्टूबर के फैसले को चुनौती दी है। इस

- **मेहुल चोकसी ने बेल्जियम सुप्रीम कोर्ट में फैसले को दी थी चुनौती**

फैसले में भारत की ओर से उसके प्रत्यर्पण के अनुरोध को बरकरार रखते हुए इसे वैध बताया गया था। एडवोकेट जनरल हेनरी वेंडरलिंडन ने कहा कि कोर्ट ऑफ कैसेशन 9 दिसम्बर को मामले की सुनवाई करेगा।

## 10 दिन की NIA कस्टडी में चार आरोपी

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट केस में एनआईए ने डा. मुजम्मिल, डा. शाहीन सईद, डा. आदिल अहमद और मुफ्ती इरफान अहमद को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने चारों आरोपियों को 10 दिन की एनआईए कस्टडी में भेज दिया है।

दरअसल इस केस में एनआईए ने कुल 6 आरोपियों को अरेस्ट किया था। हालांकि ये पहले जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों की पुलिस की गिरफ्त में थे।

**दिल्ली ब्लास्ट**

- **इनमें तीन डाक्टर भी, जम्मू में कश्मीर टाइम्स के ऑफिस पर छापा, एके-47 के कारतूस बरामद**

एनआईए ने अब आरोपियों को अपनी कस्टडी में लिया है। उधर जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने गुरुवार को कश्मीर टाइम्स अखबार के जम्मू ऑफिस पर छापा मारा। जहां से एके-47 राइफल के कारतूस, पिस्तौल के राउंड और हैंड ग्रेनेड पिन बरामद की गई। दरअसल यह कार्रवाई पब्लिकेशन के देश के खिलाफ गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में की गई। वहीं आतंकी डाक्टरों की 'पनाहगार' रही फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का शिकंजा कस गया है।

# नीतीश ने 26 मंत्रियों के साथ सीएम पद की ली शपथ




**पटना।** बिहार के मुख्मयंत्री नीतीश कुमार ने 26 मंत्रियों के साथ गुरुवार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में शपथ ली, जिनमें भाजपा के 14, जनता दल यूनाईटेड (जदयू) के आठ, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के दो और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) तथा हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के एक-एक मंत्री शामिल हैं।

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने श्री कुमार को ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। श्री कुमार मंत्रिमंडल में सर्वाधिक 14 मंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार

- **भाजपा के 14 विधायक बने मंत्री**

सिन्हा ,मंगल पाण्डेय, पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष, डा. दिलीप कुमार जायसवाल, नितिन नवीन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम कृपाल यादव, संजय सिंह 'टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, सुरेन्द्र मेहता,नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लखेन्द्र कुमार रौशन,श्रेयसी सिंह और डा. प्रमोद कुमार भाजपा से हैं। इनमें डा. दिलीप जायसवाल, राम कृपाल यादव, संजय सिंह टाइगर, अरूण शंकर प्रसाद, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, श्रेयसी सिंह लखेन्द्र कुमार रौशन -**शेष पृष्ठ दो पर**

# पढ़े-लिखे आतंकी ज्यादा खतरनाक: दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जब पढ़े-लिखे आतंकवादी बन जाते हैं तो वे ओवरग्राउंड वर्कर्स से ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। पुलिस ने कहा कि डाक्टरों और इंजीनियरों के लिए देश विरोधी गतिविधियों में शामिल होना अब एक ट्रेंड बन गया है। ये लोग सरकारी पैसों का इस्तेमाल करके पढ़ाई करते हैं फिर एंटी नेशनल एक्टिविटी में शामिल हो जाते हैं।

दिल्ली पुलिस ने 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में शरजील इमाम के भड़काऊ भाषणों के वीडियो पेश किए। वीडियो में शरजील इमाम नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देते हुए दिख रहा है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इन भाषणों से माहौल बिगड़ा और लोगों को उकसाने का काम हुआ। शरजील इमाम ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान ऐसे भाषण दिए, जिसने हिंसा भड़काने का काम किया। शरजील इमाम इंजीनियरिंग ग्रेजुएट है। दिल्ली पुलिस ने 2020 दिल्ली दंगे में शामिल एक्टिविस्ट उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं का विरोध किया। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली दंगे को पूरे भारत में फैलाने की कोशिश की गई थी और इसका मकसद अंतर्राष्ट्रीय ध्यान खींचना था। आरोपियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत दौरे के समय ही हिंसा भड़काने की योजना बनाई थी, जिससे कि अंतर्राष्ट्रीय मीडिया का ध्यान खींचा जा सके। यह एक साजिश थी। यह एक गहरी, सुनियोजित और सोची-समझी साजिश थी। दंगों में 53 लोगों की मौत हुई, और सैकड़ों करोड़ों रुपयों की सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा। इस हिंसा से जुड़े 753 एफआईआर दिल्ली में दर्ज की गईं। पुलिस ने ये भी दावा किया कि जांच के दौरान मिले चैट मैसेज और अन्य डिजिटल सबूतों से पता चला है कि दंगों की योजना केवल दिल्ली तक सीमित नहीं थी, बल्कि इसे देशभर में फैलाने की कोशिश की गई थी।



**सुप्रीम कोर्ट में कहा-ये सरकारी पैसों से डाक्टर और इंजीनियर बनते हैं, फिर दंगे करते हैं**

## संक्षिप्त समाचार

### जम्मू पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर की संपत्ति कुर्क की

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के अंतर्गत एक मादक पदार्थ तस्कर की संपत्ति कुर्क की है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि आरोपी की पहचान बूट पॉलिश मोहल्ला, राजीव नगर, नरवाल निवासी विशाल कुमार के रूप में हुई है, जो मादक पदार्थ तस्करी के विभिन्न मामलों में शामिल है। प्रवक्ता ने कहा कि जांच अधिकारी ने एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संपत्ति की कुर्की की और कुर्की का आदेश अधिनियम की प्रक्रिया के अंतर्गत जारी किया गया था।

### लोगों को जागरूक कर रहा है स्वास्थ्य मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय गीत-संगीत, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला के जरिए लोगों को जागरूक बना रहा है। भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में स्वास्थ्य मंत्रालय के पवेलियन में गुरुवार को दर्शकों की काफी भीड़ देखने को मिली। मंत्रालय की ओर से आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए पवेलियन में संगीत, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला का आयोजन किया गया था। मंत्रालय की कर्मचारी नन्हें बच्चों को चित्रकला के माध्यम से स्वास्थ्य के बारे में जानका. रियां दे रही थी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से यहां पर टीबी उन्मुलन, अंग प्रत्यारोपण और परिवार नियोजन जैसे विभिन्न प्रकार के काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां पर मंत्रालय के कर्मचारी सरकार की ओर से चलाई जा रहीं योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं।

### कांग्रेस ने अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की रिपोर्ट को चिंताजनक बताया

# विवादास्पद रिपोर्ट पर जवाब दे सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**



- कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने बोला हमला
- 800 पेज की रिपोर्ट के 108 व 109 पन्ने पर दिए गए उल्लेख आश्चर्यजनक व समझ से परे

कांग्रेस ने अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की हाल में आई वार्षिक रिपोर्ट को भारत के लिए चिताजनक बताया और इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल करते हुए कहा कि उनकी सरकार को इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि रिपोर्ट में भारत से जुड़े संवेदनशील सुरक्षा मुद्दों का उल्लेख है, जिसने भारत की राजनयिक स्थिति के लिए चिंता पैदा कर दी है। यह वार्षिक रिपोर्ट करीब 800 पेज की है और इसके पृष्ठ 108 और 109 में दिए उल्लेख आश्चर्यजनक और समझ से परे हैं। रिपोर्ट में इस साल अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान द्वारा आयोजित 'विद्रोही हमला' बताया गया है। रिपोर्ट में इसके बाद चार दिन चले संघर्ष में भारत पर पाकिस्तान की 'सैन्य सफलता' बताया गया है। कांग्रेस नेता ने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे। यह रिपोर्ट हमारी कूटनीति को एक और गंभीर झटका है। सरकार बताए कि इस रिपोर्ट में किए गए दावों के संबंध में क्या कार्रवाई की जाएगी। अमेरिकी कांग्रेस को सौंपी गई यह रिपोर्ट चीन से संबंधित आर्थिक और सुरक्षा मुद्दों का आकलन करती है, लेकिन यह रिपोर्ट भारत-पाकिस्तान संघर्ष सहित दक्षिण एशियाई भू-राजनीतिक तनावों को भी छूती है।

### कांग्रेस ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाएगी!

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ संसद के शीतकालीन सत्र में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), मतदाता सूची में गड़बड़ियों, चुनावी पारदर्शिता और मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के संबंध में विपक्षी दलों के सवालों का चुनाव आयोग से समुचित जवाब न मिलने से असंतुष्ट है।

### 80 साल पुराने संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार की जरूरत: ओम बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संयुक्त राष्ट्र में तत्काल सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि लगभग 80 साल पुराना यह संगठन समकालीन वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं है।

नई दिल्ली में विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिरला ने बुधवार को कहा कि वैश्विक दक्षिण के लिए उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए लोकतांत्रिक, निष्पक्ष एवं समावेशी सुधारों की आवश्यकता है। बिरला ने वैश्विक शांति एवं सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की प्राचीन परंपरा और 'लो. कतंत्र की जननी' के रूप में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र शांति मिशनों में भारत के महत्वपूर्ण योगदान, जिसमें 300,000 से अधिक सैनिक शामिल हैं, तथा कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के मानवीय प्रयासों का उल्लेख किया। बिरला ने कहा कि भारत ने कोविड संकट के दौरान 150 देशों को दवाइयां उपलब्ध कराकर 'वैश्विक फार्मेसी' की तरह काम किया।

# बिहार में बसपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई दुर्भाग्यूपर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



- मतगणना वाले दिन जानबूझकर कराया था उत्पात

**लखनऊ/नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बिहार में पार्टी कार्यकर्ताओं पर कथित पुलिस कार्रवाई को गंभीर मुद्दा बताते हुए प्रदेश सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान यह तथ्य सामने आया कि 14 नवम्बर को मतगणना वाले दिन विपक्षी दलों और असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर उत्पात कराया गया था। सुश्री मायावती ने आरोप लगाया कि इस दौरान नव-निर्वाचित बसपा विधायक सतीश यादव की गाड़ी के साथ-साथ प्रशासन की कई गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। बसपा अध्यक्ष के अनुसार हालात को नियंत्रित करने के नाम पर पुलिस ने रात में लाठीचार्ज किया, जिसमें बसपा के कई कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद पुलिस और प्रशासन ने दबाव में आकर बसपा के लगभग 250 कार्यकर्ताओं और करीब 1000 अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की, जबकि वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस केवल बसपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है, जबकि पहले घटना की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और उसके बाद ही कोई कानूनी कदम उठाया जाना चाहिए। बसपा अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि उनकी पार्टी की मांग है कि इस पूरे मामले की सही और निष्पक्ष जांच कराई जाए। जब तक जांच पूरी न हो जाए, तब तक किसी भी कार्यकर्ता की गिरफ्तारी या पुलिस कार्रवाई उचित नहीं होगी। उन्होंने दावा किया कि बिना जांच के बसपा कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है और पार्टी इसे स्वीकार नहीं करेगी।

# विकसित यूपी 2047 का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण व समान शिक्षा प्रणाली पर आधारित: पार्थ

**लखनऊ, वार्ता**

- योजना भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन

उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य के साथ गुरुवार को योजना भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन 'शिक्षा में नवाचार, प्रगति का आधार विक. सित उत्तर प्रदेश /2047' का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में शिक्षा के भविष्य, तकनीकी बदलावों के प्रभाव, सीखने के परिणामों में सुधार और वैश्विक मानकों वाली शिक्षण प्रणाली पर व्यापक चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थसारथी सेन शर्मा ने कहा कि विकसित यूपी 2047 का लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और अवसर-समान शिक्षा प्रणाली पर आधारित है। उन्होंने शिक्षकों के उन्नत प्रशिक्षण, वैश्विक स्तर की शिक्षण पद्धति, तकनीकी दक्षता और सीखने के मूलभूत परिणामों को सुधार यात्रा के केंद्र में रखने की आवश्यकता बताई। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने कहा कि डिजिटल कंटेंट, तकनीकी हस्तक्षेप और कौशल- आधारित शिक्षा आज की अनिवार्यता बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि नवाचार की यह गति जारी रही, तो उत्तर प्रदेश निकट भविष्य में देश का अग्रणी शिक्षा मॉडल बनेगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी और शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 के विजन में उत्तर प्रदेश की युवा पीढ़ी सबसे बड़ी शक्ति है और इसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना राज्य की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विकसित यूपी एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज, संस्थाओं और नीति-निर्माताओं का सामूहिक संकल्प है। बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन अपर मुख्य सचिव पार्थसारथी सेन शर्मा, महा. निदेशक मोनिका रानी, सलाहकार अवनीश अवस्थी, शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह और

# यूपी में बिजली बिल राहत योजना एक दिसम्बर से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड एक दिसम्बर से 'बिजली बिल राहत योजना' शुरू करने जा रहा है। योजना का उद्देश्य नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड और बिजली चोरी के प्रकरणों को हल करते हुए करोड़ों उपभोक्ताओं को राहत देना है।

प्रदेश में 54,12,443 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन्होंने बिजली के बिल के रूप में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को एक भी रुपये का भुगतान नही किया है। इन पर पावर कारपोरेशन का 16,105 करोड़ रुपया बकाया है। जबकि 91,45,985 लाख ऐसे उपभोक्ता हैं, जिन पर लंबे समय से कारपोरेशन का 15,100 करोड़ रुपये बकाया पड़ा है। ऐसे में उपभोक्ताओं से बकाए की वसूली को लेकर पावर कारपा. ेरेशन यह योजना शुरु कर रहा है। गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पॉवर कारपा. ेरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि कुल 1. 45 करोड़ उपभोक्ताओ के ऊपर कुल 31,205 करोड़ बकाया सरचार्ज सहित कुल देयक 45,980 करोड़ रुपये (जिसमें 24,775 करोड़ रुपये सरचार्ज) है। उन्होंने कहा कि यह योजना सरचार्ज माफी और मूलधन में भारी छूट देने वाली ऐतिहासिक पहल है।

### यूपी विधानसभा चुनाव से पहले होगा उपचुनाव?

**मऊ।** यूपी के मऊ की घोसी विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक सुधाकर सिंह का गुरुवार को निधन हो गया हैं। उनके निधन के बाद घोसी सीट एक बार फिर से खाली हो गई हैं। ऐसे में अब इस सीट पर 2022 के बाद दूसरी बार उपचुनाव होंगे। नियमों के मुताबिक अगर किसी जन प्रतिनिधि की अचानक मृत्यु होने, अयोग्य ठहराए जाने या इस्तीफा देने के बाद कोई सीट खाली हो जाती है, तो उस पर छह महीने के भीतर उपचुनाव कराए जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों में समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच एक बार फिर से घोसी सीट पर मुकाबला देखने को मिलेगा।

2022 विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से दारा सिंह चौहान ने इस सीट पर जीत हासिल की थी, लेकिन एक साल बाद ही उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देकर बीजेपी ज्वाइन कर ली थी, जिसके बाद 2023 में घोसी में उपचुनाव कराए गए। बीजेपी ने इस सीट से दारा सिंह चौहान को उतारा, लेकिन सपा के टिकट पर सुधाकर सिंह ने उन्हें 50 हज़ार वोटों से हरा दिया था।

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 85632.68 | निफ्टी 26192.15

सोना रु. 127000 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

चांदी रु. 159000 प्रति किलो



# नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन प्रमुख सूचकांकों में तेजी रही और वे इस साल के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 446.21 अंक (0.52 प्रतिशत) की बढ़त के साथ 85,632.68 अंक पर बंद हुआ।

बीच कारोबार में यह 85,801.70 अंक तक मजबूत हुआ था। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 139.50 अंक यानी 0.54 प्रतिशत ऊपर 26,192.15 अंक पर पहुंच गया। यह दोनों सूचकांकों का इस साल का उच्चतम स्तर है। हालांकि कुल मिलाकर बाजार में बिकवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी में मझौली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक लगभग सपाट रहे, जबकि छोटी कंपनियों में गिरावट रही। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.05 प्रतिशत लुढ़क गया। एनएसई में कुल 3,202 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें 1,721 के शेयर बढ़त में और 1,385 के लाल निशान में बंद हुए जबकि 96 कंपनियों के शेयर अंततघ अपरिवर्तित रहे। सार्वजनिक बैंक, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया समूहों में बिकवाली ज्यादा रही। वहीं, ऑटो, वित्त, निजी बैंक और तेल एवं गैस समूहों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 15 के शेयर लाल निशान में और अन्य 15 के हरे निशान में बंद हुए। बजाज फाइनेंस का शेयर सबसे अधिक 2.28 फीसदी चढ़ा। बजाज फिनसर्व का शेयर 2.25 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.01, एचडीएफसी बैंक का 1.42, टेक महिंद्रा का 1.29 और एक्सिस बैंक का 1.20 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। ट्रेंट, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, अडानी पोर्ट्स, आईटीसी, मारुति सुजुकी और एलएंडटी के शेयर भी हरे निशान में रहे। एशियन पेंट्स के शेयर में 1. 20 फीसदी की गिरावट रही। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.06 प्रतिशत, टाइटन का 0.80, हिंदुस्तान यूनीलि. वर का 0.48 और कोटक महिंद्रा बैंक का 0. 43 प्रतिशत फिसल गया। वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई आज 2.65 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.02 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.40 फीसदी की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.70 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.57 फीसदी ऊपर था।

### रेल पवेलियन में भारत के बदलते परिदृश्य की झलक

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में रेल पवेलियन भारत के बदलते परिदृश्य की झलक प्रस्तुत कर रहा है। यहां के भारत मंडप में स्थापित रेल पवेलियन में नमो भारत, वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रैपिड रेल जैसी आधुनिक ट्रेनों की झलक देखने को मिल रही है, जो तेजी से बदल रही रेल यातायात की कहानी बयां कर रही है। भारतीय रेलवे के पवेलियन में सरकार की ओर से यात्रियों को आधुनिक, आरामदायक और तीव्र यातायात की सुविधा मुहैया कराने के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। यहां पर रेलवे के विभिन्न कारखानों में निर्मित हो रहे डीजल और इलेक्ट्रिक इंजनों की भी छवि प्रदर्शित की गई हैं। साथ ही यहां भारतीय रेलवे की ओर से विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होने वाली पत्रिकाएं भी आगंतुकों को मुफ्त में मुहैया कराई जा रही हैं, जिनमें रेलवे से संबंधित परियोजनाओं के बारे में जानकारी मुहैया कराई गई हैं।

# शहरों में जर्जर मकानों की जगह बनेंगी हाई-राइज बिल्डिंग्स

- योगी सरकार ने बनाया लोगों के लिए मेगा प्लान, अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा

**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर जैसे शहरों में दशकों से खतरनाक बनी जर्जर इमारतों को हटाया जाएगा। योगी सरकार प्रदेश में पहली बार व्यापक शहरी पुनर्विकास नीति ला रही है। इसके तहत 25 साल से पुराने खतरनाक भवनों को तोड़कर उनकी जगह मॉर्डन हाई-राइज बिल्डिंग्स बनाई जा सकेंगी। वह भी रिकॉर्ड समय में मंजूरी और भारी छूट के साथ बनेंगी।

यह योजना कम से कम 1500 वर्ग मीटर जमीन पर ही लागू होगी। 25 साल या उससे ज्यादा पुरानी इमारतें इसके अंदर आएंगी। साथ ही दायरे में स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर तुरंत मंजूरी मिलेगी। इसके अलावा एकल मकान या लीज वाली जमीन पर इस योजना का क्रियान्वन नहीं किया जा सकेगा। इन इमारतों को मिश्रित भू-उपयोग (रिहायशी + कमर्शियल) की पूरी छूट होगी। इसके अलावा डेवलपमेंट चार्ज में 50 प्रतिशत तक का भारी डिस्काउंट मिलेगा। प्रभाव शुल्क में भी 25 प्रतिशत का छूट मिलेगी। इन हाई राइज बिल्डिंग में 15 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस और 10 प्रतिशत एलआईजी फ्लैट्स होंगे। ये प्रोजेक्ट शहरों की सूरत और अर्थव्यवस्था दोनों बदलेगी। आवास विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्रदेश के पुराने शहरी इलाकों में सैकड़ों प्राइम लोकेशन पर जर्जर भवन पड़े हैं। इनके पुनर्विकास से हजारों नए फ्लैट्स बनेंगे, खासकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए। इससे शहरों की खूबसूरती लौटेगी, अरबों रुपये का नया निवेश आएगा। स्थानीय अर्थव्यवस्था को जबरदस्त बूस्ट मिलेगा। बंद पड़े कारखानों पर भी खुलेगा रास्त। इसके तहत तीन साल से बंद या बीमार घोषित उद्योगों की जमीन पर भी नई इमारतें बनाने की अनुमति मिल सकेगी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राज्यपाल...** भीतर निर्णय लेना होगा। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया, क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मई में संविधान के अनुच्छेद 143(1) के तहत उच्चतम न्यायालय से राय मांगी थी। उन्होंने पूछा था कि क्या न्यायालय यह तय कर सकता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल को विधेयकों पर कब तक निर्णय लेना चाहिए। श्रीमती मुर्मू ने अपने पांच पन्नों के संदर्भ पत्र में 14 प्रश्नों पर उच्चतम न्यायालय से राय मांगी थी। यह सवाल मुख्य रूप से अनुच्छेद 200 और 201 से जुड़े हैं, जिनमें राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों का जिक्र है। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने 10 दिनों तक दलीलें सुनीं और 11 सितम्बर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत राष्ट्रपति संदर्भ का जवाब देते हुए, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की संविधान पीठ ने कहा कि न्यायालय द्वारा तय की गई समयसीमा संविधान में सोची गई ष्लचीलेपनष के खिलाफ होगी। न्यायालय ने पूछा कि क्या राज्यपाल पारित विधेयकों को अनिश्चित काल तक रोक सकते हैं और चेतावनी दी कि इस तरह की कवायद से लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारें राज्यपाल की मर्ज़ी पर आ सकती हैं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायिक समय सीमा का इस आधार पर विरोध किया कि न्यायालय संवैधानिक कार्यालयों के कार्य नहीं कर सकते। उन्होंने मानी गई मंजूरी के विचार को भी खारिज कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, डा. एएम सिंघवी, केके वेणुगोपाल, गोपाल सुब्रमणियम और अरविंद दातार ने देरी से मंजूरी मिलने से होने वाली संवैधानिक रुकावट को रोकने के लिए न्यायिक रूप से लागू करने उचित समय सीमा के पक्ष में तर्क दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और महेश जेठमलानी ने तय समय सीमा के खिलाफ केन्द्र सरकार के रुख का समर्थन किया।

**नीतीश ने...** और डा. प्रमोद कुमार नीतीश कुमार की मंत्रिमंडल में इस बार शामिल हुए हैं, जबकि अन्य पांच पूर्व से मंत्रिमंडल में शामिल रहे। इसी तरह नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के आठ मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिजेन्द्र प्रसाद यादव,श्रवण कुमार, अशोक चौधरी,लेसी सिंह,मदन सहनी, सुनील कुमार और मो. जमा खान शामिल रहे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की पार्टी से दो मंत्री संजय कुमार और संजय कुमार सिंह ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली। वहीं उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) से उनके पुत्र दीपक प्रकाश ने पहली बार मंत्री पद की शपथ ली है, जबकि केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) से उनके पुत्र संतोष कुमार सुमन ने एक बार फिर मंत्री पद की शपथ ली। श्री कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधामनंत्री श्री मोदी के अलावा केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री अर्जन राम मेघवाल, जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चन्द्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल, राजस्थान की उप मुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी, महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित राजग में शामिल जदयू, भाजपा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के नवनिर्वाचित विधायक, अन्य विशिष्ट अतिथिगण, सांसदगण, नवनिर्वाचित विधायकगण, विधान पार्षदगण, गणमान्य व्यक्ति, राजनीतिक कार्यकर्त्ता एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# नेहरू की किताबें व भाषण आदि स्मार्टफोन पर ऑनलाइन उपलब्ध

**नई दिल्ली, वार्ता**

- मेमोरियल फंड ने पंडित नेहरू के लेखन के चुने कार्यों को डिजिटल रूप से तैयार किया

जवाहरलाल नेहरू मेमो. रियल फंड ने एक ऑनलाइन साइट विकसित की है, जिसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू के लेखन कार्यों, भाषणों तथा साक्षात्कारों को स्मार्टफोन पर पढ़ा और सुना जा सकता है।

जवाहरलाल नेहरू मेमो. रियल फंड ने गुरुवार को यहां एक विज्ञप्ति में यह बताया कि उसने पंडित नेहरू के लेखन के चुने हुए कार्यों को डिजिटलरूप में तैयार किया है, जिसे अब ऑनलाइन पढ़ा जा सकता है। मेमोरियल फंड ने पिछले वर्ष पंडित नेहरू की जयंती पर यह काम करने की घोषणा की थी और इसको लेकर वेबसाइट को पूरी तरह तैयार कर लांच कर दिया गया है। मेमोरियल फंड ने कहा है कि पंडित नेहरू के लेखन कार्यों के 100 संस्करणों का डिजिटल संस्करण तैयार किया गया है और उनके कार्यों के चुने हुए इन संस्करणों को अब स्मार्टफोन-अनुकूल नेहरूआर्काइव डॉट इन पर पढा जा सकता है। पंडित नेहरू के समग्र कार्यों को साइट पर जाकर अपने मोबाइल फोन पर आसानी से पढ़ा और देखा जा सकता है। इसे आसानी से खोजने के साथ ही डाउनलोड भी किया जा सकता है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# फिर से दोहराया गया छात्र उज्जवल जैसा कांड

## पुलिस से तंग युवक ने लगाई थी खुद को आग, वायरल वीडियो में पुलिस पर लगे खुले आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अभी लोग मृतक छात्र उज्जवल राणा की मौत को भूल भी नहीं पाए थे कि इसके ठीक दस दिनों बाद ही एक और युवक ने छात्र उज्जवल राणा की तरह ही बुढ़ाना पुलिस की ज्यादतियों से तंग आकर अपने शरीर के ऊपर पैट्रोल छिड़ककर आत्मदाह करने के उद्देश्य से आग लगा ली। अब उक्त युवक नई दिल्ली के एक हस्पताल में गंभीर हालत में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। वहां के वरिष्ठ डॉक्टरों के अनुसार झुलसे युवक के लिए अगले 24 घंटे बहुत ही अहम बताए गये हैं। परिजनों में घटना को लेकर कोहराम मचा है।

बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव हुसैनपुर कलां का निवासी अनस मलिक पुत्र मुरसलीन बुढ़ाना कस्बा चौकी क्षेत्र की सफीपुर पट्टी में लुहसाना रोड पर मोबाइल की दुकान करता है। बीती 19 नवम्बर की सुबह लगभग 09 बजे उसने अपने ऊपर पैट्रोल छिड़ककर आग लगा ली थी। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे सीएचसी बुढाना में भर्ती करवाया तो डाक्टरों ने उसको नई दिल्ली के लिए रैफर कर दिया था। अनस मलिक ने आत्मदाह क्यों किया इसको लेकर बीते कल तक तरह तरह की चर्चाएं चल रही थी लेकिन इस मामले में आज बृहस्पतिवार की सुबह एक नया मोड़ आ गया। जिसने हर किसी व्यक्ति को वाकई सोचने पर मजबूर कर दिया। झुलसे युवक का पूरे एक मिनट का जो एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है वह उसमें छात्र उज्जवल राणा की तरह ही बुढ़ाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाता नजर रहा है। वह वीडियो में बिल्कुल साफ कह रहा है कि मुझे पुलिस परेशान कर रही थी। उसने कुछ भी नहीं किया था। फिर भी पुलिस उसे परेशान कर रही थी और उसे कुछ दिन पहले ही



उठाकर ले गयी थी और पांच लाख रूपये की मांग कर रही थी। मेरे फटे भी बजाए थे और कह रही थी कि अब तेरे पैर में गोली भी मारेंगे। उसने पुलिस को 50 हजार रुपये दिए थे। तभी पुलिस ने उसे छोड़ा था। वे बाकी रुपये भी मांग रहे थे उसकी दुकान पर आकर और कह रहे थे कि तेरी जिंदगी बर्बाद है। उधर चर्चा चल रही है कि बीते वर्ष अनस को चोरी के शक में बुढाना पुलिस द्वारा उठा लिया गया था।

जांच के बाद जब उसके विरुद्ध कोई सबूत पुलिस के हाथ नहीं लगा था तो उसको पुलिस ने क्लीन चिट देकर छोड़ दिया था। आरोप के मुताबिक अब पुलिस ने बीते हफ्ते उक्त बेकसूर युवक को किसी चोरी की घटना में आरोपी बनाने के उद्देश्य से पकड़कर उसके साथ मारपीट की। इस वायरल वीडियो के बाद बुढ़ाना पुलिस में हड़कंप मचा है और अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।

### क्या बोले एसपी देहात आदित्य बंसल

**बुढ़ाना।** अनस मलिक आत्महत्या प्रयास के मामले में एसपी देहात ने दो टूक कहा कि एसएसपी ने उनको इस मामले की जांच सौंपी है। उन्होंने आग में झुलसे युवक द्वारा लगाये गये आरोपों की जांच शुरु कर दी है। जो दोषी होगा उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## कम्पनी बाग का अस्तित्व बचाने को आगे आई पर्यावरण सेवा समिति

**मुजफ्फरनगर।** प्राचीन धरोहर कम्पनी बाग से काटे गए पुराने हरे पेड़ के मामले में पर्यायवरण सेवा समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष विकास दिक्षत, अंकुर देशवाल, आंचल मलिक, नमन सिंह, अमजद बालियान ने डीएम को सौंपे ज्ञापन में कहा कि कम्पनी बाग एक प्राचीन धरोहर है। यहां विकास के नाम पर पुराने पेड काट दिए गए और पक्का निर्माण कराया जा रहा है जिससे कम्पनी बाग की अस्तित्वता खतरे में है। पर्यावरण समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इस मामले में चल रही जांच में वह पेड काटने वालो के खिलाफ अपने बयान दर्ज कराएगे और वह जब तक इस मामले के दोषियों पर कार्यवाही नहीं होगी वह आंदोलन जारी रखेगे।



मुजफ्फरनगर: पत्रकारों को अमृत कथा की जानकारी देते राज्यमंत्री व अन्य पदाधिकारी।

## हादसा टला: रेलवे सिग्नल सिस्टम का केबिल काटा

**मंसूरपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी दबोचा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर रेलवे स्टेशन के पास सिग्नल सिस्टम केबिल काटने का मामला प्रकाश में आया है। समय रहते आरोपी के पकडे जाने से बड़ी अनहोनी होने से बच गई। मंसूरपुर पुलिस ने इस मामले मे मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मंसूरपुर रेलवे स्टेशन से जुडे प्रवीण कुमार पाल ने केबिल काटने के मामले में मंसूरपुर थाने में मुक. दमा दर्ज कराया। जिसमें कहा गया कि विगत उन्नीस नवंबर को न्यू मंसूरपुर रेलवे स्टेशन के रिले हट ए में लगा लाइट अरेस्टर अर्थिंग केबिल चोरी कर लिया गया जिससे सिग्नल उपकरण खराब होने की संभावना बढ़ गई और बिजली गिरने व शोर्ट सर्किट की स्थिति में भी पूरा सिंग्नल सिस्टम फैल हो सकता था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू की। मंसूरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्रा ने बताया कि केबिल काटने के मामले में एक आरोपी को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है जिससे गहना से पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूछताछ में उसके अन्य सहयोगियों के नाम भी सामने आए है।



मुजफ्फरनगर: पटेलनगर में लगाए गए वोटर मेले में लोगों को जागरूक करने पहुंची चेयरपर्सन।

## अमृतकथा कल से, तैयारियां पूरी

**कलश यात्रा मीका विहार से पहुंचेगी रामलीला भवन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी रामलीला भवन में 22 नवंबर से 30 नवंबर तक होने वाली राम अमृत कथा की सभी तैयारियां कंसल परिवार ने पूरी कर ली हैं। कथा व्यास परम पूज्य संत प्रवर विजय कौशल जी महाराज के मार्गदर्शन में 22 नवंबर को कलश यात्रा प्रात: 10 बजे मीका विहार स्थित कंसल भवन से प्रारंभ होकर नई मंडी रामलीला भवन पहुंचेगी।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए राज्य मंत्री कपिल देव ने बताया कि नई मंडी रामलीला भवन में कंसल परिवार द्वारा कराई जाने वाली राम राम अमृत कथा 22 नवंबर से 30 नवंबर तक होगी 22 से 29 नवंबर तक दोपहर 3 बजे से 6 तक कथा व्यास संत प्रवर विजय कौशल महाराज के मुख से राम कथा के रसास्वादन का आनंद हजारों श्रद्धालुओं द्वारा उठाया जाएगा कथा के प्रथम दिन 22 नवंबर को प्रात: 10 बजे 108 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। राम जन्म कथा 23 नवंबर को महाराष्ट्र के द्वारा सुनाई जाएगी 24 नवंबर को राम विवाह का प्रसंग सुनाया जाएगा तत्पश्चात रहे 6 बजे से भंडारा होगा इस प्रकार 30 नवंबर को प्रात: 9 से दोपहर 12 तक कथा सुनाई जाएगी तथा दोपहर 12 बजे से भंडारा होगा उन्होंने बताया कि सभी तैयारियां भीमसेन कंसल और उनके परिवार द्वारा पूरी कर ली गई है।

राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि संत परिवार विजय कौशल जी महाराज का मुजफ्फरनगर से अटूट संबंध बना हुआ है संत पर्वत विजय कौशल महाराज आरएसएस के प्रचारक के रूप में मुजफ्फरनगर को अपने कर्मभूमि बना चुके हैं उस दौरान उन्होंने हिंदुत्व की अलग पूरे जनपद में जगाई और राम जन्मभूमि आंदोलन को नई दिशा और नई शक्ति प्रदान की थी सामाजिक समरसता के लिए संत प्रवर विजय कौशल महाराज अपनी विशिष्ट शैली में राम कथा की अमृत वर्षा करते हैं। कंसल परिवार से जुड़े भीम कंसल ने बताया कि राम कथा के लिए विशाल मंडप सजाया गया है।

पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, उद्यमी राकेश बिंदल, व्यापारी नेता संजय मित्तल , सभासद देवेश कौशिक, राजकुमार गुप्ता, मनोज वर्मा, शहर के प्रतिष्ठित उद्योग में व्यापारी और भगवान राम के अनुयाई विशेष रूप से मौजूद रहे।

## एसआईआर में लापरवाही कर सकती है मताधिकार से वंचित:मीनाक्षी

### मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत पटेलनगर रामलीला मैदान में लगा वोटर मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मतदाता पुनरीक्षण व एसआईआर अभियान के तहत गणना प्रपत्र भरवाने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के नेतृत्व में बड़ा अभियान शुरू किया गया है।

गुरुवार को वोटर मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार को मज़बूती देने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एसआईआर गणना प्रपत्र भरकर जमा कराये। भाजपा नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पटेल नगर रामलीला मैदान में वोटर मेले का आयोजन किया गया। यह विशेष प्रक्रिया मतदाता सूचियों को अधिक सटीक और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। इस दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित एसआईआर गणना प्रपत्र भरवाने की व्यवस्था की गई। क्षेत्र के बीएलओ के साथ-साथ प्रशिक्षित कर्मियों, सामा. जिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों की टीम ने मिलकर लोगों को पूरी प्रक्रिया समझाई और आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर गणना प्रपत्र भरने में सहयोग किया।

युवा भाजपा नेता विकल्प जैन ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि जिन लोगों का नाम अभी तक मतदाता सूची में शामिल नहीं है, या जिनके पते, विवरण या अन्य जानकारी में किसी प्रकार की त्रुटि है, उन्हें सही किया जा सके। अधिकारी ने बताया कि समाज की सक्रिय भागीदारी के बिना मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना संभव नहीं है, इसलिए इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता आवश्यक है। वोटर मेले में आए लोगों को यह भी बताया गया कि एसआईआर अभियान के तहत गणना प्रपत्र भरना क्यों जरूरी है। यह प्रपत्र न सिर्फ नए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करता है बल्कि पुराने वोटरों के विवरण को भी अपडेट करता है, जिससे मतदान के समय कोई परेशानी न हो।

पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने एसआईआर अभियान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका मतदाताओं की होती है। यही कारण है कि भारत निर्वाचन आयोग समय-समय पर मतदाता सूची को अद्यतन और शुद्ध करने के लिए अभियान चलाता है, लेकिन इस बार यह अभियान कई मायनों में विशेष है और इसमें अपनी सही जानकारी देकर गणना प्रपत्र भरना प्रत्येक मतदाता के लिए अति आवश्यक है। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची का अद्यतन होना लोकतंत्र की शुचिता के लिए अत्यंत आवश्यक है। यदि आपका नाम सूची में सही रूप से दर्ज नहीं है, तो आप अपने सबसे बड़े अधिकार-मता. धिकार का उपयोग नहीं कर पाएंगे। इसलिए मैं सभी नागरिकों से अपील करती हूँ कि वो अपना गणना प्रपत्र भरें और स्वयं भी जागरूक बनें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। लोकतंत्र तभी मजबूत होता है जब हर नागरिक न सिर्फ अपने मत का प्रयोग करे बल्कि उसके लिए पूरी तैयारी भी करे। उन्होंने यह भी कहा कि समाज के हर वर्ग को आगे आकर इस अभियान में सहयोग करना चाहिए ताकि मुजफ्फरनगर जिले की मतदाता सूची को पूर्णत: त्रुटिरहित और अद्यतन बनाया जा सके। लोकतंत्र की मज़बूती हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नई मंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा, पूर्व सभासद विकल्प जैन, पूर्व सभासद विपुल भटनागर, पवन छाबड़ा, राजेश पाराशर, हर्षवर्धन बंसल, डॉ. अशोक कुमार, हरीश गुप्ता, आदेश गौतम, यशपाल चौधरी, नवीन सैनी, शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसियों ने मनाया इंदिरा गांधी का जन्मदिन

### पुष्पाजंलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी का जन्मदिन सादगी के साथ मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित की। भगत सिंह रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं किसान चिंतक कमल मित्तल ने कहा कि आज का दौर विपक्ष की राजनीति के लिए एक कठिन समय है। इस कठिन समय में हमें संगठित होकर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना है और देश प्रदेश और जनपद में विपक्ष की आवाज दमदारी के साथ बनना है। उन्होने कहा कि जनहित के मुद्दों के लिए संघर्ष करना हम सब की जिम्मेदारी बनती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल कटारिया ने कहा कि हमें इंदिरा गांधी की तरह कठिनाइयों के दौर को अपनी मेहनत से सफलता की ओर मोड़ना है। इस दौरान कांग्रेस नेता मनोज चौधरी, विनोद धीमान, सलमान सईद, अफसाना, गीता काकरान, हर्षवर्धन त्यागी, रिजवान आदि उपस्थित रहे।



## पांच साल बाद पाकिस्तान बॉर्डर पर मिला मनोरोगी

**तेरह वर्ष पूर्व भी बिना बताए घर से हो गया था लापता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** चौरावाला गांव निवासी 42 वर्षीय मनोरोगी युवक अनिल कुमार पांच वर्ष बाद अपने घर लौटा है। युवक पाकिस्तान बॉर्डर से मिला है। युवक के घर लौटने पर परिजनों ने राहत की सांस ली है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी बाबू ने बताया कि उसका तहेरा भाई अनिल मानसिक रूप से अर्ध विक्षिप्त है। करीब पांच वर्ष पूर्व वह घर से बिना बताए कहीं चला गया था। काफ़ी तलाशने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला था। सोमवार को पाकिस्तान बॉर्डर के पास स्थित गुजरात के जिला वाव-थराद के थाना वाव पुलिस ने ककरौली पुलिस को अनिल के वहां होने की सूचना दी।

ककरौली पुलिस ने अनिल के परिजनों को सूचित किया तो परिजन उसे वहां लेने पहुंचे। परि. जनों ने बताया कि गुजरात के थाना वाव पुलिस को पहले उसने स्वयं को पाकिस्तान का निवासी होना बताया था। 13 वर्ष पहले भी वह बिना बताए घर से कहीं चला गया था तथा कई साल बाद वापस लौटा था।

## चेयरपर्सन को पार्किंग में खड़े मिले चार वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने गुरूवार को सफाई व्यवस्था सुधारने को कई क्षेत्रों का अचानक दौरा कर सफाई, घर-घर कूड़ा संग्रहण, कूड़े के पृथककरण अभियान और स्कूलों की स्थिति का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं मौके पर खड़े होकर सफाई कार्य की निगरानी की और लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों को फटकार भी लगाई। नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की वास्तविक स्थिति समझने के लिए मीनाक्षी स्वरूप ने कई इलाकों का दौरा किया। उन्होंने कूड़े के स्रोत से ही पृथककरण अभियान की प्रगति की समीक्षा की और सफाई कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सबसे पहले पालिकाध्यक्ष रजवाहा रोड पर स्थित मंडी श्मशान घाट गेट के सामने बने कूड़ा डलावघर पहुंचीं। यहां उन्होंने देखा कि डलावघर का भू-तल कच्चा है, जो बरसात के दौरान समस्या बढ़ा सकता है। उन्होंने तत्काल ही कूड़ा निस्तारण का कार्य देख रही कंपनी जेएस एनवायरो की टीम को बुलाकर पक्का फाउंडेशन प्लेटफार्म निर्माण के आदेश दिए। इसके बाद उन्होंने मौके पर खड़े रहकर सफाई कर्मियों से डलावघर के आसपास सड़क तक सफाई कराई और रजवाहा रोड की साइड पटरी को भी नियमित रूप से साफ रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन और कूड़े के पृथककरण के लिए चल रहे जागरूकता अभियान में लगे कर्मचारियों से वीडियो कॉल पर बात कर उनकी लोकेशन और कार्य की रफ्तार की जांच की। भोपा रोड स्थित जेएस एनवायरो कंपनी की दोनों पार्किंग में पहुंचकर उन्होंने गारबेज टिपर वाहनों की स्थिति का निरीक्षण किया। यहां चार वाहन खराब अवस्था में खड़े मिले। पालिकाध्यक्ष ने इस पर नाराज़गी जताते हुए कंपनी के प्रोजेक्ट हेड नितेश चौधरी को मौके पर ही सभी वाहनों को तत्काल ठीक कराकर वार्डों में भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ वातावरण देना नगरपालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इसके बाद पालिकाध्यक्ष नई मंडी थाना क्षेत्र में स्थित बेसिक शिक्षा परिषद् की प्राइमरी पाठशाला पहुंचीं। पूर्व निरीक्षण में दिए गए सफाई निर्देशों की प्रगति की उन्होंने समीक्षा की। स्कूल परिसर में आवश्यक निर्माण और मरम्मत की जरूरत देखते हुए उन्होंने बीएसए से फोन पर बातचीत कर तुरंत आवश्यक कार्य शुरू कराने को कहा।

## शिविर में रोगियों की जांच कर दिए गए स्वास्थ्य टिप्स

### बागोवाली में डीएनए हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** डीएनए हॉस्पिटल व डिवाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने मरीजों के इलाज के साथ-साथ उन्हे स्वास्थ के टिप्स दिए।

ग्राम बागोवाली में डॉक्टर जावेद आलम के शिफा हेल्थ क्लीनिक पर आयोजित शिविर में प्रसिद्ध सौंदर्य विशेषज्ञ डॉक्टर जोया राणा ने मरीजों की समस्याओं को सुनकर उन्हे उपचार दिया। डॉक्टर जोया राणा ने बताया कि हमारे यहां मरीजों के लिए विशेष संस्था द्वारा कम से कम दरों के साथ-साथ किस्तो पर इलाज कराने की भी सुविधा है। शिविर में साथ ही यहां दिल-दिमाग और शुगर



रोगियों की भी जांच की गई। ब्लड प्रेशर, थाईराइड, एलर्जी, सांस की बीमारी, बुखार डेंगू टाइफाइड और मलेरिया से जुडे रोगियों को भी उपचार के टिप्स दिए गए। अनुभवी दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वर्षा झा ने दांतों की सभी प्रकार के दंत रोगियों की जांच की। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर समरीन अंसारी ने महिलाओं स्वास्थ्य की जांच करते



हुए यहां पहुंची महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी देखभाल व उनकी बीमारियों पर चर्चा करते हुए जांच की। शिविर में 300 से अधिक अलग-अलग रोगियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। ग्राम बागोवाली व आसपास के क्षेत्रों से भी मरीज पहुंचे थे जिन्हे डॉक्टरो ने उनकी बीमारी के लक्षण अनुसार जांच करते हुए स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी।

## एसआईआर: युवा एकता मोर्चा ने लोगों को किया जागरूक

**टीम गणना प्रपत्र भरवाने में बीएलओ को कर रही सहयोग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** युवा एकता संघर्ष मोर्चा की टीम लगातार समाजहित में लगी है।एसआईआर के फॉर्म भरवाने तथा निकलवाने में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरमान अब्बासी टीम के साथ जगह जगह कैम्प लगाकर लोगो का सहयोग कर रहे है।

बृहस्पतिवार को मदीना चौक के निकट एशिया पब्लिक स्कूल मतदान केंद्र में क्षेत्रीय बीएलओ अर्शी खान, मोनू कुमार व जोगेंद्र के साथ बैठकर लोगो के साथ आ रही अनेक समस्याओं का निस्तारण कराया तथा बीएलओ के कार्य मे भी सहयोग कराया।



फरमान अब्बासी ने कहा कि बीएलओ अर्शी खान व मोनू कुमार का व्यवहार लोगो के साथ नरम है और लोगो के फॉर्म में आ रही समस्या का बड़ी विनम्रता तथा समझदारी से निस्तारण कर रहे है। अपने कार्य मे कड़ी मेहनत से लगे हुए हैं।

# सफेदा मार्ग स्थित सेंट थॉमस स्कूल में सेंधमारी, पांच लाख के वायरिंग तार चोरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सफेदा मार्ग पर स्थित इंग्लिश मीडियम सेंट थॉमस स्कूल में बुधवार देर रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए स्टोररूम से करीब पाँच लाख रुपये कीमत के बिजली वायरिंग के तार चोरी कर लिए। घटना का खुलासा गुरुवार सुबह उस समय हुआ, जब स्कूल में कार्य कर रही ठेकेदार टीम का मुंशी स्टोर खोलने पहुंचा।

जानकारी के अनुसार, चोर स्कूल के गेट नंबर-2 की दीवार फांदकर स्कूल परिसर में दाखिल हुए। इसके बाद उन्होंने स्टोररूम के ताले तोड़कर अंदर रखे वायरिंग के भारी बंडल चोरी कर लिए। सुबह जब ठेकेदार टीम के मुंशी बेबी चंद पुत्र जोसब स्टोररूम पहुंचे तो टूटे पड़े ताले और बिखरा सामान देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत स्कूल प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और पुलिस टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए। मुंशी बेबी चंद ने पुलिस को बताया कि स्टोर में वायरिंग का बड़ा स्टॉक मौजूद था, जिसकी कीमत लगभग पाँच लाख रुपये बताई गई है।घटना के बाद स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है। स्कूल प्रशासन और ठेकेदार ने पुलिस से चोरों की जल्द गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस टीमों द्वारा चोरों की तलाश के लिए इलाके में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## खतौली में शराब दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

**खतौली।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान का असर खतौली क्षेत्र में स्पष्ट दिखाई देने लगा है। उपायुक्त आबकारी सुधीर कुमार द्वारा बुधवार सुबह की गई समीक्षा बैठक के बाद शाम होते-होते कस्बे में अचानक विशेष चेकिंग अभियान शुरू कर दिया गया।

आबकारी निरीक्षक विंद्रेश कुमार के नेतृत्व में तहसीलदार अरविंद कुमार तथा प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल की संयुक्त टीम ने कस्बे में स्थित देसी और अंग्रेजी शराब की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। टीम ने कुल छह शराब दुकानों की गहन जांच करते हुए स्टॉक, बिलिंग, लाइसेंस सहित सभी मानकों को परखा। निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं पर विशेष निगरानी रखी गई और दुकानदारों को नियमों का कड़ाई से पालन करने की सख्त चेतावनी दी गई। इसके बाद गुरुवार को कोतवाली परिसर में आबकारी निरीक्षक विंद्रेश कुमार ने चौकीदारों से संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत सूचना देने और क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर कड़ी नजर रखने को कहा।आबकारी निरीक्षक विंद्रेश कुमार ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई आने वाले दिनों में और तेज की जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को सख्ती से रोका जा सके।

# नायब तहसीलदार ने मॉडल शॉप का निरीक्षण किया

**बुढ़ाना।** नायब तहसीलदार अमन सिंह ने बीते बुधवार की रात देशी शराब, कंपोजिट व मॉडल शॉप का औचक निरीक्षण किया। शाप पर संबंधित अभिलेख, यथा अनुज्ञापन व स्टॉक रजिस्टर आदि अन्य आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता की जांच की गई। शाप पर उपलब्ध मदिरा स्टॉक का मिलान स्टॉक रजिस्टर से हुआ। शाप पर संचित स्टॉक को रैण्डम आधार पर आबकारी विभाग के स्कैनर से स्केन करने पर चौक किया गया। सब पेटियों पर लगे बार कोड, पौव्वे, अध्धे, बोतल व कैन पर लगे क्यूआर कोड सही पाये गये। शाप पर गत वर्ष की कोई मदिरा नही मिली। न ही शाप पर कोई भी पौव्वा, अध्धा, बोतल व कैन खुली मिली। समस्त मदिरा वित्तीय वर्ष 2025- 26 की ही मिली। दुकानों पर ओवर रेटिंग की सम्भावना के दृष्टिगत ग्राहकों से टेस्ट परचेज करायी गयी। टेस्ट परचेजिंग के दौरान मदिरा की बिक्री निर्धारित मूल्य पर होनी मिली। शाप पर रेट लिस्ट व यूपी एक्साइज सिटीजन ऐप को डाउनलोड किये जाने सम्बन्धी क्यूआर कोड की सार्वजनिक सूचना चस्पा मिली। शाप परिसर की व्यवस्था दुकान के अंदर व बाहर साफ मिली व शाप पर स्थापित सीसीटीवी कैमरे चले पाये गये। शाप पर मौजूद विक्रेताओं को चेतावनी व निर्देश दिए गए कि शाप आबकारी नियमों के अनुरुप ही संचालित हों व ग्राहकों से किसी प्रकार की अभद्रता न हो। आम लोगों से भी अपील की कि किसी भी तरह की अवैध बिक्री, ओवररेटिंग या अनियमितता की सूचना तुरंत आबकारी विभाग के टोल फी नम्बर व क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षकों या फिर उन्हें दें।

## बहन ने सगे भाई पर लगाया जमीन कब्जाने का आरोप

**मोरना।** बहन ने सगेभाई पर अवैध रूप से जमीन कब्जाने व गाली गलौज कर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी व हाल निवासी नासिक महाराष्ट्र निवासी संजय भारती ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी 20 बीघा कृषि भूमि कस्बा भोकरहेड़ी में है जिसे उसने सगेभाई को ठेके पर दे रखी थी कुछ समय तक भाई ठेके के पैसे देता रहा लेकिन पिता की मृत्यु के बाद भाई ने जमीन के ठेके के पैसे देने बंद कर दिए तथा जबरदस्ती अपना कब्जा कर लिया जब वह जमीन छोड़ने के लिए कहती है तो आरोपी गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो जाता है गुरुवार को संजय भारती खेत पर गई थी तभी आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज की पीड़िता बहन ने भाई के खिलाफ तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम धूमधाम से हुआ संपन्न

**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव की अध्यक्षता में बुढ़ाना ब्लॉक भवन में नॉलेज शेयरिंग प्रोग्राम संपन्न कराया गया। जिसमें प्रत्येक विद्यालय से एक अध्यापक ने प्रतिभाग किया और ज़िले स्तर पर चयनित नवाचारों को सभी अध्यापकों के साथ शेयर किया गया। इस प्रोग्राम का संचालन प्रीति चौहान सहायक अध्यापिका व पूर्व एआरपी द्वारा किया गया। इनके नवाचार को भी ज़िले स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था। इस प्रोग्राम में एआरपी नरेश सैनी व क्षमा जांगिड ने भी शिरकत की। पूर्व एआरपी मनोज कुमार और अमीर अहमद ने भी अपने अनुभव साझा किए। अंत में जिले स्तर पर नवाचार में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर और प्रोग्राम का संचालन अच्छे से करने पर प्रीति चौहान को सम्मानित भी किया गया। इस कार्यक्रम में सलीम, बबलू, अनुज गौतम, विनीता, नीरज, उर्मिला और डॉक्टर अनिल कुमार आदि अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। यहां बीआरसी स्टाफ ने कार्यक्रम की व्यवस्था में पूरा सहयोग किया।

## ब्लाक स्तरीय बालिका कबड्डी में छछरौली ने जीती ट्राफी

**मोरना।** गांव छछरौली के खेल मैदान पर मेरा युवा भारत के द्वारा ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके फाइनल मैच में छछरौली की टीम ने शुकतीर्थ की टीम को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ यूथ लीडर लवी राठी ने खेल मैदान पर फीता काटकर किया। जिसके बाद क्षेत्र के बहुपुरा, मजलिसपुर तौफीर, छछरौली, मोरना आदि गांवों की टीमों ने लीग मैचों में बेहतर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच का कड़ा मुकाबला छछरौली व शुकतीर्थ की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें छछरौली की टीम टीम ने 15-10 के अंकों के अंतर से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। समापन पर मुख्य अतिथि कवियत्री प्रीति अग्रवाल ने कहा कि लड़कियां खेलों में देश-विदेश में परचम लहरा रही है इसलिए हमें अपनी बेटियों का उत्साह बढ़ाना चाहिए। हमें लड़का लड़की में भेदभाव नही रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि बबीता पाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रतिभाओं की कमी नही है उनको तराशने के लिए गांव गांव में खेल प्रतियोगिताएं होनी चाहिए। समापन पर कवियत्री प्रीति अग्रवाल व समाजसेविका बबीता पाल ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। रेफरी के रूप में देवेंद्र कुमार व दिनेश मलिक ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक प्रीति पाल, पूर्व प्रधान वीरेंद्र राठी, शबनम, खुशी, प्रियांगी वर्मा, वंशिका राठौर मौजूद रहे।

## जंगली चोरों का आतंक जारी, खेत से गन्ने चोरी कर फैलाई दहशत

**मोरना।** जंगली चोरों का आतंक लगातार कायम है। चोरो ने खेत मे गन्ने को चोरी कर सनसनी फैला दी है। लगातार बढ़ती चोरी घटनाओं से किसानों में रोष व्याप्त हो गया है।पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी किसान हरेंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि उसने मोरना चीनी मिल मे गन्ना पहुँचाने के लिए फ़सल छिलाई के बाद गन्ने का ढ़ेर खेत मे लगाया हुआ था।बुधवार की देर रात अज्ञात चोर ने खेत से करीब 25 कुंतल गन्ने चोरी कर लिए जिससे उसे हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।गन्ने चोरी गन्ना चोरी की घटना से दहशत फैल गयी।नलकूपों पर चोरी के बाद अब जंगली चोरो द्वारा गन्ने की फ़सल चुराने के मामले प्रकाश मे आये हैं। जंगल मे बढ़ती चोरी घटनाओं से किसानों में रोष पनप रहा है। वहीं पीड़ित किसान हरेन्द्र ने अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

# दबंगों ने फिल्मी स्टाइल में युवक पर चढ़ाई बाइक

**बुढ़ाना।** दबंगों ने एक युवक के उपर पहले तो फिल्मी स्टाइल में बाइक चढ़ाई। फिर उसके बाद पंच मारकर मारपीट कर अधमरा कर दिया। युवक का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने दोनों दबंगों को बार बार बाइक का कानफोड़ू हार्न बजाने से मना किया था। युवक को गंभीर हालत मे हायर सैंटर रैफर किया गया है।

उधर पुलिस ने अब तक भी आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सफीपुर पटी तहसील पीछे का निवासी 21 साल का असद पुत्र साबिर अलवी बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित एक स्कूल के पास किसी के यहां पर मजदूरी कर रहा है। वहां पास में ही प्रमोद कुमार की भी फनह्र्चर की दुकान है। बीते बुधवार की देर रात 8 बजे जब असद काम कर रहा था तो वहां पर बाइक लेकर शादाब सैफी निवासी गढ़ी सखावतपुर आया। जिसके साथ बाइक पर एक और युवक था।

तब वह बार बार हार्न बजाने लगा तो असद ने उसको बार बार हार्न बजाने से मना किया तो दोनों युवकों ने उसके उपर बाइक चढा दी और पंच मारकर बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया और फरार हो गये। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और असद को सीएचसी में भतह्र कराया। घटना की सूचना पर भाकियू तहसील उपाध्यक्ष मौहम्मद शहजाद भी मौके पर पहुंचे। आरोपी युवक पिछले हफ्ते भी घायल युवक के उस्ताद प्रमोद संग मारपीट कर चुके हैं। दोनों आरोपी आवारा हैं जो आए दिन झगड़ा करते रहते हैं।

# नारी शक्ति का सम्मान कर दिया ईश्वरीय संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ मे स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेंटर पर गुरुवार को नारी सम्मान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां महिलाओ को राजयोग मेडिटेशन, ईश्वरीय संदेश व 18 ज्योतिर्लिंग के बारे मे विस्तार से बताया गया।

सेंटर की संचालिका बीके प्रवेश दीदी ने बताया की महिलाओ के बिना सृष्टि की कल्पना सम्भव नहीं है। मां के रूप मे महिला शक्ति व सम्मान का प्रतीक है।आज मानसिक तनाव के कारण हिंसा बढ़ रही है,आर्थिक सम्पन्नता के बावजूद व्यक्ति आत्महत्या कर रहे हैं। मानसिक तनाव के कारण मनुष्य परम् आनन्द व परम् सुख से दूर जा रहा



है। आज महिलाओ की बड़ी जिम्मेदारी है की वह परिवारों को तनाव मुक्त करें जिससे चारो ओर शान्ति बनी रहे। राजयोग मैडिटेशन के द्वारा हम परम्पिता का ध्यान करें। जिससे हमें आंतरिक ऊर्जा प्राप्त होगी। नकारात्मक विचारों से अवसाद दूर रहेंगे। राजयोग मेडिटेशन जीवन को आनंदित बनाने की एक कला और विधि है। कार्यक्रम मे अथिति महिलाओ को ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। तथा ईश्वरीय सौगात भेंट की गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से दुर्गेश कंबोज, स्वाति कंबोज, विभोर, सुशील, रूबी, सुशीला, सरोज, पूजा,लक्ष्मी, मंजू, बेबी, रागी, तनु,मीनाक्षी, स्वाति,उमा, बीके जगपाल भाई बीके श्रवण भाई,बीके प्रियांशी दीदी आदि मौजूद रहे।

# राहुल चिराग पहलवान ने सहारनपुर में जीता गोल्ड मैडल

**मुजफ्फरनगर।** आबकारी निवासी देवीदास पहलवान के होनहार बेटे राहुल चिराग पहलवान ने सहारनपुर वेट लिफ्टिंग कुश्ती में गोल्ड मेडल जीतकर मुजफ्फरनगर व वाल्मीकि समाज का किया नाम रोशन।

हर्ष सूचना मिलते ही नगर के लोकप्रिय विधायक मंत्री कपिल देव अग्रवाल बाल्मीकि समाज के बीच पहुंचे और शुभकामनाएं दी वही हनुमत मंडल अध्यक्ष दीपक मित्तल व जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजय सागर ने होनहार राहुल चिराग पहलवान का उत्साहवर्धन कर उपस्थित सैकड़ो वाल्मीकि समाज के लोगों को इस विराट उपलब्धि पर बधाइयां दी। इस खुशी के अवसर पर पूर्व जिला अनुसूचित मोर्चा महामंत्री मनुप्रिय मजदूर, वर्तमान जिला महामंत्री अनुसूचित



मोर्चा अमित सुधा, मंडल उपाध्यक्ष विवेक चौहान, शक्ति केंद्र संयोजक दीपक सैनी, मंडल महामंत्री राधे वर्मा दीपांकर शर्मा, नीरज वाल्मीकि, सन्नी, पवन, संदीप, विक्की संजय भारती एडवोकेट, छोटा पहलवान, निशांत कुमार, नरेंद्र ऊंटवाल, कुणाल भगत सहित वाल्मीकि समाज के सैकड़ो लोगों ने ढोल - नगाड़ों व पुष्पवर्षा कर राहुल चिराग का स्वागत किया गया

# काली नदी के पास हो रही अवैध प्लाटिंग को लेकर विकास प्राधिकरण विभाग ने लगाया बोर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** ग्राम खांजापुर क्षेत्र के काली नदी के पास हो रही अवैध प्लाटिंग की लेकर विकास प्राधिकरण विभाग के अधिकारियों के बिना स्वीकृति के अवैध प्लाटिंग और निर्माण की शिकायतें मिली थीं। जिसपर विकास प्राधिकरण ने अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए संबंधित स्थान पर ध्वस्तीकरण का बोर्ड लगाया। यह बोर्ड अवैध निर्माण की सूचना देता है और यह भी बताता है कि भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सीलिंग, ध्वस्तीकरण और कानूनी कार्रवाई शामिल है। यह कार्रवाई सुनिश्चित करती है कि प्राधिकरण द्वारा बिना अनुमति के कोई भी निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्हीने बोर्ड पर लिखा है। कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह कालोनी मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण सेतलपट मानचित्र स्वीख़्रत कराये बिना अवैध रूप से विकसित की गई है। अवैध प्लाटिंग कर्ता के विरूध प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश प्रदेश नगर नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 द्ध्रयथा संशोधितत्रह्न की सुसंगत धाराओ के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही कर दी गई है। जनता से अनुरोध है। की उक्त स्थल पर किसी भी भूखण्ड / भवन को क्रय विक्रय करने से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में प्राधिकरण कार्यालय से उक्त स्थल के तलपट मानचित्र स्वीख़्रति आदि की जानकारी प्राप्त करने के उपरान्त ही भूखण्ड / भवन क्रय विक्रय कर ताकि अवैध प्लाटिंग कर्ता द्वारा आप सभी को गुमराह ना किया जा सके।




## जौला में एआईएमआईएम कार्यकर्ता भरवा रहे सही फार्म

**बुढ़ाना।** गांव जौला में युवा आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष मौलाना माजिद ने सैंकड़ों एसआईआर फॉर्मों को जगह जगह लगे बूथों पर पहुंचकर सही तरीके से भरने का काम किया और लोगों को जागरूक किया और कहा कि आप तमाम लोग अपने फॉर्मों को सही तरीके से साफ साफ भरें और तमाम लोग भी इस पर गौर दें। इस अभियान में युवा जिला अध्यक्ष मौलाना माजिद ने जगह जगह अपने साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं को लेकर अभियान चलाया और लोगों के फॉर्म सही तरीके से साफ साफ भरे और लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बीएलओ के साथ में मिलकर फॉर्म भरने का जो प्रोग्राम चलाया है उसकी सराहना हो रही है। उन्होंने तमाम लोगों से बीएलओ का सहयोग करने और और जो लोग फार्म भरने से वंचित रह रहे हैं उन लोगों का फॉर्म भी भरने की अपील की।

**सूचना**

**सम्मानित सदस्य**

आपको सूचित किया जा रहा है कि **शहीद भगत सिंह इण्टर कालिज बुडीना कलॉ की प्रबंध समिति एवं शिक्षा सभा बुडीना कलॉ** का चुनाव आगामी पांच वर्षो के लिए होना है।

**चुनाव कार्यक्रम** शहीद भगत सिंह इण्टर कॉलेज बुडीना कलॉ के प्रागंण में ही सारी प्रक्रिया सम्पन्न होगी। कृपया आप कार्यक्रम के अनुसार अवश्य ही विद्यालय में आकर चुनाव में भाग लेने की कृपा करें।

**कार्यक्रम**

1. **नामांकन पत्र भरना** दिनांक 23.11.2025 प्रात 10 बजे से 3 बजे तक।
2. **नामांकन पत्रों की जाँच** 23.11.2025-3 बजे के बाद।
3. **नाम वापसी का दिनांक** 24.11.2025 को 11 बजे से 1 बजे तक।
4. **चुनाव चिह्न का आवंटन** 24.11.2025 को 2 बजे से 3 बजे तक।
5. **मतदान** का दिनांक 30.11.2025 प्रात 8 बजे से 4 बजे तक।

**मतगणना** मतदान के तुरन्त बाद।

**भवदीय**
**डा. रवीन्द्र कुमार चुनाव अधिकारी/प्रधानाचार्य जय भारत इन्टर कालिज, (मुजफ्फरनगर)**
**(रविन्द्र कुमार)**
**प्रबंधक**

**खोया पाया**

मैं सालिम पुत्र शहजाद/शकीला निवासी गांव हबीबपुर सीकरी, तहसील-ब्लाक बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश का निवासी हूं। मेरी बीएसएस इण्टर कालेज लुहसाना मुजफ्फरनगर की हाईस्कूल की माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की सन 2025 की मार्कशीट जिसका अनुक्रमांक नंबर 1250449257 है वास्तव में कहीं पर खो गयी हैं।

# कम्पनी बाग में हरे पेड़ काटने वालों पर नहीं हुई कार्यवाही, क्रांति सेना का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्रांति सेना महिला मोर्चा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नगर पालिका अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

क्रांति सेना महिला मोर्चा ने नगर पालिका अधिकारियों पर लगे एकमात्र पार्क कम्पनी बाग (कमला नेहरू वाटिका) से हरे भरे पेडों के काटने का आरोप,

क्रांति सेना महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी ने संगठन के अन्य पदाधिकारी के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देते हुए बतायाकी 12 अक्टूबर को कम्पनी बाग से कम्पनी ठेकेदार और कर्मचारियों द्वारा एक दर्जन से अधिक हरे भरे फलदार पेंडों को अवैध रूप से काट दिया गया और इतने ही फलदार पेडों को जड़ से उखाड कर गायब कर



दिया गया। पालिका के सात वेतन भोगी कर्मचारियों के होने के बावजूद पेडों का काटा जाना साजिश की ओर इशारा करता है। इस मामले में पालिका के वाटिका अधिकारी / नगर स्वास्थ्य अधिकारी की चुप्पी भी यह साबित करने के लिए काफी है कि करोड़ों रूपये के इन हरे भरे फलदार वृक्षों को काटने के पीछे पालिका अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी की भूमिका भी हो सकती है।मुजफ्फरनगर जनपद देश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से एक है और लोगों के घूमने का एकमात्र यह ब्रिटिश कालीन कम्पनी बाग जहाँ लोग सुबह शाम धूम कर ताजी हवा का आनंद लेते हैं। लेकिन पालिका के भ्रष्ट आचरण / रवैये के कारण आज इस कंपनी बाग का अस्तित्व खतरे में पडता जा रहा है।

इससे पूर्व भी इस बाग से पालिका अधिकारी और कर्मचारियों की मिलीभगत से पेड़ काटकर रातों-रात गायब कर दिए जाते रहे है।

इसके अतिरिक्त पालिका में भ्रष्टाचार का आलम यह है पालिका द्वारा सफाई के लिए निर्धारित कंपनियां भी सफाई के लिए 10/12 हजार रूपये वेतन पर रखे कर्मचारियों का जमकर शोषण कर रहीं है, दिल्ली की कम्पनी मैसर्स आल्टर्स सिक्योटोर्स द्वारा अपने 369 कर्मचारियों और लखनऊ की मैसर्स कमल एण्ड संस नाम की कम्पनी अपने 50 कर्मचारियों को पिछले एक वर्ष से पीएफ देने में आनाकानी कर रही है जबकि नगर पालिका की ओर से कर्मचारियों को दिए जाने वाला पीएफ की रकम हडपने की फिराक में है और कम्पनी द्वारा कर्मचारियों के इस उत्पीडन पर पालि. का अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी मौन धारण किए हुए है। क्रांतिसेना इस संदर्भ में आपसे मांग करती है कि कंपनी बाग से करोडों रूपये के हरे-भरे फलदार पेड़ काटने वाले कम्पनी ठेकेदार और पालिका के कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए और इस गोरख धंधे में शामिल अधिकारियों की भूमिका की भी जाँच कर उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायें। इसके अतिरिक्त उपरोक्त दोनों कम्पनियों में कार्यरत 419 कर्मचारियों का पिछले एक साल से रूके पीएफ की रकम को भी कर्मचारियों को दिलायी जाये।

## कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

पत्रांक-1203/न.पं.बु./2025-26 दिनांक-20/11/2025

**ई-निविदा आमंत्रित सूचना**

एतद्द्वारा सभी फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्यवित्त/न.प.लेखा के अंतर्गत नगर क्षेत्र के विकास कार्यों हेतु दिनाक 25/11/2025 समय दोपहर 02:00 बजे से दिनाक 15/12/2025 समय दोपहर 03:00 बजे तक ई-निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर नगर पंचायत बुढाना द्वारा ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 15.12.2025 को दोपहर 04:00 बजे खोली जायेगी। ई-निविदा मूल्य आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा की जायेगी तथा जमा रसीद व निविदा के साथ निर्धारित धरोहर राशि EPV, FDR, NSE/Tragary Challan के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बुढाना के नाम बन्धक हो को वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। यदि ई-निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन होता है तो सूचना समय से वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दी जायेगी। ई-निविदादाताओ की ई-निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **E-Tender Refrence** | 1203/न.पं.बु./2025-26 |
| Publish Date and Time for Ref. | 25/11/2025 at 12:00 PM |
| Last Date and Time for submission of E-Bids | 15/12/2025 upto 03:00 PM |
| E-Tender Opening Date | 15/12/2025 at 04:00 PM |
| Place of Opening of E-Bid | Office Nagar Panchayat Budhana, Distt. Muzaffarnagar |
| E-Tender Documents Proceesing | टेण्डर मूल्य के लिए वेबसाईट पर अपलोड निविदा में देंखे **as per List.** |
| E-Tender निविदा शुल्क/टेंडर मूल्य | खाता संख्या- 11733685933 भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुढ़ाना IFSC CODE-SBIN0007434 |
| E-Tender धरोहर राशि | के लिए वेबसाइट पर अपलोड निविदा में देंखे। **as per List.** |

नोट: नियम व शर्तो को वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

**(आलोक रंजन)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बुढ़ाना**

**(उमा त्यागी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बुढ़ाना**

# शेख़ सादात फाउंडेशन ने एसआईआर को लेकर लगाया जागरूकता कैंप



**पुरकाजी।** कस्बे में शेख़ सादात फाउंडेशन की टीम द्वारा एसआईआर को लेकर कैंप लगाकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें जिम्मेदार लोगों द्वारा भाग लेकर लोगों को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई गई आमजन के एसआईआर फार्म भरे गए और उन्हें सिखाया भी गया ताकि अपने परिजनों के फार्म भर सकें। कस्बे के मोहल्ला सब्जी मंडी में हाफिज वालीउल्लाह के आवास पर एसआईआर को लेकर शेख़ सादात फाउंडेशन द्वारा जागरूकता कैंप में लोगों को जागरूक करने व उनके फॉर्म भरवाने में मदद की गई आयोजित कैंप में जिन लोगों की वोट नहीं मिल रही थी कैंप में उनके लैपटॉप के माध्यम से वोट तलाश करने तथा उन्हें वहीं पर फोटो स्टेट उपलब्ध कराने का कार्य भी किया गया उनके सही तरीके से फार्म भरे गए कस्बे के सैकड़ों लोगों एवं सभी धर्म एवं जाति के लोगों ने कैंप का लाभ उठाया इस दौरान पुरकाजी नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर फारुकी व शेख़ सादात फाउंडेशन ग्रुप के पंचों के नेतृत्व में उनकी टीम एवं युवाओं ने बढ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा एस आई आर के फार्म भरवाने में लोगों की मदद की। इस दौरान अथर हुसैन,राशिद हुसैन,फरहत हुसैन,अनवर सईद एडवोकेट ,हाफ़िज़ वलीउल्ला काजमी, नजम अली,ईसा काजमी, मो नवेद काशिफ़ काज़मी खुर्रम हुसैन, मौ आरिफ, उबैद हसन, सलमान ,यासिर,अनवर हुसैन ,गुलशेर आदि मौजूद रहे

## राकेट लर्निंग की जिला कोर्डिनेटर रिया सिंह ने की बैठक

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव शाहडब्बर में स्थित आंगनवाडी सेंटर पर आज बृहस्पतिवार के दिन विश्व बाल दिवस पर अभिभावकों की एक आवश्यक बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में बच्चों की मम्मियों और पापाओं से उनके बच्चों के बारे में जनपद मुजफ्फरनगर राकेट लर्निंग की जिला कोर्डिनेटर रिया सिंह ने बातचीत की। इस दौरान यहां पर विभिन्न प्यार की गतिविधियां कराई गयी और गेम्स खिलाए गये। यहां पर बच्चों के बौद्धिक, शारिरिक और मानसिक विकास के बारे में विस्तार से बताया गया। रिया सिंह ने विश्व बाल दिवस के बारे में बताया कि भारत देश में 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है हालांकि नवंबर माह में एक नहीं बल्कि दो बार बाल दिवस मनाया जाता है। 14 नवंबर का बाल दिवस मनाया जा चुका है। ये दिन जवाहर लाल नेहरू की जयंती के मौके पर बच्चों को समर्पित करते हुए मनाते हैं हालांकि एक ही महीने में दो बार बाल दिवस मनाने की खास वजह है। इस दिन का इतिहास और उद्देश्य 14 नवंबर के बाल दिवस से भिन्न है। दरअसल बच्चे भारत के हों या दूसरे देशों के वे समाज और राष्ट्र का भविष्य होते हैं। बच्चों की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य व भविष्य को लेकर भारत समेत दुनिया के तमाम देशों में भी बाल दिवस मनाया जाता है। दूसरा बाल दिवस संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों की घोषणा के साथ मनाने की शुरुआत की। 14 नवंबर के अलावा दूसरा बाल दिवस विश्व स्तर पर ही मनाया जाता है।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा छोटा भाई सलमान व इसकी पत्नी श्रीमति गुलफशा पत्नी सलमान अपने निकाह के पश्चात् से ही मेरे व मेरे परिवार वालों के कहने-सुनने में नहीं है और आये दिन बिना वजह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ गाली-गलौच कर दुव्यर्वहार करते रहते हैं जिससे मुझे व मेरे परिवार वालों को समाज में अपमानित होना पड रहा है तथा मैंने अपने छोटे भाई सलमान व इसकी पत्नी श्रीमति गुलफशा को काफी समझाया परन्तु यह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। जिस कारण मैंने व मेरे परिवार वालों ने अपने छोटे भाई सलमान व इसकी पत्नी श्रीमति गुलफशा से समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर दिये हैं और भविष्य में मेरा व मेरे परिवार वालों का इनसे किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा।

**आबाद अली पुत्र स्व. कौसर अली निवासी- नई बस्ती मौहल्ला पंसारियान थाना कोतवाली तहसील शामली जिला-शामली।**

## हार्डवेयर व बैंडबाजे की दुकान में चोरी की घटना से हड़कंप

**मोरना।** क्षेत्र के गांव तिस्सा बस स्टेण्ड पर स्थित हार्डवेयर व बेंड बाजे की दुकान में घुसकर अज्ञात चोरो ने चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है।घटना के बाद व्यापारियों मे दहशत व्याप्त है। पीड़ित दुकानदारों ने जहां पुलिस से घटना के खुलासे की मांग की वहीं पुलिस पर लापरवाही के भी आरोप लगाये हैं।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव तिस्सा निवासी ऋषि धीमान ने बताया की वह गांव मे बस स्टैंड पर धीमान हार्डवेयर एन्ड सेनेटरी की दुकान करता है बीते सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने उसकी दुकान में लोहे की चौनल के मज़बूत तालों को तोड़कर वहां रखे दो जेनरेटर सेट से कीमती तांबे के तार को चोरी कर लिया। तथा वेल्डिंग मशीन के कीमती सामान सहित वेल्डिंग लीड को चोरी कर लिया शातिर चोरो ने चोरी के पूर्व वहां लगे सीसीटीवी कैमरो को कपड़े आदि से ढक दिया।पीड़ित ;षि धीमान ने बताया की पुलिस ने घटना की जानकारी कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। किन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।वहीं बस स्टैंड पर महाराजा बेंड के नाम से बेंड बाजे की दुकान करने वाले अनवर ने बताया की चोरो ने पीछे की दीवार तोड़कर वहां से पीतल के कीमती बाजो को चुरा लिया है।पीड़ित ने अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पूजन करने गए मां-बेटे के साथ गाली-गलौज

**मोरना।** ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चोरावाला निवासी शशिदेवी ने तहरीर देकर बताया कि वह अपने पुत्र नितिन के साथ खेतों पर बने देवी देवताओं का पूजन करने के लिए गयी थी। जहां गांव के ही शामीम हसन शौदा हसन व मुन्ना खेत मे खड़े थे जिन्होंने देखते गाली गलौज करनी शुरू कर दी विरोध करने पर आरोपियों ने उन्हें खेत की ओर आने पर जान मारने की धमकी दी। आरोपियों से ज़मीन को लेकर उनका पुराना विवाद भी जानसठ तहसील मे चल रहा है।शशि देवी ने आरोपियों से पुत्र की जान को खतरा जताते हुए कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तीनो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन ने 9वां स्थापना दिवस मनाया

**मुजफ्फरनगर।**आज राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन का 9 स्थापना दिवस तुलसी पार्क निकट शिव चौक मुजफ्फरनगरये उत्तर प्रदेश में हवन यज्ञ द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मिष्ठान वितरण कर मनाया गया इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में श्री संजय अरोड़ा राष्ट्रीय संयोजक द्वारा हवन संपन्न कराया गया हवन व यज्ञ श्री पंडित श्याम बिहारी मिश्रा द्वारा संपन्न कराया। हवन के पश्चात सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संजय अरोड़ा ने कहा कि आज संगठन देश के अंदर 24 राज्यों में व नेपाल में हिंदुत्व के लिए कार्य कर रहा है।



शीघ्र ही देश के अन्य राज्यों में संगठन का विस्तार किया जाएगा उन्होंने आज हिंदू युवाओं से आग्रह किया कि हमें जाति को छोड़कर पहले हिन्दू बनना होगा तभी हम हिंदुत्व व हिंदुस्तान की रक्षा कर सकेंगे। हिंदू बचेगा तो हिंदुस्तान बचेगा अन्यथा हिंदुस्तान का अस्तित्व ही मिट जाएगा। उन्होंने कहा की इस्लामिक आतंकवाद दुनिया के साथ भारत में भी पैर पसार रहा है हिन्दुओ को इस्लामिक आतंकवाद से बचाओ के लिये संगठन कैम्पो का आयोजन करेगा जिसमे आत्म रक्षा के गुर सिखाये जायेगे उन्होंने कहा की आतंकवाद पर कांग्रेस के नेताओं के ब्यान निंदनीय है आत. कवादीयों को बचाने वाला है उन्होंने केंद्र सरकार से जल्द से जल्द जनसंख्या नियंत्रण कानून लाने की मांग की। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रवीण जैन ,राजीव कुमार बंसल , सरिता सिंगल, अंजू शर्मा, संजीव कुमार कंसल एडवोकेट, लक्ष्मी रानी, अशोक वर्मा ,श्याम वर्मा, सोनू धीमान, अनिल कुमार मलिक, सचिन कुमार ,अजय गुप्ता ,राजेश शर्मा ,विकास गोयल आदि हिंदू वीर उपस्थित थे।

### संक्षिप्त समाचार

## विद्युत लाइन की चपेट में आने से दो व्यक्ति झुलसे, एक की हालत गम्भीर

**चरथावल।** क्षेत्र के ग्राम रोनी हैरजीपुर गांव में गुरुवार को हादसा हो गया। यहां ग्यारह हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से निर्माण कार्य कर रहे एक मिस्त्री और एक मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। यह हादसा गांव में काला नामक व्यक्ति के मकान पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान हुआ। तार टूटते ही दोनों व्यक्ति उसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही गिर पड़े। ग्रामीणों ने तुरंत पहुंचकर घायलों को मिट्टी में दबाया और फिर मुजफ्फरनगर जिला अस्पताल पहुंचाया।अस्पताल में डॉक्टरों ने एक घायल की हालत बेहद नाजुक बताई है, जिसे गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती किया गया है। दूसरे घायल का भी इलाज जारी है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि काला के मकान के ऊपर से वर्षों से गुजर रही ग्यारह हजार वोल्ट की यह विद्युत लाइन बेहद कम ऊंचाई पर थी। इसे हटाने या स्थानांतरित करने के लिए ग्रामीणों ने कई बार विद्युत विभाग को प्रार्थना-पत्र दिए थे, लेकिन अधिकारियों ने लगातार टालमटोल की।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते लाइन हटा दी जाती तो यह हादसा टाला जा सकता था। उनकी मांग है कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। घटना की जानकारी मिलते ही भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) नेता एवं जिला पंचायत सदस्य विकास शर्मा ने विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात की। उन्होंने विभाग की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी अनदेखी से लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है और दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

### खुदा की मखलूक को राहत पहुंचाना खुदा को राजी करना: कासमी

**बुढ़ाना।** जमीअत उलेमा ए हिंद बुढ़ाना का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम रसूलपुर दभेड़ी गांव में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को एसआईआर व औकाफ की जायदाद के रजिस्ट्रेशन के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस मौके पर समीर ने औक़ाफ़ की ज़मीनों के रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जो भी रजिस्ट्रेशन करना सीखना चाहता है वह हमसे संपर्क करे हम उसे पूरा तरीका सिखाएंगे। तहसील बुढ़ाना के जनरल सेक्रेटरी मुफ़्ती आस मोहम्मद क़ासमी ने एसआईआर के फ़ॉर्म भरने के संबंध में कहा कि इसमें बिल्कुल भी लापरवाही न करें वर्ना बाद में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।नायब सदर मौलाना खालिद ने कहा कि यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम मिलकर इस काम को पूरा कराएं। यहां मौलाना इसराईल, हाफ़िज़ शौकीन, मौलाना खालिद, जनरल सेक्रेटरी हाफ़िज़ अय्यूब त्यागी और समीर सलमानी मौजूद रहे।

## प्रमुख विनोद मलिक ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक ने आज बृहस्पतिवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के विझाना मार्ग पर स्थित एक खेल एकेडमी के भव्य प्रांगण में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपनी और से 51 सौ रुपये का नगद इनाम दिया और खेल एकेडमी के आनर मौहम्मद रिहान को एक वाटर आरओ और रेफ्जिरेटर देने की घोषणा की। उन्होंने उद्घाटन के बाद एक एक करके सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाते हुए परिचय प्राप्त किया और उनकोघ खेल संबंधी कुछ टिप्स दिए। यहां ब्लॉक प्रमुख विनोद मलिक ने रिहान क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर उद्घाटन के दौरान कहा कि समय समय पर इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिएं। इससे खिलाड़ियों का मानसिक, बौद्धिक और शारिरिक विकास होता है। इस खेल से किसी भी खिलाड़ी के द्वारा विश्व भर में भी पहचान बनाई जा सकती है बशर्ते उसके खेलने का तरीका सही हो। उन्होंने कहा कि वे हमेशा से ही खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहते हैं। जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेल भी बहुत ही जरुरी हैं। इसलिए खिलाड़ियों को प्रेक्टिस भी करते रहना चाहिए। यसां कोच मौहम्मद रिहान, लविश जांगिड, लाखन भारद्वाज और राज. कुमार आदि खिलाड़ी और गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

## शादाब जकाती भाजपाई हिमांशु संगल से मिले

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** भाजपा नेता हिमांशु संगल से बुढ़ाना में मिलने आए शादाब जकाती को देख उनके फेन्स फूले नहीं समाए। दस रुपये वाला बिस्कुट कितने का है भाई डायलाग से मशहूर हुए शादाब जकाती का हिमांशु संगल ने भव्य स्वागत किया। दरअसल सोशल मीडिया ने आज के इस दौर में एक आम आदमी को भी सुपरस्टार का दर्जा दे दिया है। यहां आम आदमी अपनी काबिलियत पर अपने वीडियो कंटेंट का खुद प्रोडड्ूसर, डायरेक्टर, राइटर और एक्टर होता हैं। जिसके बाद अब ऐसा प्रतीत होता है कि आम आदमी को पंजाबी सिंधी प्रोडयूसर या डायरेक्टर के ऑफिस के बाहर धक्के खाने की जरूरत नहीं है। इन दिनों सोशल मीडिया के नए सुपर स्टार मेरठ जिले के रहने वाले शादाब जकाती बने हुए है। वैसे तो ये बीते 4 सालों से रील बना रहे है लेकिन जब से रैपर बादशाह ने शादाब की कॉमेडी की नकल कर दी तब से ही शादाब लोगों के दिलों पर छाए हुए हैं। वर्तमान समय में लोग शादाब की कॉमेडी इतनी पसंद कर रहे है कि इनके फैन्सों की संख्या मिलियन में हो गई है। सोशल मीडिया पर देसी अंदाज़ और ग्रामीण जीवन पर आधारित हास्य वीडियो से पहचान बनाने वाले शादाब जकाती आज लाखों लोगों के बीच एक चर्चित नाम बन चुके हैं। उनके वायरल वीडियो, विशेष रूप से 10 रुपये वाले बिस्किट वाला कंटेंट उन्हें रातों-रात सोशल मीडिया सेंसेशन बना गया। शादाब जकाती का सफर बीते वर्ष 2019 में शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म टिक टॉक से शुरू हुआ था। साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाले शादाब ने शुरुआत में ग्रामीण परिवेश, मजदूर वर्ग की दिनचर्या और देसी हास्य पर आधारित वीडियो बनाए हालांकि शुरुआत में उन्हें परिवार और समाज से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और लगातार मेहनत जारी रखी। टिक टॉक पर बैन लगने के बाद उन्होंने अपना कंटेंट यूटड्ब और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर साझा करना शुरू किया। देसी बोली सादगीपूर्ण अभिनय और वास्तविक ग्रामीण जीवन की झलक के चलते उन्हें व्यापक सराहना मिली। उनकी वीडियो शैली आम जनता से गहराई से जुड़ती है। जिसका असर उनकी बढ़ती फैन फॉलोइंग में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। शादाब जकाती एक समय गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से भी जूझे। कई महीनों तक बिस्तर पर रहने के बावजूद उन्होंने वीडियो बनाना नहीं छोड़ा। उनके इसी समर्पण और जज़्बे ने उन्हें सोशल मीडिया पर एक सशक्त पहचान दिलाई। ऐसे भी औरते हैं जो सोशल मीडिया पर बेशर्मी की हदें पार कर रही है लेकिन वे कामयाब नही हो पा रही हैं और अपने समाज को रुसवा करने में लगी हैं।



### एसडी कॉमर्स की छात्राओं का टूर गया लैंसडाउन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रिशन) व बीएससी (गृहविज्ञान) की छात्राओं का एजूकेशनल / एंटरटेनमेंट टूर लैंसडाउन गया। एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स, के एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रिशन) व बीएससी (गृहविज्ञान) की छात्राओं का एजूकेशनल / एंटरटेनमेंट टूर लैंसडाउन गया । महाविद्यालय प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने डीन नवनीत वर्मा, गृह विज्ञान संकाय की शिक्षिकाओं शिवांगी वशिष्ठ, नीलू राठी व शाजिया रहबर एवं छात्राओं को शुभकामनाओं सहित टूर के लिए रवाना किया। टूर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को मनोरंजन के साथ-साथ पर्यटन व साज सज्जा आदि विषयों की नवीनता से अवगत कराना था।एजूकेशनल / एंटरटेनमेंट टूर की शुरूआत सर्वप्रथम कोटद्वार स्थित सिद्धबली मन्दिर से की गयी तत्पश्चात कोटद्वार व लैंसडाउन के मध्य पहाडों व झरनों की रमणीयता से युक्त दुर्गा देवी मन्दिर के दर्शन किये गये । उसके बाद टूर लैंसडाउन के लिये रवाना हुआ, जहां पहुंचकर छात्राओं ने वहां स्थित चर्च की भव्यता का आनन्द उठाया, टीप,इन,टॉप पहुंचकर पहाड की वादियों को अपनी स्मृति में कैद किया। इसके बाद भुल्लाताल स्थित पार्क में विचरण किया वहां के प्राकृतिक सौदर्य का आनन्द लिया व झील में नौकायन कर एक अलग अनुभव को महसूस किया । लैंसडाउन स्थित दुकानों पर उपस्थित विभिन्न प्रकार के ऊनी वस्त्रों उनके फैबरिक व कढाई के बारे में जानक. ारी उपलब्ध करायी गयी ।महाविद्यालय प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने बताया कि इस प्रकार के कायक्रमों से छात्राओं के शैक्षिक, व्यवहारिक व समाजिक ज्ञान में वृद्धि होती है व उनमें आत्मविश्वास बढता हैं।एमएससी (फूड एण्ड न्यूट्रिशन) व बीएससी (गृहविज्ञान) की छात्र छात्राओं ने इस एक दिवसीय ज्ञानवर्धक दौरे को अत्यन्त रूचिपूर्ण तरीके से समझा व आनन्द लिया।

### दुर्घटना स्थल चिन्हित कर सुरक्षा कदम उठायेगा प्रशासन

**मुजफ्फरनगर।** अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की माह अक्टूबर-2025 की बैठक जूम ऐप के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा शहर के अन्दर अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शा से होने वाली भीड के बारे में एवं ई-रिक्शाओं का रूट निर्धारित किये जाने हेतु सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी व ट्रैफिक पुलिस के साथ विचार विमर्श करते हुए ई-रिक्शा से होने वाली भीड को कम करने हेतु निर्देशित किया गया। सड़क दुघर्टनाओं को कम करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रतिमाह अधिक सख्या में सेम. ीनार एवं गोष्ठी आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लैक स्पॉटस पर कराये गये सुधारात्मक कार्यों की समीक्षा एवं सम्भावित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नये ब्लैक स्पॉटों के चिन्हांकन व उनके सुधारीकरण का कार्य कराये जाने हेतु एन.एच.ए.आई. एवं लो.नि.वि. के अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा वर्ष 2025 में सृजित नये ब्लैक स्पॉटों के सुधारीकरण के कार्य को तत्काल ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर की ओर से जुड़े सहायक अभियन्ता को शहर के अन्दर हो रहे अतिक्रमण को पुलिस विभाग के सहयोग से हटाने के निर्देश दिये गये। जिला गन्ना अधिकारी को गन्ने के सीजन में सभी वाहनों की फिटनेस एवं वाहनों के पीछे रिफलेक्टर लगाये जाने के निर्देश दिये गये। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को शहर के अन्दर चल रही सभी ई-रिक्शाओं की निरन्तर फिटनेस चेक करने एवं लाईसेंस चेक किये जाने एवं अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शाओं को तत्काल बन्द करने हेतु हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में अधिशासी अभियन्ता प्रान्त्रीय, खण्ड, लो.नि.वि. सहित अन्य संबंधित अधिकारीगणों ने उपस्थित रहे।

## एक ही नंबर की दो गन्ना पर्चियां जारी, समिति की बड़ी लापरवाही उजागर

**खतौली।** क्षेत्र के किसानों को गन्ना आपूर्ति व्यवस्था में लगातार समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। खतौली शुगर मिल और गन्ना समिति की कार्यप्रणाली में लापरवाही का एक और मामला गुरुवार को सामने आया, जिसमें एक ही नंबर की गन्ना पर्ची दो अलग-अलग तारीखों में किसान को जारी कर दी गई। इस चूक से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।जानकारी के अनुसार, गन्ना समिति द्वारा पर्ची नंबर 247351201990 किसान के लिए 14 नवंबर को जारी की गई थी। किसान इस पर्ची के आधार पर गन्ना लेकर मिल पहुंचा, लेकिन वाहन ओवरलोड होने के बावजूद मिल प्रशासन ने चेतावनी देते हुए गन्ना ले लिया। किसानों का आरोप है कि इसके बाद गन्ना समिति ने उसी नंबर की एक और पर्ची ई-गन्ना पोर्टल पर जारी कर दी, जिससे बड़ा भ्रम खड़ा हो गया। किसान नेता अंकुश प्रधान ने बताया कि एक ही नंबर की दो पर्चियां जारी होना गंभीर तकनीकी लापरवाही है। उनका कहना है कि किसान हर पर्ची का नंबर मिलाकर कैसे देखेगा? अगर किसान डुप्लीकेट पर्ची लेकर मिल पहुंचता है तो या तो मिल गन्ना ले लेगी और भुगतान में समस्या आएगी, या फिर मिल गन्ना लौटाएगी तो किसान का समय, श्रम और डीजल दोनों बर्बाद होंगे। इस मामले पर स्पष्टीकरण देते हुए गन्ना समिति सचिव ने बताया कि वह फिलहाल बाहर हैं और कंप्यूटर उपलब्ध न होने के कारण जांच नहीं कर सकते। वहीं, मिल डीजीएम कैन राजकुमार ने स्पष्ट किया कि यह गलती स्थानीय नहीं, बल्कि लखनऊ स्थित ईआरपी एजेंसी की है। दो ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। एक ही नंबर की दो पर्चियां जारी होना तकनीकी खामी है, जिसे ठीक करने पर काम चल रहा है।डीजीएम के अनुसार, गुरुवार देर रात तक सिस्टम में सुधार कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया है। वही किसानों का कहना है कि मिल और समिति की आपसी समन्वयहीनता का सीधा खामियाज़ा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। किसानों ने मांग की है कि ऐसे मामलों की जिम्मेदारी तय कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## अवैध कॉलोनियों पर चला विकास प्राधिकरण का बुलडोज़र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मंडलायुक्त सहारनपुर के निर्देश और मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष कविता मीना के नेतृत्व में गुरुवार को खतौली क्षेत्र में अवैध कॉलोनाइज़रों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की टीम ने विभिन्न स्थलों पर लगभग 131 बीघा भूमि पर चल रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त कर दिया।

जानकारी के अनुसार, गणेश विहार, मीरापुर रोड पर भू-स्वामी पुनीत राठी द्वारा करीब 08 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की गई। इसी तरह खसरा संख्या 408(आंशिक), 409, 410, खतौली रूरल में अफज़ाल अंसारी व अन्य द्वारा विकसित लगभग 31 बीघा की प्लॉटिंग पर भी बुलडोज़र चलाया गया। इसके अलावा खसरा संख्या 270, 271म, 272 पर विकेश कुमार, श्री निवास, विनोद कुमार, राजवीर सिंह आदि द्वारा की गई करीब 08 बीघा भूमि की प्लॉटिंग को भी ढहा दिया गया। इसी क्रम में 431, 432, 434, 446, 296 पर राजपाल सिंह, रविन्द्र सिंह, अजेन्द्र, दीपक आदि द्वारा विकसित 44 बीघा की अवैध कॉलोनी को भी जमींदोज़ कर दिया गया। साथ ही, खतौली रूरल में विकेश कुमार, श्री निवास, राज. कुमार, दिनेश कुमार आदि की 18 बीघा तथा खसरा 302 पर ऋषिपाल व मोहम्मद तासीर हसन की 22 बीघा अवैध प्लॉटिंग भी ध्वस्त की गई। प्राधिकरण के अनुसार, सभी भू-स्वामियों को पहले नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्धारित समय में अवैध निर्माण नहीं हटाया गया। इसके बाद चालानी कार्रवाई व ध्वस्तीकरण आदेश जारी किए गए थे, जिनके अनुपालन में आज व्यापक अभियान चलाया गया।



कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, अवर अभियंता, पूरी टीम और स्थानीय पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने पूरे क्षेत्र में कड़ी निगरानी बनाए रखी। विकास प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि बिना स्वीकृत मानचित्र के कोई भी अवैध प्लॉटिंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी, और आगे भी ऐसे निर्माणों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## रजवाहा टूटा, सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद धरना जारी



**भोपा।** क्षेत्र के गांव निरगाजनी में गुरुवार सुबह राजवाहा टूट जाने से किसानों की सैकडो बीघा फसल जलमग्न होकर पूरी तरह नष्ट हो गई। खेतों में खड़ी आलू, सरसों और गेहूं की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। अचानक आई इस आपदा से किसानों में भारी आक्रोश है तथा कई परिवारों की रबी सीजन की उम्मीदें टूट गई हैं।

भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी ने बताया कि राजवाहा की पटरी लंबे समय से कमजोर थी। इसकी जानकारी सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को पहले ही दे दी गई थी, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते समय रहते मरम्मत नहीं कराई गई। परिणामस्वरूप गुरुवार सुबह राजवाहा टूट गया, जिससे नीरज कुमार, संदीप, जौली, हरिसिंह, प्रमोद, मनोज, भूषण, अशोक, रामनिवास, राजेंद्र सहित अनेक किसानों की खड़ी फसलें जलमग्न हो गईं। वहीं, जिन किसानों को गेहूं की बुवाई करनी थी, उनके सामने अब बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही भाकियू कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। ब्लॉक अध्यक्ष अनुज राठी के नेतृत्व में यशपाल गुर्जर, राजा देशवाल, ख्रष्ण धीराहेड़ी, अनिल प्रधान, सतीश, राज. कुमार प्रधान, राजू, सिद्धार्थ, नीरज, सुबोध प्रधान, जॉनी, कपिल, धर्मेंद्र, शिवम गौतम, मोहित राठी, रोहित कुकी आदि ने तुरंत धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सिंचाई विभाग से तत्काल प्रभाव से किसानों को उचित मुआवज़ा देने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान किसानों ने मौके पर मौजूद सिंचाई विभाग के अधिकारी जेई अशरफ अली, जिलेदार उत्तम सिंह, शीशपाल व संदीप कुमार को वहीं रोक लिया और उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अडिग रहे। किसानों का कहना है कि अभी तक विभाग ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की है, जिससे किसानों में भारी रोष है। मौके पर पहुंची जेसीबी पर झंडा लगाकर किसानों ने किया कब्जा सिंचाई विभाग के अधिकारी को बनाया बंधक किसानों ने सरकार और सिंचाई विभाग से मांग की है कि नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवज़ा देने की घोषणा शीघ्र की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राहत और मुआवज़े पर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक भाकियू ने सिचाई विभाग के अधिका. रियों व जेसीबी को बंधक बनाए रखा

## कबड्डी समेत अन्य कई खेलों का हुआ समापन

**बुढ़ाना।** वित्तीय वर्ष 2025-26 उत्तर प्रदेश यूपीआरएसएल के अन्तर्गत युवा कल्याण एवं प्राविद के तत्वधान में विधानसभा स्तरीय विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन बीते बुधवार को कुलदीप बालियान स्पोर्ट्स एकेडमी बुढ़ाना में 3 आयु वर्ग सब जुनियर स्लिम में एथलेटिक्स कबड्डी भारोत्तोलन कुश्ती विद्यामों में कराया गया।?

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक राजपाल बालियान ने किया। उन्होंने वालीबाल कोर्ट पर आकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का अयोजन सौरभ मलिक क्षेत्र युवा कल्याण अधिकारी ने किया।

मंच संचालन एकेडमी कोच कुलदीप बालियान व नरेंद्र मलिक ने किया। प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में राम भजन एथलेटिक कोच व कुश्ती कोच कुलदीप बालियान व कुश्ती कोच, क्षेत्र युवा कल्याण अधिकारी प्रिया चोधरी ब्लाक शाहपुर का विशेष सहयोग रहा।



प्रतियोगिता में एथलेटिक सब जूनियर बालिका 100 मीटर में अराध्या व 800 मीटर में पलक, जूनियर 100 मीटर बालक वर्ग मे शिवा, सीनियर कबड्डी बालक वर्ग में काकड़ा सीनियर कुश्ती में आदिल ने 50 किला. ग्राम वर्ग में एवं जूनियर बालक वाल. ीबाल में शाहपुर ब्लाक की टीम आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार प्रर्दशन किया। बृहस्पतिवार को फुटबाल व बेडमिंटन खेल कर कार्यक्रम का समापन किया गया। मुख्य सहायक खेल संयोजक चौधरी वीरसेन राठी इटावा और मास्टर मनोज धानू संयुक्त रूप से रहे।

### 46 करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान जारी

**खतौली।** त्रिवेणी इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड, शुगर यूनिट खतौली ने पेराई सत्र 2025-26 की शुरुआत किसानों के हित में बड़ा कदम उठाते हुए की है। मिल प्रशासन ने जानकारी दी कि 5 नवंबर तक खरीदे गए गन्ने का संपूर्ण भुगतान 46 करोड़ रुपये संबंधित गन्ना समितियों को भेज दिया गया है, जो जल्द ही किसानों के बैंक खातों में पहुंच जाएगा। मिल के वाइस प्रेसिडेंट डा. अशोक कुमार ने बताया कि समय पर भुगतान मिल की पारदर्शी कार्यप्रणाली और किसानों के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि त्रिवेणी ग्रुप का सदैव प्रयास रहता है कि किसानों को किसी भी प्रकार की आर्थिक दिक्कत न हो और भुगतान प्रक्रिया नियमित रूप से चलती रहे। डा. कुमार ने क्षेत्र के किसानों से अपील की कि वे मिल में साफ व ताजा गन्ना ही सप्लाई करें और पर्ची प्राप्त होने के बाद ही गन्ने की छिलाई करें। ऐसा करने से न केवल मिल की रिकव. री बेहतर होगी, बल्कि किसानों का भुगतान भी समय पर सुनिश्चित हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सहयोग आपका, व्यवस्था हमारी खतौली मिल किसानों का सम्मान करती है।

## चरथावल क्षेत्र में अपात्र लोग भी जमकर ले रहे है सरकारी राशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** जिले मे जहाँ कई हजार राशन कार्ड धारक जाँच के दायरे मे हे और उन पर कार्ड निरस्तीकरण के साथ साथ दण्डात्मक कार्यवाही भी हो सकती हेस एकीकृत सार्वजनिक वितरण प्रणाली प्रबंधन की देशव्यापी जाँच मे यह पाया गया हे की देश मे बड़ी संख्या मे ऐसे लोग मौजूद हे जो राशन कार्ड पाने के हकदार नहीं हे मगर उन्होंने राशन कार्ड बनवा रखा हे और मुफ्त राशन का पूरा मजा ले रहे हे

**''शक के दायरे मे अनेको राशन कार्ड होनी चाहिए जाँच'**

एकीख्रत सार्वजनिक वितरण प्रणाली प्रबंधन ने यह पाया हे की जिले मे हजारों की संख्या मे ऐसे राशन कार्ड धारक हे जो वास्तविक रूप से मुफ्त राशन पाने के हकदार होने मे संदेह हे आपको बता दे की

**पूर्ति विभाग की मिलीभगत से चल रहा है गौरख धंधा**

राशन कार्ड पाने के लिए सरकार की और से अनेको बिंदु हे जैसे परिवारिक आय सीमा, ज़ीएसटी, इनकम टेक्स रिटर्न भरना परिवार का कोई व्यक्ति किसी बड़े पद पर न होना पांच एकड़ से अधिक कृषि भूमि,कार, एसी न होना आइएमपीडिएस की शुरूआती जाँच मे पाया गया की जिले के पचपन हजार से अधिक राशन कार्ड धारको को सत्यापित किए जाने की जरूरत है।

**अनेको हजारों की संख्या मे धारक**

**निर्धारित आय सीमा से बाहर**

संस्थान के द्वारा शोधित आकड़ो के अनुसार चरथावल क्षेत्र मे हजारों की संख्या मे ऐसे राशन कार्ड धारक हे जिनकी परिवारिक आय निर्धारित सीमा से अधिक हे वही कई सौ ऐसे धारक हे जोकि हल्के मोटर वाहन के मालिक हे और राशन कार्ड पाने के हकदार नहीं हे अनेको मृत लोगो के परिवार के सदस्य भी राशन का लाभ उठा रहे हे

**बीस लाख का व्यापार, फिर भी गरीब**

प्रारम्भिक आकड़ो के अनुसार क्षेत्र मे सेकड़ो व्यापार करने वाले भी गरीबी की श्रेणी मे आकर राशन कार्ड बनवाए हुए हे जो ज़ीएसटी मे अपना टर्न अवर भी भर रहे हे इसके अतिरिक्त अनेको ऐसे धारक हे जिनके पास पांच एकड़ के करीब ख्रषि भूमि हे साथ ही क्षेत्र के अने. को लोगो ने एक स्थान से ज्यादा स्थान पर राशन कार्ड बने हुए हे

**आइएमपीडीएस क्या है**

एकीकृत सार्वजनिक वितरण प्रणाली प्रबंधन का सबसे बड़ा उद्देश्य वन नेशनल वन राशन कार्ड वदवतब योजना को लागु करना हे यह लाभार्थियों को देश के किसी भी राज्य केंद्र शासित प्रदेश मे किसी भी राशन की दुकान से अपना पूरा या आंशिक राशन लेने की सुविधा देता है।

उत्तर प्रदेश मे आईध्म पीडीएस प्रणाली का उपयोग राशन कार्ड डेटा को अन्य सरकारी डेटाबेस जैसे आयकर, वाहन पंजीकरण, ज़ीएसटी के साथ एकीख्रत करने और अपात्र लाभार्थियों की पहचान करने के लिए किया गया चुकी पुरे देश का डेटाबेस तैयार किया जा रहा हे इसलिए यह तंत्र डयूपीलिकेट राशन कार्ड, अधिक आय, कार मालिकों आदि का आसानी से पता लगा लेता हे और अपात्र लोगो के विरुद्ध कार्यवाही करना आसान हो जाता हे

## परम पूज्य मुनि श्री 108 भव्य भूषण जी महाराज को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** जैन समाज के परम आदरणीय, संयम,तपस्या के तेजस्वी प्रतीक, आचार्य श्री 108 भारत भूषण जी मुनिराज के परम शिष्य मुनि श्री 108 भव्य भूषण जी महाराज ने गुरूवार को 9रू40 बजे मोहल्ला कानून गोयान, खतौली स्थित श्री 1008 पद्म प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर (प्रसिद्ध लाला माढ़े लाल जी जैनऋ में उत्कृष्ट समाधि मरण द्वारा अपने नश्वर शरीर का त्याग कर दिया।

उनके समाधि में लीन होने के साथ ही संपूर्ण जैन समाज शोक में डूब गया। मुनि श्री ने अपने गुरु आचार्य श्री भारत भूषण जी मुनिराज से 27 नवम्बर 2011 को तीर्थ क्षेत्र पर दीक्षा ग्रहण की थी। दीक्षा के बाद से उन्होंने अहिंसा, सत्य, करुणा और तपस्या के सिद्धांतों का सतत पालन करते हुए जन-जन को धर्ममार्ग पर प्रेरित किया। उनके उपदेशों और त्यागमय जीवन ने समाज के हजारों लोगों के जीवन को नई दिशा प्रदान की। संयम-पथ पर अडिग, समता और सहजता के धनी मुनि श्री का संपूर्ण जीवन जैन धर्म की महिमा को चरितार्थ करता रहा। उनका समाधि पूर्वक देह त्याग सम्पूर्ण समाज के लिए वंदनीय और प्रेरणादायी है। इस दुखद अवसर पर जैन समाज के समस्त श्रद्धालु उनकी दिव्य शिक्षाओं पर चलने का संकल्प व्यक्त कर रहे हैं तथा पुण्यात्मा के मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होने की कामना की।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# झिंझाना में सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** झिंझाना कस्बे में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप और उनके पुत्र रौकित पर शोषण और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाते हुए सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल का असर हड़ताल के पहले ही दिन से दिखने लगा, जब कस्बे की गलियों और मोहल्लों में कूड़े के ढेर लग गए और दुर्गंध फैल गई।

सफाई कर्मचारियों ने मोहल्ला माजरा स्थित वाल्मीकि धर्मशाला में धरना-प्रदर्शन शुरू किया है। कर्मचारियों ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप और उनके पुत्र रौकित द्वारा वाल्मीकि समाज के कर्मचारियों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। उनके अनुसार, नगर पंचायत अध्यक्ष और उनके पुत्र द्वारा रंजिश के चलते कर्मचारियों के साथ लगातार अभद्रता की जा रही है, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है और दबाव बनाकर उनसे गैर-सफाई संबंधी कार्य करवाने की कोशिश की जा रही है। इन सभी घटनाओं ने कर्मचारियों के बीच गहरा आक्रोश पैदा कर दिया है।

कर्मचारियों का कहना है कि इस पूरे विवाद की शुरुआत खाद के गड्ढों पर कूड़ा डालने को लेकर हुई। इस मामले को लेकर नगर पंचायत प्रशासन ने तीन सफाई कर्मचारियों - अरुणा, सन्नी और धीरज को काम से हटा दिया। कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक हटाए गए तीनों कर्मचारियों को वापस काम पर नहीं बहाल किया जाता और उनकी समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल में सफाई नायक अमित कुमार, आनंद चंचल, विनोद कुमार, चमनलाल, पदम, किशनलाल सहित दर्जनों पुरुष और महिला कर्मचारी तथा समाज के अन्य लोग शामिल हैं। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश पाल कश्यप ने कर्मचारियों के आरोपों को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। उन्होंने बताया कि यह लोग दबाव बनाकर नगर पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा करना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा यहां पर 60 बीघा जमीन है, जिसमें नवीन परती, हरिजन आबादी तथा खाद के ग्ढ़े और 18 बीघा भूमि में तालाब है सुरेशपाल कश्यप ने जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल के आरोपों को भी सिरे से खारिज करते हुए कहा कर्मचारी किसी के बहकावे में आकर मेरे ऊपर मनगढ़ंत आरोप लगा रहे हैं। अगर किसी को कोई समस्या है तो सामने आकर बात करें। इस बीच, नगर पंचायत के अधिशासी अधिक. ारी समीर कश्यप ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया है, लेकिन वे लोग नहीं मान रहे हैं। उन्होंने कहा कल ढ्रअरवआरत्र आने के बाद फिर से सफाई कर्मचारियों से वार्तालाप की जाएगी। उनसे बातचीत के बाद ही कोई समाधान निकाला जाएगा। फिलहाल, झिंझाना कस्बे के निवासी सफाई व्यवस्था चरमराने के कारण हो रही दिक्कतों का सामना कर रहे हैं कस्बे में पहले दिन ही जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए जहां से लोगों को निकलने में भी परेशानी हो रही हैं गलियों में पड़े कूड़े से मोहल्लों में बदबू फैल रही है।

# मॉडल संकुल स्तरीय संघ में मानव संसाधन की आवश्यकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** प्रेम चन्द, उपयुक्त स्वत: रोजगार शामली ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजी. विका मिशन के अन्तर्गत गठित मॉडल संकुल स्तरीय संघ में लेखाकार एवं एमआईएस सहायक के चयन हेतु निम्नलिखित मॉडल संकुल स्तरीय संघों द्वारा आवेदन आमन्त्रित किए जाते हैं। जिसमें विकास खण्ड संकुल स्तरीय संघ का नाम- 1. जाग्रति सीएलएफ कांधला देहात। 2. प्रगति प्रेरणा सीएलएफ भभीसा, कांधला।3- संस्कृति प्रेरणा सीएलएफ जसाला कांधला। मॉडल संकुल स्तरीय संघ में संकुल लेखाकार एवं एमआईएस सहायक के रिक्त स्वीकृत पद जिसमें जाग्रति सीएलएफ कांधला देहात संकुल लेखाकार 1 संकुल व एमआईएस सहायक -01 इसके अलावा प्रगति प्रेरणा सीएलएफ भभीसा में संकुल लेखाकार 01 व संकुल एमआईएस सहायक -01 इसके अलावा संस्कृति प्रेरणा सीएलएफ जसाला कांधला में संकुल लेखाकार 01 एवं संकुल एमआईएस सहायक 01ऋ, मॉडल संकुल स्तरीय संघ में लेखाकार एवं एमआईएस सहायक के चयन प्रक्रिया संबंधित समय-सीमा निम्नानुसार है। जिसमें 1। सभी पदों कि लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि- 24 नवंबर, 2025, 2. आवे. दन पद शार्टलिस्टिंग की अन्तिम तिथि- 26 नवंबर, 2025, 3. लिखित परीक्षा, समय सीमा-28 नवंबर, 2025, 4. लिखित परीक्षा का परीणाम, 1 दिसम्बर, 2025, 5. साक्षात्कार, 4 दिसंबर, 2025, 6. मिशन मुख्यालय पर अन्तिम परिणाम सूचित करना, समय सीमा- 06 दिसंबर, 2025, संकुल स्तरीय संघ लेखाकार हेतु योग्यता 1. अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ की सदस्य होनी चाहिए। 2. अभ्यर्थी की उम्र 21 से 45 वर्ष एवं 12 वी कक्षा पास होनी चाहिए। संकुल स्तरीय संघ एमआईएस सहायक हेतु योग्यता, 1. अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ की सदस्य होनी चाहिए।, 2. अभ्यर्थी की उम्र 21 से 45 वर्ष एवं 12 वी कक्षा पास होनी चाहिए।,आवेदन हेतु नियम एवं शर्तें:- 1-उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अनुमोदित निर्देशों के अनुसार किसी भी स्तर पर भर्ती प्रक्रिया को निरस्त एवं संशोधित करने के समस्त अधिकार सम्बन्धित मॉडल संकुल स्तरीय संघ के पास सुरक्षित रहेगें।, 2-मॉडल संकुल स्तरीय संघ एवं उनके रिक्त पदों हेतु आवश्यक जानकारी उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय शामली एवं उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकास खण्ड कांधला से प्राप्त किया जाएगा।, 3-आवेदन हेतु कोई शुल्क नहीं होगा।

## अहमदगढ़ पुल पर मिनी ट्रक की टक्कर, चालक गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे अहमदगढ़ पुल के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे मिनी ट्रक ढ्रकैंटरऋ चालक द्वारा ब्रेक लगाने से पीछे चल रहे मिनी ट्रक की जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में मिनी ट्रक चालक प्रदीप तिवारी निवासी अमेठी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे दिल्ली रेफर किया गया जहां उसका उपचार जारी है। तहरीर देने वाले रघुवीर सिंह निवासी हरि करतार कॉलोनी, लुधियाना ने बताया कि उनका कैंटर लुधियाना से सामान लादकर मेरठ करनाल मार्ग से गाजियाबाद जा रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## एक नजर

### चाकू व शराब सहित तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**कांधला।** पुलिस में अलग-अलग स्थानों से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से चाकू व एक के कब्जे से कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने अभियोग दर्ज कर तीनों व्यक्तियों को जेल भेज दिया है। एसपी के आदेश पर खंड्रावली चौकी प्रभारी बिजेंद्र सिंह रावल पुलिस टीम के साथ नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिं. कंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवक पकड़ लिए जिनके कब्जे से चाकू बरामद हुए। पूछताछ करने पर दोनों ने अपने नाम शहजाद व दूसरे ने सरवर निवासी ग्राम बरनावी थाना कैराना बताया। दूसरी ओर पुलिस ने कैराना मार्ग स्थित जिडाना रजवाहे की पटरी से कच्ची शराब सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम गुलफाम निवासी जनपद शामली बताया। गुरुवार को पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए अभियोग दर्ज करने के बाद जेल भेज दिया है।

### एसडीएम से वर्ष-2003 की मतदाता सूची उपलब्ध कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगरपालिका परिषद कैराना के वार्ड संख्या-15 के सभासद शगुन मित्तल समेत कई लोगो ने एसडीएम को पत्र देकर वर्ष-2003 की वह मतदाता सूची जिसमें उनके नाम दर्ज है उपलब्ध कराने की मांग की है। गुरुवार को कस्बे के मोहल्ला सरायबान आलदरम्यान निवासी शगुन मित्तल एडवोकेट, दीपक कुमार, प्रदीप कुमार, संजय सिंघल, राजीव सिंघल, संदीप जिंदल, मुकेश वर्मा, सुखबीर सिंह, संदीप वर्मा आदि के हस्ताक्षर युक्त एक पत्र एसडीएम कैराना को दिया गया। बताया कि करीब चालीस परिवार, जिनमें 250 मतदाता शामिल है पूर्वजों के समय से ही अपने पैतृक मकानों में रह रहे है। वह निरंतर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करते आ रहे है, परन्तु वर्ष-2003 की मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज नहीं है। सूची में नाम शामिल न होने की वजह से एसआईआर फॉर्म भरने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में वर्ष-2003 की वह मतदाता सूची जिसमें उनके नाम शामिल है उपलब्ध कराने की मांग की है।

### महिला का शव मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** कस्बे के बायपास मार्ग पर महिला का शव पड़ा मिला जिसकी शिनाख्त गागोर निवासी हाल निवासी गांव कोताना निवासी 50 वर्षीय सोम. वती पत्नी स्व सुरेन सैनी थाना बडौत के रूप में हुई है । सोमवार को सुबह एक महिला का शव बायपास मार्ग पर पड़ा मिला था जिसके सिर में चोट थी पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा था लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है पोस्टमार्टम के बाद शव को मोर्चरी पर रखा गया बृहस्पतिवार को महिला के पुत्र संजय ने शव की पुष्टि की।चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि महिला झिंझाना अपनी रिश्तेदारी में देवर के घर किसी रस्म में आई थी।सोमवार दोपहर को वहां से पैदल निकल गई जिसकी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। चौकी प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त हो गई है शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### बाइक पर स्वचलित हथियार के साथ युवक का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**झिंझाना।** एक युवक द्वारा स्वचलित हथियार लेकर बनाया गया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। वायरल वीडियो में युवक बाइक पर बैठकर स्वचलित हथियार के साथ फोटो सेशन करता दिखाई दे रहा है, जिसे बाद में फेसबुक पर 'सुमित कश्यप' नाम की आईडी से प्रसारित किया गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम युवक की पहचान करने तथा उसके द्वारा दिखाए गए हथियार की वास्तविकता की पड़ताल में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि युवक के मिलने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वीडियो में दिखाया गया हथियार कौन सा है। फिलहाल पुलिस सोशल मीडिया से वीडियो की तकनीकी जांच करा रही है और संबंधित युवक की तलाश जारी है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत देने की अपील की है।

### लापरवाही से निकली ट्रैक्टर-ट्रॉली बनी हादसे का कारण, वन विभाग के सर्वेयर सहित दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** वन विभाग शामली के सर्वेयर ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर बताया कि गुरुवार सुबह राजकीय कार्य हेतु शामली वन विभाग कार्यालय से सहारनपुर शिवालिक वन प्रभाग की ओर जा रहे थे। उनके साथ सुधीर बोहरा कनिष्ठ सहायक भी मौजूद थे। सुबह लगभग 10 बजे जब वह थाना भवन स्थित बजाज शुगर मिल के पास पहुंचे, तभी शुगर मिल से एक लाल रंग का ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज गति से बाहर निकलकर अचानक हाईवे पार करने लगा।

अचानक सामने आए ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल टकरा गई, जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल सुधीर बोहरा को तत्काल शामली के गंगा अमृत हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां उन्हें ICU में भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## सड़कों पर हो रहे जलभराव से नागरिक तबाह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोहल्ला पंसारियान में सड़कों पर हो रहे जलभराव से नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। नागरिकों ने नगर पालिका पर विकास कार्य न कराने और सड़कों का निर्माण न कराने का आरोप लगाया है।

शहर के मोहल्ला पंसारियान, नई बस्ती, हाजी कालोनी में इन दिनों लोगों को गंदगी और जलभराव की समस्या के कारण दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों ने बताया कि पिछले कई वर्षो से नगर पालिका द्वारा कोई विकास कार्य नही कराया गया, जिस कारण नालियां टूट चुकी है और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाईकर्मी सफाई करने के लिए नही आते है। गंदा पानी सडकों पर बह रहा है और टूटी सडकों के कारण यहां के लोग काफी परेशान है। उन्होंने बताया कि कई चेयरमैन, ईओ और डीएम से शिकायत की गई, लेकिन कोई भी सुनने वाला नही है। अब वह थक हारकर घर बैठ गए है और नरकीय जीवन जीने को मजबूर है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मामले में संज्ञान लेकर लोगों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है।





# एकता तिरंगा यात्रा में शामिल हुए सैकड़ों

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को भाजपा द्वारा विधानसभा शामली में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता तिरंगा यात्रा निकाली गई। एकता यात्रा शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए संपन्न हुई, जिसका अनेकों स्थानों पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। पद यात्रा में भाजपा के कार्यकर्ता पदा. धिकारी व नेता हाथों में तिरंगा लेकर चल रहे थे।

गुरूवार को क्षेत्र के गांव सिंभालका स्थित प्राइमरी स्कूल से भाजपा द्वारा विधानसभा शामली क्षेत्र में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता तिरंगा यात्रा निकाली गई। रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक, एमएलसी विरेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी ने किया। एकता तिरंगा यात्रा गांव सिंभालका से प्रारंभ होकर बुढाना रोड, अजंता चौक, दिल्ली रोड, फव्वारा चौक, वीवी इंटर कालेज रोड, अग्रसेन पार्क, शिव चौक, भिक्की मोड, माजरा रोड से होते हुए शहर के वीवी पीजी कालेज के मैदान में जाकर संपन्न हुई। एकता तिरंगा यात्रा के समापन पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री दिनेश खटीक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने एक भारत श्रेष्ठ भारत का जो सपना देखा था उसको अगर साकार करने का काम किसी ने किया है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, गुंडाराज और माफिया राज का सफाया हुआ है।आज किसी की हिम्मत नहीं है कि किसी बहन बेटी की तरफ आंख उठाकर भी देख लें। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा भारत माता की जय के जमकर नारे लगाए गए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, हरवीर मलिक, प्रमोद अटटा, चेयरमैन अरविन्द संगल, कुशांक चौहान, पुनीत द्विवेदी, रामजीलाल कश्यप, सचिन जैन, घनश्याम पारचा, बादल गौतम, मनीष भटनागर, रोहित विश्वकर्मा, विवेक प्रेमी, रा. बिन गर्ग, ब्लॉक प्रमुख जयदेव मलिक, रामपाल, विनोद मलिक, पवन तरार, जिप सदस्य अंकित मलिक, राजेन्द्र मादलपुर, अश्वनी, सलमान अहमद, वरूण, सुखचौन वालिया, जयवीर सिंह, आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 60 जोड़ों ने रचाई शादी


**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद शामली में गुरुवार को वंदना गार्डन, थानाभवन में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 60 जोड़ों का विवाहधनिकाह सकुशल सम्पन्न कराया गया। इसमें विकासखंड थानाभवन के 49, नगर पंचायत गढ़ी पुख्ता के 2, थानाभवन नगर पंचायत के 3, जलालाबाद का 1, ऊंन के 3 तथा झिंझाना के 2 जोड़े शामिल रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थानाभवन के विधायक अशरफ अली खान, ब्लॉक प्रमुख पति दीपक कोरी, परियोजना निदेशकध्खण्ड विकास अधिकारी प्रेमचंद, जिला समाज कल्याण अधिकारी रीतु रस्तोगी, जिला पंचायत राज अधिक. ारी संदीप अग्रवाल, एवं पूर्व प्रधान अशोक सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा अतिथियों का बुके एवं शॉल भेंटकर स्वागत किया गया। विधायक अशरफ अली खान ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए जानकारी दी कि सरकार द्वारा इस वर्ष योजना की धनराशि बढ़ाकर रु. 1,00,000 प्रति जोड़ा कर दी गई है। जिसमें रु. 60,000 कन्या के बैंक खाते में समाज कल्याण विभाग द्वारा भेजे जाएंगे। रु. 25,000 की वैवाहिक सामग्री, चांदी की पायल, बिछिया आदि प्रदान किए जाएंगे। रु. 15,000 तक का खर्च मैरिज हॉल, टेंट, भोजन, संस्कार आदि पर किया जाएगा।

विधायक ने बताया कि वर्तमान सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी पात्र वर्गों एवं धर्मों के लोगों को योजनाओं का लाभ दे रही है।बायोमैट्रिक उपस्थिति के बाद संपन्न हुए निकाह विवाह परियोजना निदेशक प्रेमचंद ने बताया कि इस वर्ष से सामूहिक विवाह योजना में बायोमैट्रिक फेसियल वेरिफिकेशन के उपरांत ही जोड़ों का विवाहधनिक. ाह सम्पन्न कराया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इसके बाद नवविवाहितों को लड्डू एवं ड्राईफ्रूट्स की टोकरियां भी भेंट की गईं। जिला समाज कल्याण अधिकारी रीतू रस्तोगी ने बताया कि योजना का लाभ घ्3 लाख तक की वार्षिक आय वाले पात्र व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त कर सकते हैं। 52 हिंदू एवं 8 मुस्लिम जोड़ों का विवाह हुआ है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए कहा कि बेटियों की शादी कराना सौभाग्य का कार्य है। आज के समारोह में 52 हिंदू तथा 8 मुस्लिम जोड़ो का विवाह निकाह सम्पन्न कराया गया। अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए तय की गई सामग्री का वितरण किया गया और कार्यक्रम का समापन हुआ।

## स्काउट्स-गाइड्स लखनऊ रवाना



**शामली।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में जनपद शामली से स्काउट्स एवं गाइड्स का दल 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में प्रतिभाग करने के लिए बुधवार को लखनऊ के लिए रवाना हुआ। यह राष्ट्रीय जंबूरी 23 से 29 नवंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें पूरे देश से हजारों स्काउट्स एवं गाइड्स शामिल होंगे। दल को राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज शामली परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में प्रादेशिक मुख्य आयुक्त प्रभात कुमार, डीएम अरविन्द कुमार चौहान तथा जिला मुख्यायुक्त एवं सीडीओ विनय कुमार तिवारी के निर्देशन में तैयारी पूर्ण की गई। जिला सचिव डॉ. हीरा सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त ढ्रगाइडऋ गायत्री देवी तथा जिला संगठन आयुक्त गीता रानी के नेतृत्व में स्काउट-गाइड का यह दल जंबूरी में जनपद का प्रतिनिधित्व करेगा। दल को रवाना करते हुए कैप्टन लोकेंद्र सिंह, डॉ. पूजा मलिक, अभिषेक शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सहयोगी के रूप में अनिल कुमार, हरभजन सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# निर्यात में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर टील एफपीओ को मिला 4 लाख का प्रोत्साहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** आयुक्त कार्यालय सहारनपुर में आयुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने टील फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, इस्सोपुर टील कांधला (जनपद शामली) को उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति के तहत क्लस्टर बनाकर निर्यात करने पर 4 लाख रूपए की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की।

इस अवसर पर आयुक्त ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।सहायक कृषि विपणन अधिकारी एवं सदस्य सचिव, मंडल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति, सहारनपुर, राहुल यादव ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में कृषि निर्यात नीति के अंतर्गत 5 क्लस्टर गठित किए गए हैं, जिनमें मुजफ्फरनगर में 2 और शामली में 1 क्लस्टर शामिल है। प्रदेश में दूसरी बार किसी एफपीओ को विदेश निर्यात पर प्रोत्साहन राशि दी गई है, जो सहारनपुर मंडल के लिए गौरव की बात है।

जनपद शामली के टील एफपीओ द्वारा वर्ष 2023-24 में 96.9 मीट्रिक टन बासमती चावल दुबई को निर्यात किया गया। नीति अनुसार 50 हेक्टेयर भूमि का क्लस्टर बनाकर निर्यात करने पर 10 लाख रूपए तक का प्रोत्साहन देने का प्रावधान है।

टील एफपीओ द्वारा 53.75 हेक्टेयर भूमि का क्लस्टर बनाकर निर्यात किया गया, जिसके आधार पर मंडलायुक्त द्वारा 4 लाख रूपए की राशि मंजूर की गई।

कार्यक्रम में अपर आयुक्त प्रशासन भानु प्रताप यादव, रमेश यादव, सहायक कृषि विपणन अधिकारी राहुल यादव, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक प्रदीप कुमार, निर्यात पटल प्रभारी मुकुल कुमार, सहायक कृषि विपणन निरीक्षक, टील एफपीओ अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव सुभाष चंद एवं निदेशक सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बंद कमरे में युवती संग डॉक्टर का डांस वीडियो वायरल

**चिकित्सा प्रभारी की सख्त कार्यवाही इमरजेंसी ड्यूटी से हटाया, रूम भी खाली कराया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के सरकारी अस्पताल में तैनात डॉक्टर का युवती के साथ बंद कमरे में डांस करते हुए वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया है। चिकित्सा प्रभारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। वायरल वीडियो के बाद डॉक्टर को इमरजेंसी डड्यूटी से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है, साथ ही उसे आवंटित रहने का कमरा भी खाली करा दिया गया है। मामले की विस्तृत रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।कस्बे के सरकारी अस्पताल में लंबे समय से डॉक्टरों की कमी बनी हुई थी।इसी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने बीते महीनों में कई डॉक्टरों को दो साल के अनुबंध पर अस्पताल में तैनात किया था। इन्हीं में डॉक्टर वकार सिद्दीकी को इमरजेंसी वार्ड की जिम्मेदारी सौंपी गई थी और उनके लिए अस्पताल की ऊपरी मंजिल पर रहने हेतु एक सरकारी कमरा उपलब्ध कराया गया था। गत बुधवार को डॉक्टर वकार सिद्दीकी का एक युवती के साथ बंद कमरे में डांस करते हुए वीडियो अचानक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद मामला तेजी से चर्चा में आ गया। घटना को लेकर कस्बे में तरह,तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगीं। वीडियो वायरल होने पर चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने तुरंत संज्ञान लेते हुए डॉक्टर से स्पष्टीकरण मांगा था। लेकिन डॉक्टर द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं देने पर गुरुवार को कार्रवाई सुनिश्चित की गई।चिकित्सा प्रभारी ने न सिर्फ डॉक्टर को इमरजेंसी डड्यूटी से हटाया, बल्कि उसे अस्पताल का कमरा भी तत्काल खाली करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पूरे प्रकरण की रिपोर्ट तैयार कर स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है, ताकि आगे की विभागीय कार्रवाई की जा सके। अस्पताल में इस घटना को लेकर चर्चाओं का बाजार गरम है। चिकित्सा प्रभारी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि ऐसे मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, संबंधित डॉक्टर को इमरजेंसी डड्यूटी से हटाकर उसे आवंटित किया गया रूम खाली करा लिया गया और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है।

# क्लीन टॉयलेट कैम्पेन के तहत सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** नगर विकास विभाग, लखनऊ, उत्तर प्रदेश के निदेशक तथा नगर पंचायत थानाभवन के अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा के निर्देशों के अनुपालन में बुधवार को क्लीन टॉयलेट कैम्पेन-2025 के अंतर्गत बूढ़ा बाबू पार्क स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम ने शौचालय परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति, रखरखाव तथा नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की। टीम ने सफाई स्तर को संतोषजनक बताया, साथ ही कुछ आवश्यक सुधार बिंदुओं का उल्लेख करते हुए अपनी रिपोर्ट अधिशासी अधिकारी को सौंप दी।अधिशासी अधिकारी ने निर्देश दिए कि सार्वजनिक शौचालय में चिन्हित खामियों को तुरंत दुरुस्त किया जाए और सुधारात्मक कार्यवाही की रिपोर्ट समयबद्ध तरीके से प्रेषित की जाए। उन्होंने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य नगर के सभी सार्वजनिक शौचालयों को स्वच्छ, सुरक्षित तथा सुगम बनाना है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।नगर पंचायत प्रशासन ने आश्वस्त किया कि साफ-सफाई व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा तथा नियमित मॉनिटरिंग भी जारी रहेगी। स्थानीय निवासियों ने अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसी पहलों से पार्क एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।




# घर से जेवरात गायब होने के दो अलग-अलग मामले, पीड़ितों ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना तथा गांव गढ़ी दौलत में जेवरात गायब होने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पीड़ितों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है, जिस पर पुलिस जांच में जुट गई है।गांव सुन्ना निवासी इसरार ने आरोप लगाया कि उसकी पत्नी खालिदा से उसका विवाद चल रहा है। कुछ दिन पूर्व खालिदा ने उस पर तमंचा रखने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस ने इसरार को तमंचे सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पीड़ित का कहना है कि उसके जेल जाने का फायदा उठाकर उसकी पत्नी खालिदा घर में रखे लाखों रूपए के जेवरात निकालकर अपने मायके गांव पुरबालियान ले गई। आरोप है कि विरोध करने पर पत्नी और ससुराल पक्ष के लोग उसे गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हैं। गुरुवार को इसरार ने थाने पर पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है।दूसरी और गांव गढ़ी दौलत निवासी युवती पूजा पुत्री लक्ष्मण ने बताया कि उसकी आगामी 25 नवंबर को शादी है। बुधवार की देर शाम वह बाजार से सामान खरीदने गई थी। आरोप है कि उसकी गैरमौजूदगी में उसकी भाभी घर में रखे जेवरात निकालकर घर का सामान बिखेरते हुए कहीं चली गई।युवती पूजा ने अपनी भाभी के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम ने लगातार दूसरे दिन भी परखी एसआईआर कार्य की प्रगति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** एसडीएम ने लगातार दूसरे दिन क्षेत्र में पहुंचकर स्पेशल इटेंसिव रिवीजन एसआईआर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने एसआईआर कार्य को पूरा करने में लगे कर्मचारियों को निष्ठा के साथ में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

विगत चार नवंबर से भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रदेशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिव. ।जिनद्धएसआईआरऋ का कार्य कराया जा रहा है। प्रदेशभर में अधिकारी एसआईआर कार्य को सम्पन्न करने में जुटे हुए है। जनपद शामली में भी अधिकारी एसआईआर कार्य को लेकर काफी गम्भीर नजर आ रहे है। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान एसआईआर कार्य के सम्बंध में मातहतों से स्वयं फीडबैक प्राप्त कर रहे है। वह कार्य की प्रगति पर निरंतर अपनी नजर बनाए हुए है। एडीएम सत्एंद्र कुमार सिंह भी रोजाना कैराना पहुंचकर एसआईआर कार्य की समीक्षा कर रहे है। एसडीएम निधि भारद्वाज भी तहसील क्षेत्र में पहुंचकर बीएलओ को एसआईआर कार्य को निर्धारित समयावधि के भीतर पूरा करने के निर्देश दे रही है। बुधवार को उन्होंने कई गांवों में पहुंचकर एसआईआर कार्य की स्थिति की जांच की थी। उन्होंने गणना प्रपत्रों के संग्रह, दुरुस्तीकरण, सत्यापन, पात्रता व ऑनलाइन फीडिंग की प्रगति की जांच की थी। एसडीएम के क्षेत्र में भ्रमण के सिल. सिला निरंतर दूसरे दिन गुरुवार को भी जारी रहा। उन्होंने राजस्व टीम के साथ में क्षेत्र के गांव तीतरवाडा, झाड़खेड़ी व रामड़ा में पहुंचकर एसआईआर कार्य की प्रगति को परखा। साथ ही, बीएलओ को पूर्ण निष्ठा के साथ में अपनी डड्यूटी पूरी करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने ऊन क्षेत्र में स्थित कैराना विधानसभा के बीएलओ को वहां पहुंचकर प्रशिक्षण भी दिया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक विनोद कुमार, लेखपाल लवकेश तंवर, अनुराग पंवार, विजित पंवार आदि मौजूद रहे। वहीं, एसडीएम ने बताया कि एसआईआर कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। निर्धारित समयावधि के भीतर मतदाता सत्यापन, पात्रता व ऑनलाइन फीडिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



## एक नजर

### घर में घुसकर महिला पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र के गांव बहेड़ा निवासी मनोज कुमार ने पुलिस चौकी ऊन पर दी तहरीर में बताया कि वह 16 नवंबर को शाम करीब 5 बजे अपने खेत पर गया हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान उसके साले की पत्नी आंचल पत्नी अमित कुमार निवासी ग्राम नाला, थाना कांधला शामली उसके घर में घुस आई तथा उसकी पत्नी रविता पर घर में घुसते ही सरिया से सर हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई और वह बेहोश हो गई। मनोज के अनुसार जब वह घर पहुंचा तो आंचल ने उसके साथ भी गालीगलौज व मारपीट की। रविता को मृत समझकर आंचल मौके से फरार हो गई। मनोज ने घायल पत्नी को तुरंत चौकी पर ले जाकर मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित पति ने आरोपी महिला के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### एडीएम ने ली सैनिक बंधुओं की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी द्धन्यायिकऋ, परमानन्द झा की अध्यक्षता में आज जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी ने भूतपूर्व सैनिकों की शिकायतों को सुनते हुए उनकी समस्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश सम्बन्धित को दिए।बैठक में अपर जिलाधिक. ारी ने भूतपूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निस्तारण किया जाएगा। बैठक के दौरान कर्नल अजय कुमार सिंह द्धअ।प्रा।ऋ जिला सैनिक कल्याण अधिक. ारी शामली ने सभी भूतपूर्व सैनिकों को राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में भी जानकारी दी और कहा कि यदि उनकी कोई समस्या हो तो वे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय से संपर्क स्थापित करें।बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी सहित सैनिक बन्धु मौजूद रहे।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला के समीप कार की टक्कर लगने से बाइक सवार चाचा, भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए,चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिए हैं। थाना क्षेत्र के गांव पंजोखरा निवासी गुरमीत पुत्र अनिल, अपने चाचा नाथीराम के साथ बाइक पर सवार होकर पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने के लिए आ रहे थे। बाइक सवार जैसे ही दोनों लोग क्षेत्र के जसाला बस स्टैंड के समीप पहुंचे तो विप. रीत दिशा से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों की चीख-पुकार पुकार सुनकर जानकारी 108 एंबुलेंस को दी। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेपर कर दिया है कार चालक अपनी कार लेकर मौके से फरार हो गया।

### मानवी ने टैलेंट शो में हासिल किया पहला स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज की छात्रा मानवी विश्वकर्मा ने भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित प्रथम टैलेंट शो में पहला स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। शहर के रॉक गोल्ड एकेडमी विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया। कॉलेज पहुंचने पर मानवी का भव्य स्वागत किया गया। कॉलेज प्रबन्ध समिति के सुशील कुमार गर्ग, प्रबन्धक राजीव संगल एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने फूलमालाएं पहनाकर और मेडल प्रदान कर छात्रा को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मानवी द्वारा प्रस्तुत अर्धनारीश्वर नृत्य उत्कृष्ट रहा। इसी कार्यक्रम में कॉलेज की ही छात्राएं इशिका, छवि, तानिया और साक्षी ने वीरांगना लक्ष्मीबाई पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### लोन में फर्जीवाड़े को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोहल्ला दयानंदनगर में बंधन बैंक और अन्य फाइनेंस कंपनियों द्वारा समूह की महिलाओं को दिए जाने वाले लोन को लेकर महिलाओं ने फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाया है। उन्होने लोन एजेंटों की मिलीभगत से दर्जनों महिलाओं की आईडी पर कई-कई बार लोन निकाले का आरोप लगाया है। गुरूवार को शहर के मोहल्ला दयानंदनगर निवासी बबीता के घर एक फाइनेंस कंपीनी का कर्मचारी पहुंचा। बबीता ने बताया कि उसने दो साल पहले लोन लिया था, जिसकी 800 रूपये प्रतिमाह की किस्त थी, लेकिन कर्मचारी ने 2800 रूपये किस्त बताने लगा, जिसके बाद उजागर हुआ कि समूह की महिला वंदना द्वारा लोन एजेंटों से सांठगांठ कर दर्जनों महिलाओं की आईडी से फर्जी लोन ले रखा है और लोन का रूपये लेकर फरार हो गए। सूचना पर दर्जनों अन्य महिलाऐं भी पहुंच गई और उन्होने जमकर हंगामा किया। सूचना पर वार्ड सभासद अनिल उपाध्याय भी मौके पर पहुंचे। महिलाओं ने बताया कि संचालिका वंदना ने 10-15 लाख रूपए की राशि बैंक से लोन निकाल रखी है और फरार हो गया। जबकि लोन की किश्त वसूलने वाले एजेंट अब महिलाओं को परेशान कर रहे हैं। वार्ड सभासद अनिल उपाध्याय ने बताया कि फर्जीवाड़ा करने वाली महिला फरार है। यह सब फाइनेंस एजेंटों की मिलीभगत से हुआ है, क्योंकि नियम के अनुसार एक लोन पूरा नहीं होने पर दूसरा लोन नहीं दिया जा सकता। उन्होने कोतवाली पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।



# दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में दो दिवसीय तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को प्रयोगात्मक तकनीकी शिक्षा के माध्यम से विज्ञान की गहन समझ विकसित कराने का उद्देश्य प्रमुख रहा।

स्कूल मैनेजर मीनू संगल ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यशाला में हरिद्वार की तकनीकी फाउंडेशन ऑफ इंडिया की सात सदस्ईय इंजीनियरों की टीम इंजीनियर मनीष के नेतृत्व में इंजीनियर आकाश, सूरज, विपिन, प्रीति, भावना, दीपिका और रियाकृने भाग लिया। टीम ने कक्षा 4 के विद्यार्थियों से फोम पीस, कप स्टिक, स्ट्रा, प्लास्टिक बॉल, डबल-साइडेड टेप, वुडन स्टिक और सन पैक की मदद से पृथ्वी और चंद्रमा के घूर्णन व परिक्रमण का वर्किंग मॉडल बनवाया। इस दौरान छात्रों को बताया गया कि पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है, जिससे दिन-रात बनते हैं, जबकि सूर्य के चारों ओर परिक्रमण से वर्ष व ऋतु परिवर्तन होता है। इसी क्रम में कक्षा 5 के विद्यार्थियों को फोम सेट और पाइप की सहायता से टेक्टोनिक प्लेटों का मॉडल बनवाया गया। इंजीनियर टीम ने स्पष्ट किया कि टेक्टोनिक प्लेटें पृथ्वी की पपड़ी और मंटल के विशाल टुकड़े होते हैं, जो पृथ्वी की सतह पर निरंतर गति करते रहते हैं। इनकी गति से भूकंप, ज्वालामुखी विस्फोट और पर्वत निर्माण जैसी प्राकृतिक घटनाऐ होती हैं। छात्रों ने मॉडल के माध्यम से इन भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं को समझकर अत्यंत उत्साह व्यक्त किया। प्रधानाचार्य उज्मा जैदी ने कहा कि प्रत्यक्ष रूप से मॉडल बनाने से बच्चों में वैज्ञानिक अवधारणाओं की समझ 78 प्रतिशत अधिक विकसित होती है, जबकि केवल पाठ्यपुस्तक से पढ़ने वाले छात्रों की तुलना में वे अधिक बेहतर ढंग से सीखते हैं।



# कबड्डी और खो खो में भगत हाउस रहा विजेता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एसडीएस कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्राथमिक व पूर्व प्राथमिक वर्ग के छात्र.छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में विभिन्न हाउसों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया। सबसे पहले कबड्डी बॉयज मुकाबले हुए, जिसमें भगत हाउस विजेता रहा, जबकि विवेकानंद हाउस उपविजेता बना। इसके बाद आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में भी भगत हाउस ने बाजी मारी, जबकि सुभाष हाउस दूसरे स्थान पर रहा। टैग ऑफ वॉर में बॉयज कैटेगरी में सुभाष हाउस विजेता रहा और विवेकानंद हाउस उप विजेता रहा। वहीं गर्ल्स वर्ग में भगत हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विवेकानंद हाउस उपविज. ेता रहा। पूर्व प्राथमिक वर्ग की लॉन्ग रेस में शिवांश प्रथम, हुसैन द्वितीय तथा नाहिद तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं के उपरांत प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय चेयरमैन लोकेश तोमर, सुमित चौहान, भुज्वीर सिंह, पंकज गर्ग, आकाश तोमर, अलका सैनी, हिमांशी मालिक, महिमा बजाज, संस्कार सिंघानिया, विशाल पुनिया, रवि खटियान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 13.12.2025 के परिप्रेक्ष्य में पदाधिकारियों के साथ बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.12.2025 के आयोजन में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण सुनिवित कराने हेतु आज 20.11.2025 समय 4 बजे बैठक आहुत की गई, जिसकी अध्यक्षता ऋतु नागर, (प्रभारी नोडल अधिकारी लोक अदालत) अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय शामली, द्वारा की गई, जिसमें सुरेन्द्र कुमार राय, अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, शामली, मती आंचल कसाना, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शामली, संजय कुमार (शिक्षा विभाग), दीपेन्द्र (पी.डब्लू.डी), मुकेश कुमार (सहकारी समिति), महेन्द्र कुमार (जी.एस.टी), हेमन्त (आबकारी विभाग), जितेन्द्र (सी.एफ.ओ), राजेश कुमार आईटीआई, रीतु रस्तोगी समाज कल्याण विभाग, शहजाद अहमद मत्स्य विभाग, भूपेन्द्र सिंह दुग्ध डेयरी शामली आदि उपस्थित रहे। बैठक में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाए जाने के बारे में उपस्थित पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया गया तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण अन्तिम रूप से कराकर राष्ट्रीय नोक अदालत को सफल बनाए जाने हेतु अपना योगदान प्रदान करने हेतु कहा गया।

# गैंगस्टर के दो आरो. पियों को आठ-आठ वर्ष की कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** न्यायालय ने गैंगस्टर के दो आरोपियों को आरोप सिद्ध होने पर आठ-आठ वर्ष के कारावास व 25-25 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता क्राइम संजय चौहान ने बताया कि वर्ष-2019 में थानाभवन पुलिस ने क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी निवासी साकिब व जनपद गाजियाबाद के ग्राम सारा निवासी सुलतान उर्फ कल्लू के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा-2/3 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने मुक. दमा दर्ज करने के पश्चात दोनों आरो. पियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। विवेचक ने मामले की तफ्तीश करके आरोप-पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। यह मामला अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) ऋतु नागर की अदालत में विचाराधीन था।

अभियोजन पक्ष की ओर से कुल चार गवाह न्यायालय के समक्ष पेश किए गए। गुरुवार को न्यायाधीश ने पत्रावलियों के अवलोकन व दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के तर्क-वितर्क सुनने के पश्चात आरोपी साकिब व सुलतान उर्फ कल्लू को दोषी करार देते हुए आठ-आठ वर्ष के साधारण कारावास व 25-25 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

कोर्ट ने अर्थदंड अदा न करने पर एक-एक माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतने के आदेश दिए है। दोषियों के द्वारा गिरफ्तारी के बाद जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा।

# तीन सप्ताह बाद भी बकाया गन्ना भुगतान अटका, आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में स्थित बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल का नया पेराई सत्र प्रारम्भ हुए लगभग तीन सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन विगत वर्ष का किसानों का लगभग 60 करोड़ रूपए गन्ना भुगतान अब तक लंबित है। किसानों को अभी तक मात्र 8 करोड़ रूपए का ही भुगतान किया गया है, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है।इसी को लेकर किसान संघर्ष समिति एवं भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में नगर पंचायत सभागार तथा गांव सोत्ता रसूलपुर में बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें किसानों ने बकाया भुगतान की शीघ्र निपटान की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी। मिल के गन्ना महाप्र. बंधक लेखपाल सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष का लगभग 60 करोड़ रूपए बकाया था, जिसमें से 8 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि नए सत्र की चीनी की बिक्री प्रारंभ न होने के कारण भुगतान में देरी हुई है, लेकिन अब बिक्री शुरू हो गई है। शेष लगभग 52 करोड़ रूपए का भुगतान जल्द ही कर दिया जाएगा।



मास्टर जाहिद प्रदेश संगठन मंत्री भाकियू ने कहा कि धरना और प्रदर्शन करने के बाद भी मिल ने पिछले वर्ष का भुगतान नहीं किया। किसान गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा।



किसान इसरा. इल राणा बोले कि मिल ने अभी तक बकाया भुगतान नहीं किया, जबकि पेराई सत्र शुरू हुए तीन सप्ताह से ज्यादा हो चुके हैं। हमें खाद.बीज और घर खर्च के लिए पैसों की सख्त जरूरत है। अगर जल्द भुगतान नहीं हुआ तो गांव-गांव से किसान सड़क पर उतरेंगे।



किसान अमिल मालिक का कहना है कि हर साल मिल भुगतान में देरी करती है और प्रशासन सिर्फ आश्वा. सन देकर चुप बैठ जाता है। हम मेहनत से गन्ना तैयार करते हैं, लेकिन समय पर पैसा न मिलने से खेती ही घाटे का सौदा बनती जा रही है। अब किसान और इंतजार नहीं करेगा।



किसान मुंफैत राव ने नारा. जगी जाहिर करते हुए बताया कि हम छोटे किसान हैं, बकाया भुगतान न मिलने से मजदूरी तक देने में परेशानी हो रही है। मिल को चाहिए कि पहले किसानों का पिछला भुगतान निपटाए। अगर हफ्ते भर में भुगतान नहीं हुआ तो हम यूनियन के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेंगे।

किसान सुलेमान का कहना है कि सरकार ने इस वर्ष गन्ने का रेट 30 रूपए बढ़ा दिया, पर पिछले वर्ष के भुगतान को लेकर मिल पर कोई दबाव नहीं बनाया। बिना पैसे के घर चलाना कितना मुश्किल है, इसका अंदाजा न मिल प्रशासन को है, न अधिकारियों को।

# कारों की आमने-सामने हुई भिड़ंत, पांच लोग घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** कारों की आमने सामने की भिडंत में पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

करनाल की मंगल कॉलोनी सेक्टर-4 निवासी 40 वर्षीय फारुक बेटे शोएब और करनाल के तारावली निवासी 36 वर्षीय साथी रुपचंद के साथ देवबंद-गंगोह बाइपास से कासिमपुरा के रास्ते हाईवे पर जा रहे थे। जब वह कासिमपुरा रेलवे फाटक के समीप पहुंचे तो सामने से आई दूसरी कार से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कारों के अगले हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में करनाल निवासी तीनों लोग और दूसरी कार में सवार सहारनपुर के गढ़ी पुख्ता निवासी 25 वर्षीय सुहैल और जनपद



हरिद्वार के झबरेड़ा निवासी 35 वर्षीय सन्नी घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# रंजिश के चलते युवक को मारपीट कर किया घायल

**देवबन्द।** रंजिशन के चलते युवकों के झगड़े में एक पक्ष के दो युवकों ने लाठी-डंडो और लोहे के पंच से हमला कर एक युवक को घायल कर दिया। घायल पीडित ने कोतवाली में दी तहरीर में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रणखंडी स्थित बधाई पट्टी निवासी युवक वंश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया हैं कि वह गांव से देवबंद आ रहा था। इसी दौरान रास्तें में घात लगाए बैठे गांव के ही युवकों ने उस पर हमला कर दिया। बताया कि राहगिरों ने आरोपियों से उसकी बामुश्किल जान बचाई। पुलिस ने घायल वंश का मेडिकल करा मामले की जांच प्रारंभ करदी। पुलिस के मुताबिक घटना की जांच के उपरांत आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत उपभोक्ताओं को योजनाओं की दें जानकारी: शाही

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा शुरु की गई बिजली बिल राहत योजना के तहत निगम अधिकारियों द्वारा आयोजित बैठक में स्थानीय अधिकारियों को को योजना से लाभांवित कराने और इसके प्रचार प्रसार को लेकर दिशा निर्देश दिए गए।

लोकनिर्माण विभाग अतिथिगृह में अधिशासी अभियंता मृत्यंजय शाही ने निगम के उपखंड अधिकारियों, अवर अभियंताओं और टीजी-2 के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रदेश सरकार की बिजली राहत योजना के संबंध में जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर इसका प्रचार प्रसार किए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए। ताकि अधिक से अधिक राजस्व की वसूली हो सके। मृत्यंजय शाही ने बताया एक दिसंबर से शुरु होने वाली योजना के तहत बिजली बिल के मूलधन में पहली बार 25 प्रतिशत तक की छूट रखी गई है जबकि बकाया और वर्तमान बिल को अलग रखा गया है। नियमित बिल भरने वाले उपभोक्ता पिछला बकाया पांच सौ और 750 रुपये की आसान किश्तों में भर सकते हैं। संपूर्ण भुगतान ब्याजमुक्त रहेगा। मृत्यंजय



शाही ने बताया कि योजना में सामान्य से बढ़ा हुआ बिल आने पर औसत बिल भरने का प्राविधान रखा गया है। जबकि बिजली चोरी के मामलों में निर्धारित कर में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया। इस मौके पर उपखंड अधिकारी डीके मौर्ये, संतोष कुमार, सहायक अभियंता मीटर शशि भूषण गुप्ता, विष्णु कोठारी, गुलशन झा, अवर अभियंता बबलू कुमार, राजू कुमार, मो. जीशान, गोविंद, संदीप, रविपाल, सुनील कुमार आदि शामिल रहे।

# फ्रूट एसोसिशन चुनाव में अदनान कुरैशी विजयी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** फ्रूट एसोसिशन देवबंद का चुनाव युवा फ्रूट व्यापारी अदनान कुरैशी व 25 सालों से अध्यक्ष चले आ रहे सुलेमान फारूकी के बीच हुए कांटे के मुकाबले में युवा फ्रूट व्यापारी अदनान कुरैशी ने अपने प्रतिद्वंदी सुलेमान फारूकी को दो वोटों से प्रा. जित कर अध्यक्ष पद पर अपना कब्जा जमाया। उनकी इस कामयाबी पर व्यापारियों व समर्थकों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी।

नवीन मंडी स्थित सभागार में उपजिलाधिकारी युवराज सिंह एवं मंडी समिति के सचिव भानू प्रताप सिंह की देख रेख में फ्रूट एसोसिएशन के चुनाव में कुल 32 फ्रूट व्यापारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कांटे के मुकाबले में 25 वर्षो से निर्विरोध अध्यक्ष चले आ रहे सुल.



ेमान फारूकी को कुल 15 वोट मिले जबकि युवा फ्रूट व्यापारी अदनान कुरैशी ने 17 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए फूल मलाओं से जोरदार स्वागत किया। नवनियुक्त अध्यक्ष अदनान कुरैशी ने कहा कि वह उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। फ्रूट व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए वह हर समय तत्पर रहेंगे। स्वागत करने वालों में पूर्व सभासद तौफीक अहमद जग्गी, आकिल कुरैशी, इफ्तिखार



उर्फ शन्नू, आफताब कुरैशी, मुफ्ती नाजिम, अनस मलिक, फरमान कुरैशी, एहतेशाम, हाजी सलीम आढ़ती, सोनू कुरैशी, अफजाल कुरैशी, आदि व्यापारियों व सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, इस्राइल गौड, शहजाद कुरैशी उर्फ मुन्ना, अजीम सिद्दीकी, तोहीद गौड, शादाब उर्फ सोनू कुरैशी, अहमद कुरैशी आदि समर्थकों ने उनकी जीत पर हर्ष जताते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# छात्र ने नेशनल लेवल कराटे सलेक्शन ट्रायल में किया शानदार प्रदर्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** दून हिल्स एकेडमी के प्रतिभाशाली छात्र कर्तक्ष ने सीबीएसई नेशनल लेवल कराटे सलेक्शन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया है। प्रबंधन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र को सम्मानित किया गया।

मुजफ्फरनगर रोड स्थित दून हिल्स एकेडमी के डायरेक्टर तनुराज वर्मा व प्रधानाचार्य डॉ. अंजली वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में रामश्री नर्मदा इंटरनेशनल स्कूल ग्वालियर में 15 से 18 नवंबर तक आयोजित की गई थी। इसमें विभिन्न विद्यालयों के 850 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न वर्गों में




प्रतिभाग कर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उनके स्कूल के छात्र कर्तक्ष व अभि पंवार का प्रदर्शन शानदार रहा। ने कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

# एसआईआर अभियान के तहत सपा का महाअभियान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** एसआईआर अभियान के तहत समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे महाभियान के अन्तर्गत मतदाता गणना प्रपत्र भरने के लिए आयोजित शिविर का उद्घाटन सपा प्रभारी मजाहिर राणा व पूर्व विधायक माविया अली ने संयुक्त रूप से गणना प्रपत्र फार्म भरकर किया।

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत समाजवादी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे महाभियान का मोहल्ला दीवान में आयोजित शिविर में मतदाताओं के फार्म भरने वालो की लंबी कतारें लग गई। इस अवसर पर सपा नेता हैदर अली ने बताया कि लोगो की सुविधा के लिए लगाये गए शिविर में प्रतिदिन सुबह से रात तक मतदाताओं के गणना प्रपत्र फार्म भरने के लिए




व्यवस्था की गई हैं ताकि सभी मतदाताओं के फार्म ठीक प्रकार से भरकर समय पर जमा हो सकें। इस मौके पर सपा के वरिष्ठ नेता इकबाल मलिक, विधानसभा अध्यक्षक रमेश पंवार, इंजी. मौहम्मद उसमान सपा नगर अध्यक्ष रमजानी कुरैशी, सपा सचिव शाहनवाज मलिक, सपा नेता आमिर उस्मानी, इस्राइल गौड, समीन निजामी, अजीम सिद्दीकी, कारी रिहान, मुदस्सिर सिद्दीकी, अफजाल कुरैशी आदि लोग शामिल रहे।

# मानव कल्याण मंच की कार्यकारिणी घोषित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** सामाजिक संस्था मानव कल्याण मंच द्वारा कार्यकारिणी घोषित कर सुशील कर्णवाल को अध्यक्ष एवं राजू सैनी को महासचिव मनोनीत किया गया। जबकि महिला मंडल की कमान पूजा छाबड़ा को सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मानव कल्याण मंच के स्थानीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में मंच संस्थापक अरुण अग्रवाल और भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता ने वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा की।

जितेंद्र कश्यप को कोषाध्यक्ष, डा. लोकेश वत्स, प्रमोद मित्तल, गिरीश अग्रवाल, नरेंद्र बंसल को उपाध्यक्ष, अमन गोयल को सचिव, यश बंसल व गिरीश गोयल को सहकोषाध्यक्ष, धनंजय भटेजा, सुनील बंसल को ऑडिटर, रविंद्र कश्यप एड. को संगठन मंत्री, अमित गर्ग, चंद्र प्रकाश गाबा को भवन प्रबंधक और संजय सैनी को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके साथ ही मानव कल्याण मंच महिला मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए मीनू शर्मा को उपाध्यक्ष और ममता वर्मा को महासचिव बनाया गया। इसके अलावा अन्य पदों की जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। नव नियुक्त सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी, सदर, सहारनपुर।**

संख्या 1381 / राजस्व अहलमद
दिनांक: नवम्बर 17, 2025
वाद संख्या 17305/2025
कंप्यूटरीकृत वाद संख्या-टी202509600117305.

**इनाम आदि बनाम मेहरबान आदि**

1-इनाम पुत्र रिजवान ग्राम कैलाशपुर परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर 2-मौ0 रईस 3-मौ0 खलीक 4-मौ0 नफीस 5-अनीस पुत्रगण खलील अहमद निवासीगण ग्राम मोहिद्दीनपुर परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर। .....वादीगण

**बनाम**

1-मेहरबान पुत्र रिजवान 2-आकिब 3-मौ0 आजम 4-साहिल कुरैशी 5-सुम्बुल पुत्रगण फजलुर्रहमान 6-शागुल पुत्री फजलुरहमान 7-श्रीमती रशीदा पत्नी फजलुरहमान समस्त निवासीगण ग्राम कैलाशपुर परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर 8-जुल्फान पुत्र रसीद 9-गुलबहार पुत्र रसीद 10-मुरसलीन पुत्र नसीम 11-श्रीमती नूरजहां पत्नी नसीम 12-आफरीन पुत्री नसीम 13-शब्बीर पुत्र बुन्दू 14-मसरजहां पुत्री खलील 15-बतूल पत्नी खलील 16-फरमान 17-नौमान पुत्रगण खलील 18-अलीहसन 19-अशद 20-मौ0 अली पुत्रगण रिजवान 21-अलकमा 22-अययुब पिसर असगर 25-पु0 मुन्सरीना पत्नी इकराम 26-फारूख पुत्र खुशह्द 27-असलम 28-सुलेमान 29-नसीम 30-ताहिर पुत्रगण यासीन समस्त निवासीगण ग्राम मोहिद्दीनपुर परगना हरोडा तहीसल व जिला सहारनपुर 31-ग्राम सभा/ग्राम पंचायत ग्राम मोहिद्दीनपुर परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर द्वारा प्रधान ग्राम मोहीद्दीनपुर परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर। .....प्रतिवादगण

**वाद अन्तर्गत धारा 116 अधिनियम, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 स्थित ग्राम मोहीद्दीनपुर परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर।**

एतद्वारा आपको सूचित किया जाता है कि वाद उपरोक्त 1-इनाम पुत्र रिजवान ग्राम कैलाशपुर परगना हरौंडा तहसील व जिला सहारनपुर 2-मौ0 रईस 3-मौ0 खलीक 4-मौ0 नफीस 5-अनीस पुत्रगण खलील अहमद निवासीगण ग्राम मोहिद्दीनपुर परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर। द्वारा खसरा नम्बर 269 रकबई 1.7340 हे0 स्थित भूमि मोहीद्दीनपुर परगना हरोडा तहसील व जिला सहारनपुर के सम्बन्ध में योजित किया गया है। अत: आप उपरोक्त वाद में नियत दिनांक 21-11-2025 को सुबह 11.00 बजे आप स्वंय या अपने पैरोकार के माध्यम से अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपने वाद की पैरवी करें। यदि नियत दिनांक पर आप उपस्थित नहीं होते है। तो यह समझा जायेगा कि आपको उक्त वाद में कुछ नहीं कहना है और वाद में न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिये जायेगें।

उपजिलाधिकारी
सदर, सहारनपुर।

## क्रिसेंट में वार्षिक खेलकूद समारोह

**चांदपुर।** क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई आकर्षक मुकाबले प्रस्तुत किए। समारोह के दौरान विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण ापत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के वाइस मैनेजर मरगूब अहमद, प्रधानाचार्य नदीम बख्त तथा एकेडमिक हेड शाहजाद खान ने सभी प्रतिभागियों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों तथा छात्रों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक उत्साहपूर्ण बना दिया।

# चोरों की 'शातिर जोड़ी' गिरफ्तार

## एक छात्र, दूसरा बैंक कर्मचारी, पुलिस ने चालान कर भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** तीन दिन पहले हुई एक साधारण-सी बाइक चोरी की वारदात ने पूरे शहर को हिला दिया। किसे पता था कि जिस वारदात को लोग 'छोटी घटना' समझ रहे थे, उसके पीछे दो ऐसे चेहरे सामने आएंगे, जिन पर किसी को शक भी नहीं हो सकता था। एक कक्षा 11 का छात्र और दूसरा बैंक में कार्यरत कर्मचारी है।

घटना उस समय की है जब मनभावन बैंकट हॉल के पास की तंग गली में दो युवक लाल बाइक से पहुंचे। कुछ ही सेकंडों में वे वहां खड़ी काली बाइक का लॉक तोड़कर उसे लेकर गायब हो गए। जिस तेजी से यह चोरी हुई, उसने स्थानीय लोगों को डरा दिया। कई लोगों ने कहा इतनी आसानी से बाइक कैसे गायब हो सकती है? क्या शहर अब सुरक्षित नहीं रहा? इस बीच मामला उजागर



होने के बाद पुलिस हरकत में आई और शहर में सघन वाहन चेकिंग शुरू हुई। चेकिंग के दौरान पुलिस की नजर एक काली बाइक पर गई। नंबर-प्लेट कुछ गड़बड़ लगी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की, लेकिन बाइक पर बैठे युवक भागने लगे। प्रयास चौकी के पास पुलिस ने पीछा कर उन दोनों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी आशुतोष (नसीरपुर बनवारी) और अमित (रानीबाग कॉलोनी) निकले। आशुतोष पढ़ाई करता है। घरवालों को शायद यह अंदाजा भी नहीं होगा कि उनका बेटा चोरी जैसे अपराध में शामिल है। वहीं अमित, जो बैंक में नौकरी करता है, लोगों की मेहनत की कमाई संभालने वाली संस्था का हिस्सा होने के बावजूद खुद अपराध के रास्ते पर चल पड़ा।

जांच में सामने आया कि दोनों चोरी की बाइक पर अपनी स्कूटी की नंबर-प्लेट लगा कर घूमते थे। पुलिस के अनुसार दोनों हरियाणा में भी कई घटनाओं में शामिल रहे हैं, पर वहां रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

धामपुर में ये उनकी पहली चोरी थी, मगर किस्मत ने साथ नहीं दिया और दोनों पुलिस के हत्थे चढ़ गए। स्थानीय लोगों में राहत है कि यह गिरोह पकड़ा गया, वरना आगे चलकर यह बड़े अपराधों को जन्म दे सकता था। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर बाइक बरामद की और दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।क्षेत्रवासियों ने पुलिस के साहस और मीडिया की भूमिका की खुलकर सराहना की है।

## पंचायतें बनेगी स्वावलम्बी: सतेन्द्र




**कोतवाली।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्त्रोत विषय पर जनपद बिजनौर के ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकासखण्ड सभागार कोतवाली देहात पर आयोजित किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये मंथन करना था। जिसमें सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए सतेंद्र शर्मा के द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में प्रशिक्षक कुलवीर सिंह के द्वारा पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम व पुस्तकालय बना कर। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, मेहनाज के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क, शहनाज के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वावलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे।



# गुरु नानक देव का प्रकाशोत्सव मनाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** गुरु नानक देव जी महाराज का 556 वा प्रकाश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रागी कुलविंदर सिंह खरड तथा भाई मंजीत सिंह संत अमृतसर वाले ने शब्द कीर्तन के दौरान संगत को गुरु वाणी के माध्यम से निहाल किया तथा गुरु नानक के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया तथा संगत ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया कड़े सुरक्षाओं के बीच नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुद्वारा परिसर में 7 दिवसीय 556 गुरु नानक देव प्रकाश उत्सव गुरुद्वारा परिसर में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। समापन पर गुरुद्वारा परिसर में अखंड पाठ का आयोजन किया गया। बाहर के रागी कुलविंदर सिंह खरड तथा भाई मंजीत सिंह द्वारा सिख संगत को गुरुवाणी कीर्तन के माध्यम से रागियों द्वारा संगत को निहाल किया गया। गुरुद्वारा परिसर में विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भारी संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सेवादारों को गुरु सभा के द्वारा सरोपे भेंट किए गए। साथ ही गुरुद्वारा परिसर से नगर कीर्तन प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन मौहल्ला सराय जौका, चौधरियान, सब्जी मंडी, हलवाईयान एजेंसी चौराहा ईदगाह मोड, जोशियान, पीर की चुंगी, मक्खन मार्केट, हाथी वाला मंदिर, होलियान धर्मशाला से होते हुए गुरुद्वारा परिसर में जाकर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में सिखों के गुरुओं के होर्डिंग, अखाड़ा, पंच प्यारे गुरु ग्रंथ साहब की अगुवाई करते चल रहे थे। बैंड धार्मिक धोने बजते चल रहे थे। साथ ही संगत द्वारा भजन कीर्तन करते चल रहे थे। महिलाएं सड़कों की सफाई करती हुई चल रही थी। नगर कीर्तन में अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहा।

साथ ही नगर कीर्तन में 800 मीटर लंबी साज सज्जा सहित 150 किग्रा की पगड़ी धारण करने वाले यमुनानगर के मछरौली स्थित गुरुद्वारा बाबा प्यार सिंह पिंड के जत्थेदार बाबा सरदार बलवंत सिंह ने 800 मीटर की पगड़ी बांधे नगर कीर्तन में मौजूद रहे। साथ ही अखाड़े में कई प्रतिभागी अपना करतब दिखा रहे थे। साथ ही गुरु ग्रंथ साहिब का वाहन फूलों से सजा हुआ था। गुरु ज्ञानी त्रिवेंद्र सिंह प्रसाद वितरण करते हुए चल रहे थे। साथ ही नगर में कई स्थानों पर दूसरे समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। मौहल्ला जोशियान में अन्य समाज के लोगों ने नगर कीर्तन का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

इस अवसर पर अरविन्द जोशी, ऋषभ जैन, रोहित सैनी, पंकज शर्मा, तेजपाल सैनी, आदेश चंद्र, विकास जोशी आदि समाज के लोग शामिल रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मैंने अपना नाम SANJAY KUMAR से बदलकर SANJAY KOHLI रख लिया है।

SANJAY KOHLI S/o MAN MOHAN KOHLI, R/o MOUHALLA SADAK ROAD DEOBAND DISTT- SAHARANPUR.

# दीक्षा डागर ने जीता सोना



**सिल्वर मेडल फ्रांस की मार्गो ब्रेजो को मिला और ब्रांज मेडल कनाडा की एरिका डॉन ने जीता**

**टोक्यो, वार्ता।** भारत की प्रोफेशनल गोल्फर दीक्षा डागर ने गुरुवार को डेफलंपिक्स के छठे दिन महिलाओं के इंडिविजुअल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। दीक्षा ने 3 राउंड के बाद 11 अंडर पार का स्कोर किया। 54 होल के आखिर में उनके कुल पार थे- राउंड3: 11 अंडर पार, राउंड2: 11 अंडर पार और राउंड1: 4 अंडर पार। यह 24 साल की दीक्षा का तीसरा डेफलंपिक्स मेडल है। उन्होंने 2017 में सैमसन तुर्किए में अपने पहले गेम्स में सिल्वर मेडल जीता था, फिर ब्राजील के कैक्सियास डो सुल में गोल्ड मेडल जीता था। तीन डेफलंपिक्स के अलावा, अर्जुन अवॉर्डी दीक्षा ने टोक्यो ओलंपिक्स 2020 (एबल बॉडी) में भी देश को रिप्रेजेंट किया है। सिल्वर मेडल फ्रांस की मार्गो ब्रेजो को मिला और ब्रॉन्ज़ मेडल कनाडा की एरिका डॉन रिवार्ड ने जीता। डेफलिपिक्स 15-26 नवम्बर तक टोक्यो में खेले जा रहे हैं और इसमें 111 भारतीय खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

## अरशद नदीम ने भाला फेंक स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**रियाद, वार्ता।** मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम ने इस्लामिक सॉलिडैरिटी गेम्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। प्रिंस फैसल बिन फहद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में बुधवार को हुए मुकाबले में अरशद नदीम ने अपने दूसरे प्रयास में 83-05 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सात प्रतियोगियों के बीच अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाया।

अरशद नदीम ने तुर्की के कोन्या में पिछले एडिशन में भी 88.55 मीटर का नया गेम्स रिकॉर्ड बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया था।



**खेल विशेष**

## फेडरर अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम चुने गए

**लंदन, वार्ता।** स्विट्जरलैंड के स्टार टेनिस खिलाड़ी और 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रोजर फेडरर को अंतर्राष्ट्रीय हॉल ऑफ फेम में चुना गया है। रोड आइलैंड स्थित हॉल ऑफ फेम ने बुधवार को यह जानकारी दी। टीवी प्रस्तोता और पत्रकार तथा पूर्व खिलाड़ी मैरी कैरिलो को योगदानकर्ता श्रेणी में चुना गया। इन्हें हॉल ऑफ फेम में शामिल करने के लिए समारोह अगस्त 2026 में होगा। फेडरर ने 103 टूर-स्तरीय खिताब, 20 बड़ी ट्रॉफियां और 28 एटीपी मास्टर्स 1000 क्राउन जीते है। 43 साल के फेडरर के नाम फरवरी 2004 से अगस्त 2008 तक 237 हफ्तों तक लगातार वर्ल्ड नंबर वन रहने का रिकॉर्ड है। वह पांच बार एटीपी ईयर-एंड नंबर वन रहे, पीआईएफ सम्मान से सम्मानित हुए, 13 बार स्टीफन एडबर्ग स्पोर्ट्समैनशिप अवॉर्ड मिला और 2003-21 तक लगातार 19 सालों तक एटीपी फैंस के पसंदीदा चुने गए। अपनी इस उपलब्धि पर फेडरर ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल होना और खेल के इतने सारे महान चैंपियन के साथ खड़ा होना बहुत बड़ा सम्मान है। अपने पूरे करियर में, मैंने हमेशा टेनिस के इतिहास और मुझसे पहले आए लोगों के उदाहरण को महत्व दिया है। स्विस टेनिस में, अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों से घिरे हुए यह खबर सुनना बहुत खास था वह जगह जहां मेरी अपनी यात्रा पहली बार शुरू हुई थी। खेल और मेरे साथियों से इस तरह पहचान मिलना बहुत अच्छा लग रहा है। मैं अगले अगस्त में टेनिस कम्युनिटी के साथ इस खास पल को मनाने के लिए न्यूपोर्ट आने का इंतजार कर रहा हूं। 20 ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी फेडरर 'क्लास ऑफ 2026' के लिए समर्थन प्राप्त करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। फेडरर ने नडाल और जोकोविच जैसे साथी महान खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले युग को 'टेनिस के लिए स्वर्णिम समय' माना।

# मुशफिकुर-लिटन के शतक, आयरलैंड 98/5 पर

**मीरपुर, वार्ता।** मुशफिकुर रहीम (106) और लिटन कुमार दास (128) की शतकीय पारियों के दम पर बंगलादेश ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को पहली पारी में 476 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करने के बाद बल्लेबाजी कर रही आयरलैंड के स्टंप के समय तक 98 रन पर पांच विकेट झटकर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। बांग्लादेश ने कल के 294 पर चार विकेट से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में अपने 100वें टेस्ट में शतक बनाने वाले मुशफिकुर रहीम आउट हुए। उन्होंने 214 गेंदों में पांच चौके लगाते हुए 106 रन बनाए। उन्हें मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मेहदी हसन मिराज ने लिटन दास के साथ छठे विकेट के लिए 123 रन जोड़े। गेविन होए ने मेहदी हसन मिराज को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। बंगलादेश का सातवां विकेट दूसरे शतक वीर लिटन कुमार दास के रूप में गिरा। लिटन कुमार दास ने 192 गेंदों में आठ चौके और चार छक्कों की मदद से 128 रनों की पारी खेली। तैजुल इस्लाम (चार), हसन मुराद 11 रन बनाकर आउट हुए । 142वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन ने खलील अहमद (आठ) को आउटकर 476 के स्कोर पर बंगलादेश की पहली पारी का अंत कर दिया। आयरलैंड के लिए एंडी मैकब्राइन ने छह विकेट लिए। मैथ्यू हम्फ्रीज और गेविन होए को दो-दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड के लिए कप्तान एंडी मैकब्राइन और पॉल स्टर्लिंग की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 41 रन जोड़े। खलील अहमद ने पॉल स्टर्लिंग (27) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 19वें ओवर में हसन मुराद ने एंडी मैकब्राइन (21) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। कैड कारमाइकल (17), हैरी टेक्टर (14) और कर्टिस कैम्फर (शून्य) पर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय आयरलैंड ने पांच विकेट पर 98 रन बना लिए थे और लोरकन टकर (नाबाद 11) और स्टीफन डोहेनी (नाबाद दो) क्रीज पर मौजूद थे। बांग्लादेश के लिए हसन मुराद ने दो विकेट लिए। खलील अहमद , तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## फीफा रैंकिंग में स्पेन शीर्ष पर

**जिनेवा, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) की ओर जारी की ताजा विश्व रैंकिंग में स्पेन 1877.18 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। ताजा रैंकिंग के अनुसार इस दौरान कुल 149 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए, जिसमें 74 मैत्री मैच शामिल हैं। रैंकिंग में अर्जेंटीना 1873.33 अंक के साथ दूसरे , फ्रांस 1870 अंक के साथ तीसरे और इंग्लैंड 1834.12 अंक के साथ चौथे स्थान पर बना हुआ है। ब्राजील को दो स्थान का फायदा हुआ है वह 1760-46 अंक के साथ दो पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर आ गया, जबकि पुर्तगाल 1760.38 अंक छठे और नीदरलैंड्स 1756.27 अंक सातवें स्थान पर आ गए। नॉर्वे से 4-1 से हारने के बाद इटली शीर्ष 10 से नीचे गिरकर 1702.06 अंक के साथ 12वें स्थान पर खिसक गया।

# सात्विक-चिराग और लक्ष्य सेन ने क्वॉटर फाइनल में प्रवेश किया

- **सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे की जोड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-11 से हराया**

**सिडनी, वार्ता।** भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने गुरुवार को चीनी ताइपे की जोड़ी सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिटंन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। वहीं लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल मुकाबले में जीत दर्ज कर अगले दौर में जगह बनाई।

पुरुष युगल बैडमिटंन रैंकिंग में तीसरे नंबर की सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 50वीं रैंक वाली चीनी ताइपे की जोड़ी सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन की जोड़ी को 37 मिनट तक चले मुकाबले में 21-18, 21-11 से हराया। भारतीय बैडमिटंन खिलाड़ियों ने सिडनी के ओलंपिक बुलेवार्ड के क्वेसेंटर में धीमी शुरुआत की। वे सु चिग-हेंग और वू गुआन-शुन के खिलाफ शुरुआती गेम में 15-9 से पीछे चल रहे थे। इसके बाद सात्विक-चिराग ने तेजी दिखाते हुए बढ़त बना ली और पहला गेम 21-18 से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम एकतरफा रहा। सात्विक-चिराग की जोड़ी शुक्रवार को शीर्ष आठ में इंडोनेशिया के पांचवें सीड मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और फजर अल्फियन से मुकाबला करेंगे। इस बीच, पेरिस 2024 के सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन ने एक घंटे से अधिक देर तक चले मुकाबले संघर्षपूर्ण मुकाबले में चीनी ताइपे के 27वें रैंक वाले ची यू-जेन को 21-17, 13-21, 21-13 से हराया। इस बीच, आयुष शेट्टी ने जापान के कोडाई नाराओका पर दूसरी उलटफेर वाली जीत दर्ज की। 32वें नंबर पर मौजूद शेट्टी ने एक घंटे आठ मिनट तक चले मुकाबले में नाराओका को 21-17, 21-16 से हराया। आयुष शेट्टी शुक्रवार को क्वार्टर-फाइनल में लक्ष्य सेन का सामना करेंगे। भारत के दुनिया के 35वें नंबर के एचएस प्रणय इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से 21-19, 21-10 से हारकर मुकाबले से बाहर हो गए।



## महित संधू ने 50 मीटर राइफल प्रोन में जीता सिल्वर

**टोक्यो, वार्ता।** राइफल शूटर महित संधू ने 50मी प्रोन इवेंट में सिल्वर जीता, टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में यह उनका तीसरा मेडल है। महित ने फाइनल तक पहुंचने के लिए क्वालिफिकेशन में वर्ल्ड डेफ रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने फाइनल में 246-1 का स्कोर करके सिल्वर मेडल जीता, जबकि चेकिया की एलिस्का स्वोबोडोवा ने 247-2 के स्कोर के साथ गोल्ड जीता। हंगरी की मीरा जुज़ाना बियातोव्स्की ने 225-0 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में दूसरी भारतीय शूटर, नताशा जोशी शूट-ऑफ के बाद आठवें स्थान पर रहीं।

फाइनल में, महित 14 शॉट पूरे करने के बाद चौथे स्थान पर थीं। अगले दो शॉट्स की सीरीज के बाद वह ब्रॉन्ज मेडल जीतने में सफल रहीं, उन्होंने यूक्रेन की वायलेटा लाइकोवा को हराया और 20 शॉट्स पूरे होने तक उसी पोजीशन पर रहीं। इसके बाद माहित ने अगली सीरीज में 9-8 और 10-2 का स्कोर किया, लेकिन हंगेरियन शूटर के 9-4 और 9-8 के स्कोर ने पक्का कर दिया कि भारतीय सिल्वर पोजीशन पर पहुंच गईं। माहित ने फिर 10-0 और 10-7 के स्कोर के साथ फाइनल खत्म किया, लेकिन स्वोबोडोवा के कुल स्कोर की बराबरी नहीं कर सकीं क्योंकि चेक शूटर ने भी अपने दोनों आखिरी शॉट 10 में मारे। इससे पहले क्वालिफिकेशन में, माहित ने 619-7 के स्कोर के साथ छह सीरीज खत्म करके एक नया डेफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया, जबकि नताशा जोशी ने 611-6 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। भारत ने टोक्यो में शूटिग में अपने मेडल की संख्या 12 कर ली है, जिसमें माहित ने तीन मेडल जीते हैं।

# युवराज संधू ने छह शॉट की बड़ी बढ़त हासिल की

- **युवराज अब डिगबोई में अपनी तीसरी जीत और सीजन के पांचवें टाइटल के लिए तैयार है**

**डिगबोई ( असम ), वार्ता।** पीजीटीआई रैंकिंग लीडर युवराज संधू के तीसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन ने उन्हें डिगबोई गोल्फ लिक्स में खेले जा रहे 1 करोड़ रुपये के इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स 2025 में कुल 16-अंडर 200 के स्कोर के साथ छह शॉट की बड़ी बढ़त दिला दी। युवराज (65-69-66), जो पहले और दूसरे राउंड के बाद दो स्ट्रोक से आगे थे, ने गुरुवार को शानदार और बिना गलती के छह-अंडर 66 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त चार शॉट और बढ़ा ली। चंडीगढ़ के 28 साल के युवराज अब डिगबोई में अपनी तीसरी जीत और सीजन के पांचवें टाइटल के लिए तैयार हैं। आखिरी दिन युवराज का पीछा विराज मदप्पा (70-68-68) करेंगे, जो पहली बार डिगबोई में खेल रहे हैं और अभी 10-अंडर 206 के साथ दूसरे नंबर पर हैं। 28 साल के मदप्पा के तीसरे राउंड में 68 के स्कोर ने उन्हें रात भर की टाई वाली तीसरी जगह से एक जगह ऊपर उठा दिया। श्रीलंका के एन थंगाराजा (67) और डिगबोई के पूर्व विजेता वीर अहलावत (69) नौ-अंडर 207 के कुल स्कोर के साथ तीसरे नंबर पर रहे। डिगबोई के देवेन भूमिज, जो कट बनाने वाले एकमात्र लोकल प्रोफेशनल हैं, अपने तीसरे राउंड में 73 के स्कोर के बाद चार-ओवर 220 के स्कोर के साथ 42वें नंबर पर रहे। युवराज संधू, जो पहले दिन से ही लीडरबोर्ड में टॉप पर हैं, ने तीसरे राउंड में ज़बरदस्त शुरुआत की, पहले सात होल्स में पांच बर्डी हासिल की, जहां उन्होंने छह से 10 फ़ीट की रेंज से तीन पट लगाए। इसके बाद युवराज ने पार-5 के 15वें होल पर एक और बर्डी लगाई। युवराज, जो इस साल अब तक च्ळज्प् पर सीज़न की कमाई में 1 करोड़ रुपये की कमाई पार करने वाले अकेले खिलाड़ी हैं, ने कहा कि मैंने लगातार दूसरे दिन रेग. ुलेशन में 17 ग्रीन्स मारे, इसलिए मेरी बॉल-स्ट्राइकिग सॉलिड बनी हुई है। पटर ने भी अपना काम किया।

हालांकि, बैक-नाइन पर बर्डी के लिए मैं कुछ फोर-फुटर्स चूक गया, जिससे मेरी प्रोग्रेस थोड़ी धीमी हो गई। इस साल की शुरुआत में पीजीटीआई के विनर विराज मदप्पा, डिगबोई गोल्फ़ लिक्स में अपनी पहली मौजूदगी में ही अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रहे, जो असम का उनका पहला दौरा भी है। विराज के राउंड में 11वें होल पर ईगल के लिए एक चिप-इन, एक और शानदार चिप जिससे उन्हें 14वें होल पर टैप-इन बर्डी मिली, दो और बर्डी और एक बोगी मिली। सप्तक तलवार (72), जो हाफ़वे स्टेज में दूसरे नंबर पर थे, आठ-अंडर 208 के साथ टाई में पांचवें स्थान पर आ गए।

## रोनाल्डो ने राष्ट्रपति ट्रम्प को कहा शुक्रिया

**वाशिगटन, वार्ता।** पुर्तगाली फुटबॉल स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने व्हाइट हाऊस में सऊदी प्रिस मोहम्मद बिन सलमान के लिए आयोजित स्टेट डिनर मे उन्हें और उनकी मंगेतर जॉर्जिना रोड्रिगेज को बुलाए जाने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया है। रोनाल्डो ने ट्रम्प के साथ अपनी और जॉर्जिना रोड्रिगेज की फोटो सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा कि मिस्टर प्रेसिडेंट, आपके निमंत्रण और आपने और प्रथम महिला ने मुझे और मेरी होने वाली पत्नी जॉर्जिना का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया, उसके लिए धन्यवाद। हममें से हर किसी के पास समाज को देने के लिए कुछ ना कुछ है और मैं अपनी ओर से पूरा प्रयास करुंगा।



# गुवाहाटी टेस्ट नहीं खेल पाएंगे शुभमन गिल

## दूसरे टेस्ट में उप कप्तान ऋषभ पंत शुभमन गिल की जगह कप्तान

**गुवाहाटी, वार्ता।** शुभमन गिल पिछले हफ्ते कोलकाता में पहले टेस्ट के दौरान लगी गर्दन की चोट से पूरी तरह ठीक नहीं हो पाने के कारण शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में शुरू होने वाले भारत के दूसरे टेस्ट से बाहर हो जाएंगे। उप कप्तान ऋषभ पंत उनकी जगह कप्तान होंगे।

माना जा रहा है कि मेडिकल सलाह के अनुसार, अगर गिल इतनी जल्दी खेलते हैं तो उन्हें गर्दन में ऐंठन दोबारा होने का खतरा है। उन्हें और आराम करने की सलाह दी गई है। इस बात का असर 30 नवम्बर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले तीन मैचों के लिए वनडे टीम में उनके सिलेक्शन पर भी पड़ सकता है। उस सीरीज के लिए टीम 23 नवम्बर को चुने जाने की उम्मीद है। गिल के बाहर होने की वजह से, भारत को उनकी जगह साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और नीतीश कुमार रेड्डी में से किसी एक को चुनना पड़ सकता है। कोलकाता टेस्ट के दूसरे दिन गिल को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था, जब उन्होंने भारत की पहली पारी में सिर्फ तीन बॉल खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट होने का फैसला किया था। तीसरे दिन की सुबह, बीसीसीआई ने कहा कि वह टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं लेंगे। भारत 124 रन के टारगेट का पीछा करते हुए 93 रन पर आउट हो गया और पिच पर अनइवन बाउंस थी, जिसके बाद टीम 30 रन से मैच हार गई। गिल अक्टूबर 2024 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ गर्दन में ऐंठन की वजह से एक टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। गुरुवार को, जब ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला कि गिल मैच नहीं खेल पाएंगे, तो भारत के बैटिग कोच सीतांशु कोटक ने गिल को बाहर किए बिना एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अगर ऐंठन दोबारा होने की कोई संभावना है तो टीम उन्हें खिलाने का रिस्क नहीं लेगी। कोटक ने कहा कि वह निश्चित रूप से बहुत अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। अब, (उन्हें खिलाना है या नहीं) यह फैसला कल शाम को लिया जाएगा। फिजियो, डॉक्टरों को यह फैसला करना होगा कि, (भले ही) वह पूरी तरह से ठीक हो जाएं, (खेल के दौरान), उन्हें फिर से वह ऐंठन नहीं होनी चाहिए। अगर हमारे पास यह गारंटी है कि, बहुत संभावना है, उन्हें यह समस्या दोबारा नहीं होगी, तो वह खेलेंगे। अगर कोई शक है, तो मुझे यकीन है कि वह एक और गेम के लिए आराम करेंगे, क्योंकि अगर वह खेलते हैं तो यह टीम के लिए मददगार नहीं होगा। गिल के रिप्लेसमेंट के बारे में सोचते समय भारत के लिए एक चिता यह है कि उनकी टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की संख्या ज़्यादा है। कोलकाता में उनकी एकादश में छह खिलाड़ी थे। टॉप आठ में पांच -और साई सुदर्शन और पडिक्कल, जो लाइन-अप में आने की कोशिश कर रहे थे, वे भी बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते हैं। भारत की लाइन-अप में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की संख्या ज़्यादा होने से कोलकाता में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर को काफी फायदा हुआ। कोटक ने कहा कि ऑफ स्पिनर बनाम बाएं हाथ के बल्लेबाज के मैच पर बहुत ज़्यादा ध्यान दिया गया, और बताया कि दक्षिण अफ्रीका ने कोलकाता में बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को भी खिलाया, जिससे भारत की लाइन-अप को फायदा होना चाहिए था। आप मुझे एक बात बताइए, उनके पास एक बाएं हाथ का स्पिनर भी था। अगर हमारे पास सात दाएं हाथ के बैट्समैन होते, तो? उनके पास एक बाएं हाथ का स्पिनर भी था, और एक ऑफ स्पिनर भी। मेरा मानना है कि आपको अच्छा खेलना होगा। ऑफ स्पिनर का बाएं हाथ के बल्लेबाज को बॉलिंग करने का मतलब यह नहीं है कि बाएं हाथ का बल्लेबाज आउट हो जाए। हमारे पास (कोलकाता में) दो बाएं हाथ के स्पिनर थे, उनके पास नौ दाएं हाथ के बल्लेबाज थे( क्या वे आउट हुए? तो शायद वह बात थोड़ी ओवररेटेड है। ओवररेटेड हो या न हो, इंडिया शायद मैच-अप पर सोचेगा, भले ही वे गुवाहाटी के ट्रैक के लिए तैयारी कर रहे हों, जो कोलकाता के मुकाबले बैटर्स के लिए ज़्यादा आसान होने वाला है। मैच से दो दिन पहले इंडिया के ज़रूरी प्रैक्टिस सेशन से कुछ इशारा मिला कि गिल की जगह कौन आ सकता है। नेट्स में बैटिग करने आए पहले चार बैटर यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, वाशिगटन सुंदर और ध्रुव जुरेल थे। पहले तीन कोलकाता में इंडिया के टॉप तीन थे, और जुरेल ने गिल की गैरमौजूदगी में दूसरी इनिंग्स में नंबर 4 पर बैटिग की थी। साई सुदर्शन अगले नेट्स में थे। इस बीच, पडिक्कल ने नेट्स सेशन के शुरुआती हिस्से में बैटिग नहीं की, लेकिन स्पिनर्स के नेट में पार्ट-टाइम ऑफस्पिन बॉलिंग करते दिखे। सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर रेड्डी, जिन्हें कोलकाता में स्क्वॉड से रिलीज कर दिया गया था ताकि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इंडिया ए की लिमिटेड-ओवर्स सीरीज में खेल सकें, ट्रेनिग में वापस आ गए, और साथ में बॉलिंग की। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप फास्ट बॉलर्स के नेट में। अक्षर ने शुरू में बॉलिंग नहीं की, और सेशन शुरू होने के लगभग 45 मिनट बाद ही अपने टीम के साथियों के साथ शामिल हुए। इनमें से कोई भी बात जरूरी नहीं कि भारत के संभावित सिलेक्शन की ओर इशारा करती हो।

# जामा मस्जिद कलां की सहदरी बनेगी 3 मंजिला

## सदर हकीम मौलाना मौ. उसमान की सदारत मे हुई बैठक में अनेकों प्रस्ताव पर की गई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद कलां की इंतजामिया कमेटी के आयोजित बैठक में अनेकों प्रस्ताव पर चर्चा की गयी।

बैठक का आगाज कमेटी सदर मौलाना हकीम मौहम्मद उसमान की सदारत व जामा मस्जिद प्रबन्धक मौलाना फरीद मजाहिरी की तिलावत ए कलाम से किया गया। मौलाना फरीद मजाहिरी ने सबसे पहले साबका कार्यवाही को कमेटी के सामने रखा जिसे स्वीकार किया गया। इसके अलावा अबूबकर शिब्ली की हौज की निजीकारी की तजवीज पर भी गौर किया गया और तय पाया कि जल्द ही हौज के अन्दर अच्छी और खूबसूरत टाइल्स लगाई जायेगी ताकि इसमें काई आदि न जमे। मौ. सालेह अहकर ने सहदरी को बढाने की तजवीज रखते हुए कहा कि नमाजियो की बढती तादाद को देखते हुए इसको तीन मंजिला बनाई जाये। अब सरकार





की तरफ से भी सडकों पर नमाज पढने पर पाबन्दी है और रमजान में नमाजिया की तादाद भी दोगुनी हो जाती है। सहदरी के तीन मंजिला बन जाने से नमाजियों को भी सहूलियत मल जायेगी। चौ. मुजफ्फर ने शहीद गंज में स्थित सोहराब मार्किट की जदीद तामीर की तजवीज रखी जिसके लिए एक कमेटी बनाई गयी जो किसी ठेकेदार से बात करके इसकी जदीद तामीर के रास्ते को साफ करेगी। सैकेट्री मसूद बदर ने जामा मस्जिद के उन सफाई मुला. जिमीन को अपने काम में लापरवाही बरतते है उनको हटाकर उनकी जगह नये मुलाजिमीन रखने की तजवीज पेश की जिसको मन्जूर कर लिया गया। एम शाहिद जुबैरी ने कहा सहदरी की तौसी के लिए रूडकी जाकर इंजीनियर से मुलाकात करके उनसे तामीर की बात किये जाने बात कही जिसकों कमेटी ने कबूल कर हुए चार सदस्यीय कमेटी बनाई गयी। किरायेदारों के किराये में इजाफा करने की तजवीज को भी स्वीकार करने के साथ ही हकीम मौलाना मुहम्मद उसमान मदनी की दुआ के साथ मीटिंग खत्म की गयी। इससे पूर्व सदर हकीम मौलाना उसमान मदनी का गुलपोशी के साथ सदस्यों चौ. मुजफ्फर, अबूबकर शिब्ली, मास्टर महमूद आदि ने स्वागत किया।

# ग्लोकल विश्वविद्यालय में लगे शिविर में 80 छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन के संरक्षण, कुलपति प्रोफेसर डॉ जॉन फिनबे की प्रेरणा तथा कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की अनुप्रेरणा से मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत छात्र कल्याण अध्यक्षता और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 80 छात्राओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

इस आयोजन की समन्वयक छात्र कल्याण अधिष्ठाता टीम की सदस्य डॉ. सना जकी (एसोसिएट प्रोफेसर, विभागख्र इमलुल अदविया, ग्लोकल यूनानी मेडिकल कॉलेज) रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ डीएसडब्ल्यू प्रो. शोभा त्रिपाठी के उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने सरकार की




योजना मिशन शक्ति के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक स्त्री को तन-मन से स्वस्थ और धन से आत्मनिर्भर रहना आवश्यक है। जिसके लिए प्रत्येक नारी को जागृत होना आवश्यक है। डॉ. सना जकी ने छात्राओं को निवारक स्वास्थ्य देखभाल और नियमित परीक्षणों के महत्व से अवगत कराया। शिविर में डॉ सना जकी के साथ डॉ. जुवैरिया इलयास और डॉ. अनम सुघरा असिस्टेंट प्रोफेसर ने चिकित्सकीय परामर्श दिया। सहयोगी जनों में पैरामेडिकल स्टाफ सुश्री सोफिया अहमद, मोहम्मद उस्मान, अदीबा सदफ, परवेज अहमद, शाहजाद, सना सैयद, उज्मा रफात और सानिया जफर रहे। विशेष सहयोग कुलानुशासक जमीर उल इस्लाम का रहा।

# डीएम मनीष बंसल का बच्चों से संवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय गांधी पार्क का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने इस दौरान शिक्षकों व छात्रों के उपस्थिति रजिस्टर चौक किए। उन्होने कक्षाओं में कराये जा रहे अध्यापन कार्य का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों से पढ़वाकर एवं लिखवाकर भी देखा। उन्होंने बच्चों को गणित समझाने के साथ ही अंग्रेजी का आसानी से समझने का भी मंत्र दिया। इसी के साथ उन्होंने भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था एवं गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। श्री बंसल ने निर्धारित समयावधि के अनुसार पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के निर्देश



दिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म में आने के लिए कहा। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि बच्चों के शिक्षण कार्य को बेहतर तरीके से सम्पादित किया जाए। उन्होंने विद्यालय प्रांगण में बेहतर साफ-सफाई के निर्देश दिए। उन्होने बीएसए को निर्देश दिए कि विद्यालयों में छात्रों का नामांकन बढाया जाए एवं नियमित रूप से अध्यापक-अभिभावक बैठकें कराई जाएं। इस अवसर पर बीएसए कोमल सहित संबंधित अधिकारीगण एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# देश में लोकतंत्र का गला घोट रही भाजपा: रावत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र का गला घोट कर सांविधानिक अधिकारों का हनन करने में लगी है। अपने पूँजीपतियों को अरबों खरबो में पहुँचा रही है जबकि गरीब किसानों मजदूर को पाँच किलो चावल और गेंहू तक सीमित कर दिया है।

हरीश रावत ने यह बात देहरादून से भगवानपुर जाते हुये अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर अपने स्वागत के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बिहार में वोट चोरी और और अन्य हथकंडो से सत्ता में भाजपा आयी है भाजपा सत्ता



में आने के लिये कुछ भी कर सकती है भाजपा संविधान में दिये गये वोट के अधिकार को छीनना चाहती है। बिहार की जनता वोट चोर गद्दी छोड़ के नारा लगा रही है लाखों लाखों लोगो की रेलिया हुई लेकिन वोट कही और निकले ये सब चमत्कार भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकारे पूरे देश में दलितों व अन्य पात्र लोगो को पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में दिये गये पट्टो को छीन रही है ये कहाँ का न्याय है। भाजपा हमारी जमीनों को उद्योगपतियों और पूँजीपतियों को दे कर देश को गुलाम बनाना चाह रही है। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार में अगले 6 माह तक राज्य सरकार के कर्मचारियों और दूसरे ऐसे संगठनों जो किसी न किसी तरीके से राज्य व्यवस्था से जुड़े हुए हैं, उन पर छह माह तक हड़ताल पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश निरंकुश है, अस्वीकार्य है, संविधान विरोधी है, लोकतंत्र विरोधी है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में कांग्रेस हाई कमान ने नेतृत्व परिवर्तन कर मिशन 2027 की तैयारी कर दी है कांग्रेस में कोई किसी तरह की गुटबाजी नहीं है 2027 में कांग्रेस पचास से ज्यादा सीट जीतकर भारी बहुमत से सत्ता में वापसी करेगी।

इस अवसर पर हरीश रावत के पुत्र हरिद्वार लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र रावत, अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान मलिक, नासिर प्रधान, रामबीर सिंह, पदम् सिंह, अथहर अली, कुद्दूस मलिक, अरशद एडवोकेट, महबूब तलहेड़ी, कारी आबिद, हाजी छोटा, अजीम मलिक, हाजी भूरा, राव यूसुफ,र ाव आरिफ, फेसलमिर्जा, नासिर सैफी, सुमित रावत, सुखदेव चौहान आदि मोजूद रहे।

# ताईक्वांडो खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

महाराज सिंह कालेज द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का उदघाटन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक आशुतोश व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन मंत्री चैतन्य स्वरूप व प्राचार्य प्रो.अनिल कुमार द्वारा किया गया। आयोजन सचिव प्रो.प्रवीण कादयान, डा.रीता बोरा आदि ने अतिथियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। बालक वर्ग के अंडर 54 किग्रा भार वर्ग में निखिल पुनिया ने प्रथम, विशाल ने द्वितीय,




कार्तिक ने तृतीय, 58-63 किग्रा में अमन कुमार ने प्रथम, आर्यन चौधरी ने द्वितीय, वंश कुमार ने तृतीय, 68-74 किग्रा में राघव वर्मा ने प्रथम, 74-80 किग्रा में विनायक शर्मा ने प्रथम, शाकिर ने द्वितीय, 54-58 किग्रा में विकाश कुमार ने प्रथम, 63-68 किग्रा में रिषभ कर्णवाल ने प्रथम, 80-87 किग्रा में विजय कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान आरएसएस सह महानगर कार्यवाह देवेंद्र बंसल, संदीप कुमार, नितिन कुमार, डॉ केपी सिंह, डॉ दीक्षा, प्रोफेसर संजय कुमार, प्रोफेसर राम विनय शर्मा, प्रोफेसर पूनम यादव, प्रोफेसर संदीप कुमार, प्रोफेसर दिनकर मालिक, डॉक्टर निर्दोष कुमार मित्तल, डॉ संजीव कुमार, डॉक्टर गुरदेव सिंह, डॉक्टर प्रमोद पांडे, दीपक, नरेंद्र कुमार, योगेश कुमार, मनीष कुमार, नवराज, वैभव आदि मौजूद रहे।

निर्णायकों में श्रीमती प्रियंका चौहान चौधरी, अभिषेक चौधरी, गर्वित सैनी, पंकज, कुमारी प्रीति, आर्य, एवं मयंक रहे।

# काले कानून के खिलाफ रहेगा संघर्ष: चंद्रहास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अटेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस के काले कानून समाप्ति तक संघर्ष जारी रहेगा।

चंद्रहास सिंह आज टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण के विरोध में होने वाली महारैली की सफलता को लेकर गुर्जर भवन में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शिक्षकों व कर्मचारियों से संगठित रहने का आहवान किया। मंडल अध्यक्ष तालिब हसन, मंडलीय महामंत्री प्रवीण चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष प्रीतवर्धन, सहारनपुर जिलाध्यक्ष रजनीश सहगल, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष दीपक गर्ग, जिला संरक्षक



रमेश चंद्र ने महारैली को सफल करने का आह्वान किया।

बैठक में भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार, वीर सिंह, धर्मपाल सिंह, हरपाल सैनी, अमित, कंवल, प्रमोद कुमार, ललित राठी, पंकज, चंचल नागपाल, अमित राठी, बृजेश, देवी गौरव वर्मा, अनिल, गौतम, मोनू पंवार, चेतन चौहान, ईश्वर चंद, विकास पंवार, अंजू, सुनीता, राकेश बिरला, अंजू चौधरी, चीनू कच्छल, सुरेन्द्र कुमार, दीपक आदि मौजूद रहे।

अध्यक्षता जनार्दन चौहान एवं संचालन मंडलीय मंत्री प्रवीण चौधरी ने किया।

# घायल युवा वकील की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** कस्बे के मोहल्ला गाडान एवं किलिया निवासी 30 वर्षीय युवा वकील अहमद पुत्र फजलुर्रहमान की इलाज के दौरान मौत हो गई।

लगभग पांच महीने पहले एक तेज रफ्तार कार ने उनकी दुकान के बराबर खेड वकील के जोरदार टक्कर मार दी थी, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। गंभीर चोटें आने के कारण उन्हें तुरंत उच्च स्तरीय इलाज के लिए चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया था। लंबे समय तक चंडीगढ़ व देहरादून में भर्ती रहने के बाद कुछ दिन पहले उन्हें घर लाया गया था, आज सुबह तबीयत अचानक बिगड़ गई और उन्होंने दम तोड़ दिया।मृतक युवा वकील अहमद की एक छोटी बेटी है।

# दो गुटों में हुए संघर्ष के बाद 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे में कुरैशी बिरादरी के दो गुटों में हुए संघर्ष के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के 11 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले को लेकर कार्यवाही में जुट गई है।

दरअसल, सोमवार की सुबह कोतवाली बेहट कस्बे के शहरी दरवाजा में कुरैशी बिरादरी के दो गुटों में विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों ओर से जमकर लाठी डंडे और धारदार हथियार चले थे। संघर्ष में एक महिला सहित दोनों पक्षों के 5 लोग घायल हो गए थे।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। अब पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने एक पक्ष के भूरा

**■ कस्बा बेहट में कुरैशी बिरादी के दो गुटों में हुआ था संघर्ष**

पुत्र महबूब की ओर से मौहल्ला कस्साबान निवासी शहजाद, हसीन, नफीस, नवाब, अख्तर, शाहबाज तथा शाहनवाज के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2) 115 (2), 352, 135 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस ने दूसरे पक्ष की ओर से शाहबाज पुत्र शहजाद की तहरीर के आधार पर फरमान, भूरा, मिजाज व जावेद पुत्रगण महबूब उर्फ गोला निवासी मौहल्ला कस्साबान के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 115(2) 352 व 351 के तहत मुक. दमा दर्ज किया है।

# विश्व शौचालय दिवस पर चला विशेष सफाई अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर विश्व शौचालय दिवस के उपलक्ष्य में सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों की साफ सफाई की गयी तथा कुतुबशेर चौराहे पर स्थित सार्वजनिक शौचालय पर कार्यरत सफाई मित्रों को उपहार देकर सम्मानित भी किया गया।

विश्व शौचलय दिवस के उपलक्ष्य में नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह की देखरेख में महानगर के सभी 29 सामुदायिक, 21 सार्वजनिक व कंपनी बाग, गंगोह बस स्टैण्ड, गांधी पार्क व खलासी लाइन के चारों पिंक शौचालयों सहित अन्य शौचालयों का विशेष साफ सफाई अभियान चलाते हुए विश्व शौचालय दिवस मनाया गया। शौचालयों का यह विशेष सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा। मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल सिंह ने बताया कि सभी शौचालयों का सर्वे भी कराया गया है ताकि शौचालयों में यदि कहीं कोई टूट-फूट है तो उनकी मरम्मत आदि कराकर उन्हें व्यवस्थित किया जा सके। उन्होंने बताया कि इसके लिए प्रकाश विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जलकल विभाग व निर्माण विभाग की एक समन्वय टीम भी बनायी



गयी है। उन्होंने बताया कि शौचालयों में प्रकाश व्यवस्था, मरम्मत कार्य तथा जल आपूर्ति आदि को दुरुस्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुतुबशेर चौराहा स्थित सार्वजनिक शौचालय पर कार्यरत सफाई मित्रों को उपहार भी प्रदान किये गए। इस अवसर पर मुख्य सफाई निरीक्षक परमानंद व सफाई निरीक्षक राजबीर, आशीष धौलाखण्डी व राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चार चरणों में होंगे कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार ने मण्डल के तीनों जनपदों के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक चार चरणों में वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष के अवसर को भव्यता पूर्ण ढंग से मनाया जाए।

मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि कार्यक्रमों का आयोजन भव्यता से कराते हुए समस्त विभागों द्वारा नोडल अधिकारी नामित कर कार्यक्रमों की सूचना संस्कृति विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि कार्यक्रम का प्रथम चरण 07 से 14 नवम्बर शुभारम्भ सप्ताह, द्वितीय चरण 19 से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों के साथ, तृतीय चरण 07 से 15 अगस्त हर घर तिरंगा के साथ तथा चतुर्थ चरण समापन सप्ताह 01 से 07 नवम्बर तक मनाया जाएगा। कार्यक्रम के अन्तर्गत अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन, स्कूलों एवं विद्यालयों में वंदे मातरम् के गायन तथा उसके ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराना, वंदे मातरम् कॉन्सर्ट का आयोजन कर राष्ट्रभक्ति पर आधारित किसी ख्यातिलब्ध गायक को आमंत्रित करना, राष्टभक्ति पर आधारित प्रदर्शनी, लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग, उच्च शिक्षा संस्थानों में सेमिनार, संगोष्ठी, परिचर्चा एवं लैक्चर आदि का आयोजन, शहीदों के नाम से बनाए गये स्मारकों पर वंदे मातरम् ध्वनि का वादन, स्कूलों में रैली, प्रभात फेरी, मार्च पास्ट, रंगोली, निबन्ध लेखन, काव्य पाठ, वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताएं आदि का आयोजन किया जाएगा।

# प्रत्येक विकास खंड की 2 ग्राम पंचायतों में हर शुक्रवार को आयोजित होगी ग्राम चौपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने प्रत्येक विकास खण्ड की 2 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल आयोजित किये जाने संबंधी रोस्टर जारी किया है।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि ग्राम चौपाल प्रात: 11:00 बजे से समाप्ति तक आयोजित की जायेगी जिसमें जन सामान्य की शिकायतों का मौके पर निस्तारण करते हुए ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। यदि किसी योजना के बारे में कोई व्यवहारिक कठिनाई आती है तो उस कठिनाई को भी निस्तारित किया जायेगा। श्री महाजन ने माह नवम्बर एवं दिसम्बर में आयोजित किये जाने वाले ग्राम चौपालों का रोस्टर जारी करते हुए खण्ड विकास अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम चौपाल के निर्धारित तिथि से पूर्व ही उस ग्राम पंचायत में स्वच्छता एवं साफ-सफाई अभियान जन सहयोग से चलाया जाए। ग्राम चौपाल में जन प्रति. निधियों को खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा आमंत्रित किया जाए। इसमें मनरेगा का मजदूरी भुगतान, समूहों की गतिविधियां, विद्युत सखी, लखपति महिलाएं, गौआश्रय स्थल, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, टीकाकरण, राशन वितरण, गैस कनेक्शन, हर घर नल से जल, आंगनबाडी, एएनएम सेन्टर, कल्याणकारी पेंशन एवं छात्रवृत्तियों का सत्यापन किया जायेगा। कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, प्राकृतिक एंव ऑर्गेनिक खेती, सुशासन जैसे विषयों पर अनिवार्य रूप से चर्चा की जायेगी। प्रत्येक ग्राम चौपाल में संबंधित ग्राम के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक भी उपस्थित रहेंगे। इसमें सभी विभागों के संबंधित ग्राम स्तरीय अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। ग्राम पंचायतों को आदर्श ग्राम पंचायत बनने के लिए प्रेरित किया जाए। सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी यहां उठाई गयी समस्याओं एवं उसके निस्तारण की प्रविष्टि से संबंधित एक रजिस्टर तैयार करेंगे।

# पात्रों को कमिश्नर ने प्रदान किए प्रोत्साहन राशि के चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार द्वारा कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग की उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति के अन्तर्गत क्लस्टर बनाकर निर्यात करने पर अतिरिक्त प्रोत्साहन के रूप में टील फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, इस्सोपुरटील, विकास खण्ड कांधला, जनपद शामली को कार्यालय में 04 लाख रूपये की धनराशि वित. रित की गयी तथा भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गयी।

सहायक कृषि विपणन अधिकारी एवं सदस्य सचिव, मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति, सहारनपुर मण्डल राहुल यादव द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में उ.प्र. कृषि निर्यात नीति के अन्तर्गत प्रदेश में कुल 5 क्लस्टर गठित किये गये है, जिनमें सहारनपुर मण्डल के जनपद मुजफ्फरनगर में 2 तथा शामली में 01 क्लस्टर का गठन किया गया है। श्री यादव ने बताया कि प्रदेश में दूसरी बार किसी एफपीओ को विदेश में निर्यात करने पर




प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी है, जो कि सहारनपुर मण्डल के लिये गर्व की बात है। जनपद शामली से गठित क्लस्टर टील फार्मर प्रो. क.लि. द्वारा वर्ष 2023-24 में 96.9 मी0टन बासमती चावल का दुबई को निर्यात किया गया। उन्होंने बताया कि उ.प्र.0 कृषि निर्यात नीति के अन्तर्गत प्रदेश से कम से कम 50 हेक्टेयर भूमि को क्लस्टर बनाकर निर्यात करने पर 10.00 लाख रूपये अतिरिक्त प्रोत्साहन के रूप में देना प्राविधानित है। जिसमें प्रथम वर्ष 40 प्रतिशत एवं आगामी चार वर्षो तक 15 प्रतिशत राशि निर्यात करने पर देने का प्राविधान है। टील फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड इस्सोपुरटील के द्वारा 53.75 हेक्टेयर भूमि का क्लस्टर बनाकर निर्यात किया गया है। इसके फलस्वरूप प्रोत्साहन के रूप में मण्डलायुक्त एवं अध्यक्ष मण्डल स्तरीय कृषि निर्यात निगरानी समिति, सहारनपुर के द्वारा अतिरिक्त प्रोत्साहन के रूप में 4.00 लाख रूपये की धनराशि प्रदान की गयी। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन भानूप्रताप यादव, रमेश यादव, सहायक कृषि विपणन अधिकारी राहुल यादव, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक, शामली प्रदीप कुमार, निर्यात पटल प्रभारी मुकुल कुमार, सहायक कृषि विपणन निरीक्षक, टील एफपीओ के अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह, महासि. चव सुभाष चन्द एवं निदेशक सुधीर कुमार आदि उपस्थित रहें।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 21 नवम्बर 2025

# सैन्य क्षमता बढ़ाना जरूरी

अमेरिका ने भारत के लिए दरियादिली का रास्ता खोला है, या जबरदस्ती कर्ज में फंसाने की चाल चली है, यह तो बाद में पता चलेगा। ट्रम्प ने भारत के लिए हथियारों के दरवाजे खोल दिए हैं। भारत अब यूएस से 93 मिलियन डालर (8249379000 रुपये) के हथियार खरीदेगा। इस डील के बाद अब भारत को जेवलिन एंटी-टैंक मिसाइलों और एक्सकैलिबर प्रिसिजन-गाइडेड आर्टिलरी राउंड्स का नया बैच मिलने का रास्ता साफ हो गया है। ये डील चीन और पाकिस्तान के लिए भारी साबित होगी। डील में मिलने वाले हथियारों से दोनों देशों की रातों की नींद उड़ जाएगी। दुश्मन के टैंक के लिए तो ये तबाही साबित होंगे। ये अमेरिका की चाल है या भारत अपने रक्षा सिस्टम में बढ़ोतरी करना चाहेगा, क्योंकि आज दुनिया विश्वयुद्ध के मुहाने पर खड़ी है। भारत के एक तरफ चीन और पाकिस्तान हैं, तो दूसरी तरफ बांग्लादेश है। इसलिए हमें अभी से चौकन्ना रहना है। इसका नतीजा ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुए पाकिस्तानी सेना के हमले से निकला है। अगर भारत के पास रूस का एस-400 एंटी मिसाइल सिस्टम नहीं होता, तो भयंकर परिणाम हो सकते थे। इसलिए भारत को अपनी सेना की ताकत बढ़ाना आज के समय में जरूरी है। भारत को यह देखना होगा कि उसे अमेरिका ने हथियार देने का जो रास्ता खोला है, वह कहीं कुटिल चाल न हो। अमेरिकी एजेंसी डीएससीए ने अपने बयान में कहा है कि प्रस्तावित बिक्री से भारत की मौजूदा और भविष्य के खतरों का सामना करने की क्षमता में सुधार होगा। देश की सुरक्षा मजबूत होगी और क्षेत्रीय खतरों को रोका जा सकेगा। इसमें यह भी कहा गया है कि भारत को इन चीजों और सेवाओं को अपनी सेना में शामिल करने में कोई मुश्किल नहीं होगी। अमेरिका ने एक्सकैलिबर गाइडेड आर्टिलरी राउंड की बिक्री को भी मंजूरी दी है। इसकी कीमत लगभग 47 मिलियन डॉलर है, जिससे कुल कीमत लगभग 93 मिलियन डॉलर हो गई है। बता दें कि जेवलिन सिस्टम आरटीएक्स और लॉकहीड मार्टिन ने मिलकर बनाए हैं, जिससे पैदल सेना की यूनिट लंबी दूरी पर बख्तरबंद टारगेट पर बहुत सटीकता से हमला कर सकती हैं। एक्सकैलिबर राउंड आर्टिलरी यूनिट के लिए ळचै-गाइडेड सटीकता देते हैं, यह एक ऐसी क्षमता है जिसका इस्तेमाल भारत पहले भी कोलेटरल डैमेज को कम करने के लिए कर चुका है। डीएससीए ने इन प्रस्तावों को ट्रांसफर करने के बारे में औपचारिक तौर पर जानक. ारी साझा की है। भारत को इन सभी सैन्य हथियारों को अपनी सेना में शामिल करने में किसी भी प्रकार की मुश्किल नहीं होने वाली है। इस उपकरण की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा। जेवलिन दुनिया की सबसे एडवांस पोर्टेबल एंटी-टैक गाइडेड मिसाइल है। एक बार फायर हो जाने के बाद सैनिक को निशाना बनाए रखने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। यह मिसाइल खुद लक्ष्य को ढूंढ़ती है और टारगेट करती है। इससे पहले भारत फ्रांस से राफेल फाइटर खरीद चुका है, जो दुश्मन पर भारी पड़ रहे हैं। हमारे देश की सेना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना है। सरकार को चाहिए कि देश की सेना नंबर एक पर आ जाए, तो फिर कोई भी आंख उठाने की जुर्रत नहीं कर सकेगा। क्योंकि अभी चीन और पाकिस्तान समय-समय पर भारत को आंख दिखाते रहे हैं। कुल मिलाकर जब सभी देश अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ा रहे हैं, तो भारत पीछे क्यों रहे, लेकिन खरीदारी भी संयम के साथ करनी होगी, जिससे देश के विपक्ष और जनता में सकारात्मक संदेश जा सके।


## भारत के लिए चिंताजनक रिपोर्ट



अमेरिका-चीन आर्थिक और सुरक्षा समीक्षा आयोग की हाल में आई वार्षिक रिपोर्ट को भारत के लिए चिंताजनक है, इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए, उक्त रिपोर्ट करीब 800 पेज की है और इसके पृष्ठ 108 और पृष्ठ 109 में दिए उल्लेख आश्चर्यजनक और समझ से परे हैं, रिपोर्ट में पहलगाम आतंकी हमले को पाकिस्तान द्वारा आयोजित विद्रोही हमला बताया गया है, रिपोर्ट में इसके बाद चार दिन चले संघर्ष में भारत पर पाकिस्तान की सैन्य सफलता बताया गया है, क्या प्रधानमंत्री और विदेश मंत्रालय इस रिपोर्ट पर अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे।

**-जयराम रमेश**
**प्रमुख, कांग्रेस संचार विभाग**

# SIR सिर्फ आरोप से काम नहीं चलेगा





**यशोदा श्रीवास्तव**

**चुनाव आयोग खुलकर सत्ता पक्ष के लिए यूपी विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव की बिसात बिछा रहा है उधर विपक्ष बैठकें करने में व्यस्त है। बड़ा सवाल यह है कि जब एसआईआर चल रहा है तब विपक्ष के लोग कहां हैं? बात केवल यूपी की करें तो यहां साफ साफ दिख रहा है कि एसआईआर एक पक्षीय चल रहा है। बीएलओ से लेकर सरकारी अमला, भाजपा और संघ के लोग सब इसमें शामिल है, लेकिन यह सब आसानी से होने क्यों दिया जा रहा है? सरकारी अमला तो सरकार के लोग होते हैं, वे वही करेंगे जो सरकार चाहेगी। और यह आज की बात नहीं है।**

एस आई आर क्यों? इस सवाल का कोई मतलब नहीं। इस सवाल का भी कोई मतलब नहीं कि बिहार के बाद सिर्फ 12 राज्यों में ही एस आई आर क्यों? म्यांमार, जहां से सर्वाधिक रोहिंग्या घुसपैठ कर सीमावर्ती भारतीय प्रदेशों में विराजमान हैं जैसा कि कहा जाता है, लेकिन म्यांमार के सीमावर्ती भारतीय प्रदेशों में एस आई आर की जरूरत चुनाव आयोग ने बिल्कुल नहीं महसूस की। यह तय है कि विपक्ष कितना भी चिल्ल पों कर लें यूपी में 2027 का विधानसभा चुनाव और 2029 में लोकसभा चुनाव एस आई आर के जरिए परिवर्तित वोटर लिस्ट से ही होना है। दरअसल चुनाव आयोग आगामी इसी चुनाव की बिसात बिछा रहा है।

एसआईआर की विसंगतियां हजार है। जैसे बीएलओ जिन्हें एसआईआर फार्म घर घर पहुंचाने की जिम्मेदारी है, वह लगभग नहीं हो रहा है। जागरूक लोगों को बीएलओ को ढूंढ कर एसआईआर फार्म लेना पड़ रहा है। राजस्थान से लेकर यूपी में ऐसे हजारों उदाहरण मौजूद हैं। यूपी के एक भाजपा विधायक के वायरल वीडियो पर यकीन करें तो वह अपने लोगों से बहुत साफ शब्दों में कह रहा है कि विपक्षी वोटरों के नाम उड़ा दिए जाएं। दरअसल चुनाव आयोग की मंशा भी यही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी के खिलाफ बड़ा आंदोलन चलायाए लेकिन क्या हुआ, किसने सुनी उनकी बात? उलटे 272 पूर्व जज और नौकरशाहों ने राहुल के खिलाफ चिट्ठी लिखकर विरोध जताया कि वे चुनाव आयोग जैसी पवित्र संस्था को बदनाम कर रहे हैं। इन नौकरशाहों को ब्राजील की मॉडल का भारतीय वोटर लिस्ट में शामिल होकर कई जगहों पर मतदान करना गलत नहीं लगा और न ही बिहार में बीच चुनाव सरकारी खजाने से लाखों महिलाओं को दस दस हजार की इमदाद भी अचंभित नहीं किया। जब दो पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त मौजूदा चुनाव आयोग दिशा हीन बता रहा है तब लोकसभा में बहुमत के आंकड़े के बराबर 272 पूर्व नौकरशाहों का राहुल के खिलाफ खुलकर आना हैरान करने वाला है। तो क्या पूर्व नौकरशाहों के खुला विरोध को राहुल के खिलाफ महाभियोग माना जाए?

इधर चुनाव आयोग खुलकर सत्ता पक्ष के लिए यूपी विधानसभा चुनाव और आगामी लोकसभा चुनाव की बिसात बिछा रहा है उधर विपक्ष बैठकें करने में व्यस्त है। बड़ा सवाल यह है कि जब एसआईआर चल रहा है तब विपक्ष के लोग कहां हैं? बात केवल यूपी की करें तो यहां साफ साफ दिख रहा है कि एसआईआर एक पक्षीय चल रहा है। बीएलओ से लेकर सरकारी अमला, भाजपा और संघ के लोग सब इसमें शामिल है, लेकिन यह सब आसानी से होने क्यों दिया जा रहा है? सरकारी अमला तो सरकार के लोग होते हैं, वे वही करेंगे जो सरकार चाहेगी। और यह आज की बात नहीं है। पहले भी सरकारें ऐसे ही करती रही हैं, लेकिन सत्ता में विराजमान राजनीतिक दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं के समतूल्य विपक्षी दलों के लोग ऐसा क्यों नहीं कर पाते? यूपी में प्रमुख विपक्षी दल सपा है। आगामी विधानसभा चुनाव में इसे सत्ता के लिए जंग करनी है, लेकिन यह पार्टी भी पूरे यूपी में कुछ जगहों को छोड़ कर एस आई आर को लेकर शायद ही कहीं और दिख रही हो। हां वाट्सएप पर इनके ज्ञान की भरमार है। वे जानते हैं कि उनके कोर वोटर कौन हैं और इन्हीं वोटरों को सहेजने में वे विफल हो रहे हैं। दूसरी पार्टी कांग्रेस है। यूपी के लिए फिलहाल इसकी बात ही क्या करना। इसी मुद्दे को लेकर हाल ही उसकी दिल्ली में हाई लेवल की बैठक हुई, इस बैठक में जो भी निर्णय लिए गए हों, उसका धरातल पर उतरना आसान नहीं है। यूपी में कांग्रेस के अभी छह सांसद हैं। सपा के साथ मिलकर 17 सीटों पर लड़ी थी। हारी हुई सीटों पर भी कांग्रेस की स्थिति सम्मान जनक थी। विधानसभा में कांग्रेस के सिर्फ दो विधायक हैं। एसआईआर को लेकर यह दो विधायक कितना कुछ कर पाएंगे, बताने की जरूरत नहीं। यहां संगठन भी हवा-हवाई है। जिला कमेटी को छोड़ दीजिए बाकी ब्लाक स्तर की कमेटियां कहने भर को है। प्रदेशभर में एसआईआर को लेकर इक्का-दुक्का जिला अध्यक्ष ही सक्रिय हैं बाकी सब के सब सुषुप्तावस्था में हैं। न्याय पंचायत और बूथ स्तर पर इनका कुछ नहीं है। चुनाव आयोग ने व्यवस्था दी है कि सरकारी बीएलओ के अलावा राजनीतिक पार्टियां अपना बीएलओ भी नियुक्त कर सकती हैं ताकि चुनाव आयोग पर वोट काटने और जोड़ने का तोहमत न लगे। कांग्रेस इसमें भी सुस्त है। एसआईआर को लेकर विपक्ष के लापरवाह व सुस्ती का फायदा सत्ता पक्ष के कार्यकर्ता खूब उठा रहे हैं। वे सक्रिय हैं तो अपनी वाली कर रहे हैं, विपक्ष को सक्रिय होने से कौन रोका है? विपक्ष यह समझने की भूल कर रहा है कि यह सामान्य एस आई आर नहीं है। इस एस आई आर का मूल सिद्धांत ही कुछ और है। बिहार चुनाव में बुरी तरह पराजित कांग्रेस इस खुशफहमी में हो सकती है कि वहां सर्वाधिक 65 लाख वोटर आउट किए जाने के बाद भी उसे औसतन करीब 71 हजार वोट प्रति विधानसभा सीट हासिल हुए, वह भी तब जब ओवैसी से लेकर बसपा, जन सुराज, आम आदमी पार्टी सहित अन्य छोटी पार्टियां महागठबंधन को ही नुकसान पहुंचाने के लिए ही चुनाव मैदान में थीं। आखिर यह पार्टियां तो यूपी विधानसभा चुनाव में भी होंगी और लोकसभा चुनाव में भी। आखिर इनसे निपटने या मैनेज करने का प्लान कांग्रेस के पास क्या है? दिल्ली में हुई कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने अपनी ही पार्टी से सवाल किया कि बिना संगठन के हम क्या करें? धरातल पर कोई संगठन ही नहीं है। बैठक में निसंदेह और लोगों ने भी ऐसा ही महसूस किया होगा, लेकिन कांग्रेस आलाकमान शादी डांट काम के जरिए कांग्रेस की रणनीति कार का हिस्सा बन बैठे लोगों के अलावा और किसी की सुनें तब न। कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्यों पर गौर करें तो वह पूरा का पूरा दक्षिण भारतीयों के कब्जे में है। कांग्रेस वर्किंग कमिटी में करीब दो सौ सदस्य दक्षिण भारत से ही हैं। इसके अलावा ढेर सारे ऐसे लोग हैं जो या तो भाजपा नेताओं से गलबहियां करते घूम रहे हैं या फिर बिना धरातल पर झांके कांग्रेस को दिल्ली की सत्ता में वापसी का ख्वाब दिखा रहे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**बहरहाल चुनाव चाहे किसी राज्य की सरकार का हो या केंद्र की सरकार का, हर राजनैतिक दल मतदाताओं को लुभाने की मंशा से ऐसे कई वादे करते हैं जो वास्तव में सच नहीं किए जाते। यदि जनता को चुनावों में किए गए वादों और उन्हें पूरा किए जाने के अंतर को देखा जाए तो यह अंतर काफी बड़ी संख्या में पाया जाएगा। चुनावों से पहले ऐसे वादे हर राजनैतिक दल द्वारा किए जाते हैं। जिस तरह बिहार की जनता ने एक बार फिर से नीतीश कुमार में अपना विश्वास जताया है उससे यह बात तो तय है कि जनता को किए गए चुनावी वादे काफी लुभावने थे। परंतु मतदाताओं यह सोचना होगा कि वादों की सूची और उन्हें पूरा करने में जिस भी दल का अंतर सबसे कम हो वही दल जनता के हित की सोचता है, तभी उसी दल को चुना जाता है।**

# क्यों उठ रहे चुनाव आयोग पर सवाल



**रजनीश कपूर**

हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में चुनाव आयोग की भूमिका और उस पर उठते सवालों ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर बहस छेड़ दी है। एनडीए की ऐतिहासिक जीत और महागठबंधन (इंडिया एलायंस) की करारी हार के बीच, मुख्य सवाल यही उठा कि क्या चुनाव आयोग ने अपने संवैधानिक कर्तव्यों का सही तरह से निर्वहन किया? साथ ही, आचार संहिता के उल्लंघन, राजनीतिक दलों के आचरण और आयोग पर दोहरे मानदंडों के आरोपों ने भी चुनावी निष्पक्षता की मूल भावना को चुनौती दी है। हाल के चुनावों में चुनाव आयोग पर पक्षपात और दोहरे मानदंड अपनाने के आरोप लगे। खास तौर पर, कांग्रेस और महागठबंधन ने वोटर लिस्ट, अधिकारियों की नियुक्ति और निष्पक्ष मतदान पर गंभीर सवाल खड़े किए। आरोप है कि कुछ विधानसभा क्षेत्रों में वोटर लिस्ट से लाखों नाम हटा दिए गए या मनमाने ढंग से जोड़े-घटाए गए। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आयोग ने भाजपा शासित राज्यों से चयनित नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों को चुनावी पर्यवेक्षक नियुक्त कर पक्षपातपूर्ण रवैया दिखाया। विपक्ष ने मतदान प्रक्रिया की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि आयोग की प्रक्रिया आम जनता का भरोसा कायम नहीं रख पा रही है।

इस चुनाव में लगभग सभी प्रमुख दलों के सोशल मीडिया पर भड़काऊ, जातिवादी और भ्रामक कंटेंट साझा होने के आरोप लगे। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने ऐसे लगभग 21 एफआईआर दर्ज किए, जिनमें भाजपा, राजद और कांग्रेस जैसे बड़े दलों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। कई सोशल मीडिया हैंडल्स पर तो गुमराह करने वाले AI- जनित वीडियो और डीपफेक कंटेंट डालने के आरोप मिले, जिन्हे तुरंत हटवाया गया। आयोग द्वारा आचार संहिता के पालन के लिए सोशल मीडिया पर निगरानी करने की व्यवस्था थी, परंतु बड़ी संख्या में भड़काऊ और गुमराह करने वाले पोस्ट सामने आए, जिससे आयोग की प्रभावशीलता को लेकर सवाल भी उठे। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनाव आयोग की सबसे अहम जिम्मेदारी है, चुनाव प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी बनाना। आयोग को अपने हर कदम पर समानता और पारदर्शिता का पालन करना चाहिए। आयोग की साख को बहाल करने के लिए कुछ जरूरी कदम उठाने चाहिए। जैसे कि सभी दलों की शिकायतों की सार्वजनिक व स्वतंत्र जांच। पर्यवेक्षकों और चुनावी कर्मियों की निष्पक्ष नियुक्ति जो कि राजनीतिक झुकाव से दूर रहते हुए की जाए।वोटर लिस्ट की शुद्धता और अद्यतन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना। सोशल मीडिया व डिजिटल प्रचार पर कठोर निगरानी और दोषियों पर तत्काल कार्रवाई।आचार संहिता उल्लंघन पर बिना किसी भेदभाव के उचित व सख्त न्यायिक कार्यवाही। वहीं देखा जाए तो महागठबंधन (इंडिया एलायंस) रणनीतिक स्तर पर संगठित नहीं हो सका। सीट शेयरिंग, यानी सीटों का बंटवारा, चुनाव से ठीक पहले तय हुआ, जिससे अभियान की गति और एकता दोनों प्रभावित रहीं। तेजस्वी यादव के देर से सक्रिय चुनाव प्रचार, गठबंधन में सहयोगी दलों के मतभेद और साझा विजन की कमी ने विपक्ष की प्रभावशीलता कम कर दी। साथ ही, कांग्रेस जैसी सहयोगी दल जमीनी स्तर पर मतदाताओं को लाम. बंद करने में नाकाम रही। ऐसे समय में जब एनडीए अपनी एकजुटता दिखा रहा था, महागठबंधन अपनी आंतरिक समस्याओं में उलझ कर रह गया। महागठबंधन ने मुख्य रूप से सत्ता विरोधी लहर (एंटी-इन्कम्बेंसी) पर ज्यादा दांव लगाया, जबकि एनडीए ने अपनी स्थिरता, विकास, और समावेशिता के एजेंडा के साथ मतदाताओं को बेहतर तरीके से साधने में सफल रहा। जातिगत समीकरणों को लेकर महागठबंधन ने पारंपरिक रणनीति अपनाई, परंतु दलित, महिला, और अति पिछड़ा वर्ग को खास तौर पर टार्गेट करके एनडीए ने अपने पुराने वोट बैंक के दायरे को काफी विस्तार दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मनोरंजन से मानसिक क्रांति तकः टीवी का बदला चेहरा





**योगेश कुमार गोयल**

ब्लैक एंड व्हाइट बुद्धू बक्सा (टेलीविजन) अपने सहज प्रस्तुतिकरण के दौर से गुजरते हुए कब आधुनिकता के साथ कदमताल करते हुए सूचना क्रांति का सबसे बड़ा हथियार और हर घर की अहम जरूरत बन गया, पता ही नहीं चला। यह दुनिया जहान की खबरें देने और राजनीतिक गतिविधियों की सूचनाएं उपलब्ध कराने के अलावा मनोरंजन, शिक्षा तथा समाज से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाओं को उपलब्ध कराने, प्रमुख आर्थिक और सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए समूचे विश्व के ज्ञान में वृद्धि करने में मदद करने वाला एक सशक्त जनसंचार माध्यम है। यह संस्कृतियों और रीति-रिवाजों के आदान-प्रदान के रूप में मनोरंजन का सबसे सस्ता साधन है, जो तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए पूरी दुनिया के ज्ञान में असीम वृद्धि करने में मददगार साबित हो रहा है। मानव जीवन में टीवी की बढ़ती भूमिका तथा इसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाया जाता है।

संचार और वैश्वीकरण में टेलीविजन की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इसके महत्वों को रेखांकित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की जरूरत महसूस की गई और आम जिंदगी में टीवी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आखिरकार टीवी के आविष्कार के करीब सात दशक बाद वर्ष 1996 में विश्व टेलीविजन दिवस मनाने की घोषणा कर दी गई। दरअसल टीवी के आविष्कार को सूचना के क्षेत्र में एक ऐसी क्रांति का आविष्कार माना गया है, जिसके जरिए समस्त दुनिया हमारे करीब रह सकती है और हम अब घर बैठे ही दुनिया के किसी भी कोने में होने वाली घटनाओं को लाइव देख सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा पहली बार 21 तथा 22 नवम्बर 1996 को विश्व टेलीविजन मंच का आयोजन करते हुए टीवी के महत्व पर चर्चा करने के लिए मीडिया को प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया गया था। उस दौरान विश्व को परिवर्तित करने में टीवी के योगदान और टीवी के विश्व पर पड़ने वाले प्रभावों के संदर्भ में व्यापक चर्चा की गई थी। उसी के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा में 17 दिसम्बर 1996 को एक प्रस्ताव पारित करते हुए प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को विश्व टेलीविजन दिवस मनाने का निर्णय लिया गया और तभी से प्रतिवर्ष 21 नवम्बर को ही यह दिवस मनाया जाता रहा है। इलेक्ट्रॉनिक टेलीविजन का आविष्कार 1927 में हुआ माना जाता है और उसके करीब 32 साल बाद इलैक्ट्रॉनिक टेलीविजन ने भारत में पहला कदम रखा। भारत में टीवी का पहला प्रसारण प्रायोगिक तौर पर दिल्ली में दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना के साथ 15 सितम्बर 1959 को शुरू किया गया। उस समय टीवी पर सप्ताह में केवल तीन दिन ही मात्र तीस-तीस मिनट के कार्यक्रम आते थे, लेकिन इतने कम समय के बेहद सीमित कार्यक्रमों के बावजूद भी टीवी के प्रति लोगों का लगाव बढ़ता गया और यह बहुत जल्द लोगों की आदत का अहम हिस्सा बन गया। दूरदर्शन का व्यापक प्रसार हुआ वर्ष 1982 में दिल्ली में हुए एशियाई खेलों के आयोजन के प्रसारण के बाद। दूरदर्शन द्वारा अपना दूसरा चौनल 26 जनवरी 1993 को शुरू किया गया और उसी के बाद दूरदर्शन का पहला चौनल डीडी-1 और दूसरा नया चौनल डीडी-2 के नाम से लोकप्रिय हो गया, जिसे बाद में डीडी मैट्रो नाम दिया गया। भले ही टीवी के आविष्कार के इन दशकों में इसका स्वरूप और तकनीक पूरी तरह बदल चुकी है लेकिन इसके कार्य करने का मूलभूत सिद्धांत अभी भी पहले जैसा ही है। हालांकि किसी भी वस्तु के अच्छे और बुरे दो अलग-अलग पहलू भी हो सकते हैं। कुछ ऐसा ही सूचना एवं संचार क्रांति के अहम माध्यम टीवी के मामले में भी है। एक ओर जहां यह मनोरंजन और ज्ञान का सबसे बड़ा स्रोत बन चुका है और नवीनतम सूचनाएं प्रदान करते हुए समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, वहीं इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते रहे हैं। टेलीविजन की ही वजह से ज्ञान, विज्ञान, मनोरंजन, शिक्षा, चिकित्सा इत्यादि तमाम क्षेत्रों में बच्चों से लेकर बड़ों तक की सभी जिज्ञासाएं शांत होती हैं। अगर नकारात्मक पहलुओं की बात करें तो टीवी के बढ़ते प्रचलन के साथ-साथ इस पर प्रदर्शित होते अश्लील, हिंसात्मक, अंधविश्वासों का बीजारोपण करने तथा भय पैदा करने वाले कार्यक्रमों के कारण हमारी संस्कृति, आस्था और नैतिक मूल्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।

टीवी पर विभिन्न कार्यक्रमों में लगातार हत्या और बलात्कार जैसे दृश्य दिखाने से बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित होता है। मौजूदा समय में टीवी मीडिया की सबसे प्रमुख ताकत के रूप में उभर रहा है और मीडिया का हमारे जीवन में इस कदर हस्तक्षेप बढ़ गया है कि टीवी के वास्तविक महत्व के बारे में अब लोगों को पर्याप्त जानकारी ही नहीं मिल पाती। देश में जहां दूरदर्शन की शुरुआत के बाद दशकों तक दूरदर्शन के ही चौनल प्रसारित होते रहे, वहीं 1990 के दशक में निजी चैनल शुरू होने की इजाजत मिलने के साथ एक नई सूचना क्रांति का आगाज हुआ। इन तीन दशकों में निजी चौनलों को लगातार मिलते लाइसेंस के चलते अब देशभर में टीवी पर करीब एक हजार चौनल प्रसा. रित होते हैं। इससे दूरदर्शन जैसे माध्यम कमजोर हो गए हैं और अब हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां सूचना व संचार माध्यमों ने हमें इस कदर अपना गुलाम बना लिया है कि इनके अभाव में जीवन की कल्पना ही नहीं कर सकते। हालांकि ढ़ेर सारे टीवी चैनलों की बदौलत जहां ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा, सूचना आदि के स्रोत बढ़े हैं, वहीं चिंताजनक स्थिति यह है कि टीआरपी की बढ़ती होड़ में बहुत से निजी टीवी चैनल जिस प्रकार गलाकाट प्रतिद्वंद्विता के चलते समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों की अनदेखी करते हुए दर्शकों के समक्ष कुछ भी परोसने को तैयार रहते हैं, उससे युवा पीढ़ी दिशाहीन हो रही है और जनमानस में गलत संदेशों का बीजारोपण होता है। इसीलिए मांग उठने लगी है कि दिशाहीन टीवी कार्यक्रमों के नकारात्मक प्रभावों पर अंकुश लगाने और अपसंस्कृति के प्रसार को रोकने के लिए इन पर कुछ कड़े कानूनी प्रतिबंधों का प्रावधान होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# समुद्र में आर्टिफिशियल आइलैंड बना रहा पाकिस्तान

## आईलैंड तेल के 25 कुएं खोदे जाएंगे, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के समर्थन के बाद उठाया कदम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पहलीसमुद्र में आर्टिफिशियल आइलैंड (कृत्रिम द्वीप) बनाने जा रहा है। शहबाज सरकार ने अरब सागर में इस आइलैंड को बनाने की मंजूरी दे दी है। इसे समुद्र में तेल की खोज (आयल एक्सप्लोरेशन) के लिए स्थाई प्लेटफार्म की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड (पीपीएल) लीड करेगी।

पाकिस्तान ने यह फैसला ट्रम्प का समर्थन मिलने के बाद किया है। ट्रम्प ने जुलाई में ऐलान किया था कि अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर पाकिस्तान के बड़े तेल भंडार विकसित करेंगे। उन्होंने यहां तक कहा था कि अगर ये तेल मिला, तो भारत भी इसे खरीद सकता है। अब पाकिस्तान इस आर्टिफिशियल आइलैंड की मदद से अरब सागर में 25 तेल-कुएं खोदने की योजना बना रहा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक यह आर्टिफिशियल आइलैंड सिंध के तट से करीब 30 किमी दूर, सुजावल इलाके के पास बनाया जा रहा है। सुजावल कराची से लगभग 130 किमी दूर है। आइलैंड को समुद्र की ऊंची लहरों से बचाने के लिए 6 फीट ऊंचा बनाया जा रहा है। पहले समुद्री लहरों की वजह से जिन ड्रिलिंग प्रोजेक्ट्स में रुकावटें आई थीं, उन्हें दूर किया जा सकेगा। आइलैंड के फरवरी तक तैयार होने की उम्मीद है। भारी मशीनरी और सप्लाई को एक स्थिर प्लेटफार्म से संचालित करने से खर्च में लगभग 33 प्रतिशत तक कमी हो सकती है। पहले मौसम के कारण बार-बार देरी होती थी, जिससे लागत बढ़ जाती थी।



■ ट्रम्प ने जुलाई में ऐलान किया था: अमेरिका और पाकिस्तान मिलकर पाकिस्तान के बड़े तेल भंडार विकसित करेंगे

पीपीएल के मुताबिक यहां 24 घंटे ड्रिलिंग चल सकेगी। पाकिस्तान की समुद्री सीमा में पिछले साल सितम्बर में तेल और गैस का एक बड़ा भंडार मिला था। डान की रिपोर्ट मुताबिक, पाकिस्तान ने इस इलाके में एक सहयोगी देश के साथ मिलकर 3 साल तक सर्वे किया था। इसके बाद यहां तेल और गैस रिजर्व की मौजूदगी की पुष्टि हुई। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह भंदुनिया का चौथा सबसे बड़ा तेल और गैस का भंडार हो सकता है। फिलहाल वेनेजुएला में तेल का सबसे बड़ा रिजर्व है, जहां 34 लाख बैरल तेल है। वहीं, अमेरिका के पास सबसे शुद्ध तेल का भंडार है, जिसे अब तक इस्तेमाल नहीं किया गया। पाकिस्तान अगर तेल और गैस को निकालने में कामयाब हो गया तो यह उसकी अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमंद साबित होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, भंडार से जुड़ी रिसर्च पूरी करने में करीब 42 हजार करोड़ का खर्च आएगा। इसके बाद समुद्र की गहराई से इसे निकालने में 4-5 साल लग सकते हैं। अगर रिसर्च सफल रही तो तेल और गैस को निकालने के लिए कुएं लगाने और बाकी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में और ज्यादा पैसे की जरूरत होगी। पाकिस्तानी अधिकारियों ने तेल और गैस भंडार मिलने को देश की 'ब्लू वाटर इकोनामी' के लिए अच्छा बताया है। समुद्री रास्तों, नए बंदरगाहों और सामुद्रिक नीति (मैरीटाइम पालिसी) के जरिए अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना ही ब्लू इकोनामी कहलाता है। पाकिस्तान विश्व में कच्चे तेल के भंडार में 50वें स्थान पर है।



नई दिल्ली। वायु गुणवत्ता खराब होने के कारण धुंध के बीच सड़क पर वाहन चलते हुए।

## वियतनाम में बाढ़ से मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हुई

**हनोई।** वियतनाम के मध्य क्षेत्र में भारी बारिश एवं बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है जबकि पांच अन्य लोग लापता हैं। यह जानकारी वियतनाम आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने गुरुवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, 43200 से अधिक घर जलमग्न हो गए हैं जबकि 91 अन्य क्षतिग्रस्त हुए हैं। बाढ़ के कारण 10000 हेक्टेयर से अधिक धान एवं अन्य फसलें जलमग्न हो गई हैं तथा 6500 से अधिक पशुधन और मुर्गियों की मौत हो गई हैं या फिर बह गई हैं। इस बीच, बिजली की कटौती होने से 553200 से अधिक घर प्रभावित हुए हैं।

## अमेरिकी सैन्य अधिकारी संघर्ष समाप्ति पर वार्ता के लिए यूक्रेन पहुंचे

**वाशिंगटन।** पेंटागन के वरिष्ठ अधिकारी रूस के साथ युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा करने के लिए यूक्रेन पहुंचे हैं। यह जानकारी बीबीसी ने गुरुवार को अमेरिकी सेना के हवाले से दी। अमेरिकी सेना के सचिव डैन ड्रिस्कॉल के नेतृत्व में टीम की आज कीव में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से मिलने की उम्मीद है जब वे तुर्की की यात्रा से लौटेंगे। बुधवार से ऐसी खबरें प्रसारित हो रही है कि अमेरिका और रूस ने एक नई शांति योजना तैयार की है जिसमें यूक्रेन को बड़ी रियायतें देने की बात की गई है लेकिन न तो वाशिगटन और न ही मास्को ने इस योजना की आधिकारिक पुष्टि की है। इससे पहले, यूक्रेन के पश्चिमी शहर टेरनोपिल पर रूसी मिसाइल एवं ड्रोन हमले में कम से कम 26 लोग मारे गए थे। रूस ने 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण शुरू किया था। सेना के प्रवक्ता कर्नल डेविड बटलर ने एक बयान में कहा कि सचिव ड्रिस्कॉल और उनकी टीम प्रशासन की ओर से आज सुबह कीव पहुंचे, ताकि वे यूक्रेनी अधिकारियों से मुलाकात कर सकें और युद्ध समाप्त करने के प्रयासों पर चर्चा कर सकें।

# दावा: ऑपरेशन सिंदूर में पाक ने भारत को हराया

## अमेरिकी रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी अटैक न मानकर विद्रोही हमला माना गया

**वाशिंगटन।** एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मई 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन की लड़ाई (ऑपरेशन सिंदूर) में पाकिस्तान को बड़ी सैन्य कामयाबी मिली थी। इस रिपोर्ट में पहलगाम अटैक को भी आतंकी हमला न मानकर विद्रोही हमला माना गया है। 800 पन्नों की इस रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने जारी किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने कम से कम 6 भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया, जिनमें राफेल जेट भी शामिल हैं।

इससे राफेल की इमेज को नुकसान पहुंचा। रिपोर्ट कहती है कि वास्तविक रूप से सिर्फ तीन भारतीय विमानों के गिराए जाने की पुष्टि होती है। यूएससीसी का कहना है कि चीन ने भारत-पाकिस्तान युद्ध का इस्तेमाल अपने आधुनिक हथियारों को लाइव वार में टेस्ट करने और दुनिया को दिखाने के लिए किया। लड़ाई के बाद दुनियाभर में चीनी दूतावासों ने अपने हथियारों की तारीफ की और कहा कि पाकिस्तान ने इनके इस्तेमाल से भारतीय लड़ाकू विमानों को गिराया। भारत-पाकिस्तान संघर्ष के 5 महीने बाद चीन ने इंडोनेशिया को 75 हजार करोड़ रुपये में 42 जे-10सी फाइटर जेट बेचने की डील की थी। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने इस लड़ाई में चीन से मिले हथियारों का इस्तेमाल किया और अपने सैन्य फायदे को दुनिया के सामने रखा। इसमें कहा गया है कि पाकिस्तान ने चीन के एचआईक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम, पीएल-15 मिसाइलें और जे-10 फाइटर जेट का इस्तेमाल किया। भारत का दावा है कि पाकिस्तान को इस दौरान चीन से खुफिया जानकारी (इंटेलिजेंस) भी मिली। हालांकि पाकिस्तान ने इसे नकार दिया और चीन ने इस पर कुछ भी साफ नहीं कहा। रिपोर्ट के मुताबिक 2019/2023 के बीच पाकिस्तान के 82 प्रतिशत हथियार चीन से आए हैं। 90 के आखिरी दशक में जब चीन बहुत तेजी से आर्थिक और तकनीकी तौर पर ताकतवर हो रहा था तो अमेरिका में इसे लेकर चिंता बढ़ी। अमेरिकी नेता यह मानने लगे कि चीन से आने वाले आर्थिक फायदे और सुरक्षा खतरे दोनों को साथ-साथ समझना जरूरी है। ऐसे में चीन पर नजर रखने के लिए एक कमेटी बनाई गई जिसका काम यह पता लगाना था कि चीन की आर्थिक या तकनीकी गतिविधि अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा तो नहीं बन रहीं, यूएससीसी खुद कोई कार्रवाई नहीं करती, बस रिपोर्ट बनाकर अमेरिका की संसद को देती है। आयोग की सिफारिशों को अंतिम रिपोर्ट में शामिल करने के लिए, उन्हें कम से कम 8 सदस्यों (दो-तिहाई) के समर्थन की जरूरत होती है। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने यूएससीसी की रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। अखबार लिखता है कि यूएससीसी ने एक बार फिर से चीन की आर्थिक, तकनीकी और सुरक्षा क्षेत्र में हो रही तरक्की को ऐसे दिखाया गया है कि जैसे वह दुनिया के लिए खतरा हो। अभी का रवैया दिखाता है कि यह रिपोर्ट राजनीतिक मकसद से लिखी गई है और हकीकत का पूरी निष्पक्षता से विश्लेषण नहीं करती। आयोग के भीतर चीन को लेकर भारी गलतफहमियां और अहंकार मौजूद है। अखबार आगे लिखता है कि अमेरिका को चीन को और ज्यादा बेहतर तरीके से समझने की जरूरत है। अखबार का कहना है कि चीन की हथियार इंडस्ट्री के विकास को लेकर आरोप लगाना या उसे गलत तरीके से पेश करना, किसी भी संप्रभु देश के अपनी रक्षा क्षमता बढ़ाने के मूल अधिकार को नकारने जैसा है। अखबार ने लिखा-अमेरिका सप्लाई चेन को हथियार जैसे इस्तेमाल करता है।

**रिपोर्ट को यूएस-चाइना इकोनामिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमीशन (यूएससीसी) ने किया जारी**

### ट्रम्प बोले: 350 प्रतिशत की धमकी पर मोदी का फोन आया



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उन्होंने 350 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाई थी। ट्रम्प ने अमेरिका-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम में कहा कि मुझे सबसे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का फोन आया था। उन्होंने शुक्रिया कहा और बताया कि मैंने लाखों जानें बचाई हैं। इसके बाद ट्रम्प ने दावा किया कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया। मोदी ने कहा कि हम खत्म कर चुके हैं। ट्रम्प ने पूछा कि क्या खत्म कर चुके हो? इस पर मोदी ने बताया कि हम जंग नहीं करने जा रहे हैं। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस दौरान पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों निशाना बनाया गया। 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ। ट्रम्प ने 60 से ज्यादा बार जंग रुकवाने का दावा किया ट्रम्प ने ही सबसे पहले सोशल मीडिया पर सीजफायर की जानकारी दी थी। उन्होंने ये दावा किया था कि उनकी वजह से ही संघर्ष थमा है।

## जूनियर ट्रम्प ने ताजमहल देखा



**आगरा।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बेटे जूनियर ट्रम्प ताजमहल देखने के लिए गुरुवार को आगरा पहुंचे। जूनियर ट्रम्प अपनी पत्नी और कुछ दोस्तों के साथ ताज महल का दीदार करने के लिए करीब साढ़े तीन बजे पहुंचे और डेढ़ घंटे तक ताजमहल के अंदर रहे।

ताजमहल के अंदर डायना टेबिल पर फोटो सेशन कराया। गाइड नितिन सिंह ने जूनियर ट्रम्प को ताजमहल का दीदार कराया। गाइड नितिन सिंह ने डोनाल्ड ट्रम्प को भी ताजमहल का दीदार कराया था। जूनियर ट्रम्प की सुरक्षा के लिहाज से भी कड़े इंतजाम किए गए थे। आगरा आने पर स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। कई थानों का फोर्स लगाई गई थी। इसके अलावा स्थानीय सूचना तंत्र भी अलर्ट था। अमेरिका के कुछ सुरक्षा कर्मी भी साथ में थे। ताजमहल के अंदर जब प्रवेश हुआ तो सीआईएसएफ ने सुरक्षा का घेरा बना लिया और कड़ी सुरक्षा के बीच ताजमहल का दीदार कराया गया। जूनियर ट्रम्प दिल्ली से विशेष वाहन से आगरा आए थे और दोपहर में एक होटल में भोजन के उपरांत ताजमहल देखने पहुंचे थे।

## दक्षिण कोरिया में 267 यात्रियों को ले जा रही नौका समुद्र में फंसी, कोई हताहत नहीं

**सोल।** दक्षिण कोरिया के पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में बुधवार को 267 यात्रियों को ले जा रही एक यात्री नौका फंस गई। समाचार एजेंसी योनहास ने यह जानकारी दी। स्थानीय समयानुसार कल रात 8:17 बजे (1117 जीएमटी) तट रक्षक बल को सूचना मिली कि 246 यात्रियों और 21 चालक दल के सदस्यों को लेकर जा रही नौका राजधानी सोल से लगभग 310 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में सिनान काउंटी के एक द्वीप के पास फंस गई है। यह नौका दक्षिणी रिसॉर्ट द्वीप जेजू से रवाना होकर दक्षिण-पश्चिमी बंदरगाह शहर मोकपो की ओर जा रही थी। कथित तौर पर जहाज द्वीप के पास पहुंचते समय एक डूबी हुई चट्टान से टकरा गया।

## आईएईए ने ईरान से हमलों में प्रभावित सभी परमाणु प्रतिष्ठानों तक पहुंच प्रदान करने का किया आग्रह

**वियना/तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने आज चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जून में हुए हमलों में क्षतिग्रस्त ईरानी प्रतिष्ठानों तक उसकी अभी भी महत्वपूर्ण पहुंच नहीं है और तेहरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार के सत्यापन को बहुत देर हो चुकी है।

वियना में अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को संबोधित करते हुए महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने बुधवार को कहा कि एजेंसी को ईरान के निम्न और उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार की तत्काल जांच करने की आवश्यकता है, जिसे निरीक्षक पिछले पांच महीनों से सत्यापित नहीं कर पाए हैं। ग्रॉसी ने कहा कि सितम्बर में काहिरा में निरीक्षण पर सहमति होने के बाद वे ईरानी अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं अगर समझौते का पूरी तरह से लागू करना है तो और ज्यादा रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता है। उनकी यह टिप्पणी अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन द्वारा समन्वित प्रयास के साथ मेल खाती है जिन्होंने संयुक्त रूप से एक मसौदा प्रस्ताव में मांग किया है कि ईरान आईएईए के साथ अपना पूर्ण सहयोग फिर से शुरू करे तथा निरीक्षकों को अप्रतिबंधित पहुंच प्रदान करे। हालांकि तेहरान ने चेतावनी दी है कि इस तरह के प्रस्ताव से आईएईए निदेशक के साथ सितम्बर में हुई सहमति खतरे में पड़ जाएगी। इस सप्ताह की शुरुआत में, ईरान के उप विदेश मंत्री काज़म ग़रीबाबादी ने पश्चिमी देशों की आलोचना करते हुए कहा था कि उनके कार्यों से समझौते को नुकसान पहुंच सकता है। ईरानी अधिकारियों ने इस रुकावट को सितम्बर के आखिर में स्नैपबैक मैकेनिज़्म के तहत संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों के फिर से लागू होने पर जोर दिया। आंशिक रूप से सार्वजनिक की गई आईएईए रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने अभी भी निरीक्षकों को जून में 12 दिनों के संघर्ष के दौरान इजरायल और अमेरिकी हमलों में क्षतिग्रस्त हुए परमाणु स्थलों का दौरा करने की अनुमति नहीं दी।

■ **तेहरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार के सत्यापन को बहुत देर हो चुकी है**

## सऊदी अरब-अमेरिका के बीच 575 अरब डॉलर के समझौते

**दोहा।** सऊदी अरब के निवेश मंत्री खालिद अल-फलीह ने कहा है कि इस सप्ताह नए सौदों की घोषणा के बाद वर्ष 2025 में अमेरिका और सऊदी अरब की कंपनियों के बीच हस्ताक्षरित अनुबंधों का मूल्य बढ़कर लगभग 575 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। गौरतलब है कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिका की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान वहां एक निवेश मंच में हिस्सा लिया जिसमें दोनों देशों के व्यापार प्रतिनिधियों और कंपनियों ने भाग लिया। अल-फलीह ने बुधवार को अल एखबारिया प्रसारक से कहा, सऊदी और अमेरिकी कंपनियों के बीच लगभग 267 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के 242 नए समझौतों की घोषणा की गई।

# मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता विवादों में घिरी

## इटली की प्रिंसेज समेत 3 जजों ने दिया इस्तीफा, आयोजक ने लगाया कंटेस्टेंट से अफेयर का आरोप

**बैंकाक।** ब्यूटी कान्टेस्ट मिस यूनिवर्स 2025 से जुड़े विवाद खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। ग्रैंड फिनाले से एक दिन पहले मिस यूनिवर्स सिलेक्शन कमेटी की प्रेसिडेंट और इटालियन प्रिंसेज कैमिला डि बोरबोन ने ज्यूरी पैनल छोड़ दिया है।

वह पैनल छोड़ने वाली तीसरी जज हैं। इससे पहले मशहूर म्यूजिशियन ओमार हारफूश और फ्रांस के पूर्व फुटबालर क्लाउड माकेलेले ने भी ज्यूरी छोड़ दी थी। मिस यूनिवर्स में जजिंग पैनल 8 सदस्यों का होता है। 3 जजों के पैनल छोड़ने के बाद आर्गेनाइजेशन ने नताली ग्लेबोवा (कनाडा की पूर्व मिस यूनिवर्स 2005) को शामिल किया है। अब पैनल में 6 सदस्य है। ग्रैंड फिनाले कल यानी 21 नवम्बर को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में होगा। ओमार ने आरोप लगाया कि जज कमेटी बनने से पहले ही आर्गेनाइजर्स ने टॉप-30 कंटेस्टेंट का सिलेक्शन अनआफिशियल तरीके से कर लिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे कंटेस्टेंट को चुना गया जिनके आर्गेनाइजर्स से पर्सनल रिलेशनशिप हैं। इसके बाद माकेलेले ने निजी कारणों से इस्तीफा दे दिया। ओमर हारफूश ने 17 नवम्बर को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मिस यूनिवर्स 2025 के आर्गेनाइजर्स पर आरोप लगाते हुए लिखा था, टॉप 30 प्रतियोगियों को चुनने के लिए गलत तरीके से वोटिंग की गई। यह वोटिंग उन लोगों ने की जो पैनल के सदस्य नहीं थे। उन्होंने आगे कहा कि मुझे गुमराह किया गया और मुझे गलत सिलेक्शन प्रोसेस को मानने के लिए कहा गया। इसके कारण मुझे हुए इमोशनल ट्रामा भी हुआ, मेरी रेपुटेशन डैमेज हुई। ओमार ने अपनी पोस्ट में आर्गेनाइजर्स के खिलाफ लीगल एक्शन लेने की धमकी भी दी। माकेलेले ने 18 नवम्बर को इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर पैनल छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि अफसोस के साथ, मैं मिस यूनिवर्स 2025 में शामिल नहीं हो पाऊंगा। आपकी समझ और समर्थन के लिए धन्यवाद। इसके विरोध में कई देशों की कंटेस्टेंट्स ने हाल से बाहर निकलकर विरोध जताया। नवात ने फातिमा से कहा कि उन्होंने प्रतियोगिता से जुड़े प्रमोशनल कंटेंट शेयर नहीं किए। जब फातिमा ने इस पर आपत्ति जताई, तो नवात ने सुरक्षा कर्मियों को बुलाने की धमकी दी और कहा कि जो भी उनके समर्थन में आएगा, उसे प्रतियोगिता से बाहर किया जा सकता है। इसके बाद फातिमा मंच छोड़कर बाहर चली गईं। इस आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर #JusticeForFatima ट्रेंड करने लगा। विरोध के बाद नवात ने एक वीडियो जारी कर माफी मांगी और कहा कि अगर किसी को बुरा लगा है, तो वह माफी चाहते हैं।




# चीनी वैज्ञानिकों के भरोसे चीन को टक्कर दे रहा अमेरिका

## मेटा एआई टीम 11 में से 7 रिसर्चर चीन के, 1 भी अमेरिकी नहीं

**वॉशिंगटन।** मेटा सीईओ मार्क जकरबर्ग ने जून में अपनी नई सुपर इंटेलिजेंस लैब का ऐलान किया था। तब उन्होंने बताया था कि इस प्रोजेक्ट में शामिल 11 वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। इनका मकसद ऐसी मशीनें बनाना है जो इंसानी दिमाग से भी ज्यादा ताकतवर हों। न्यूयॉर्क टाइम्स को मिले इंटरनल मेमो से पता चला है कि ये सभी 11 वैज्ञानिक दूसरे देशों में पढ़े लिखे अप्रवासी हैं। इनमें से 7 वैज्ञानिक चीन से हैं, जबकि बाकी 4 भारत, ब्रिटेन, साउथ अफीका और ऑस्ट्रेलिया से हैं।

अखबार ने लिखा है कि अमेरिका में लंबे समय से सरकारी अधिकारियों और एक्सपर्ट का एक वर्ग चीन को एआई के क्षेत्र में सबसे बड़ा खतरा बताता रहा है। लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि अमेरिका में हो रहा बड़ा और क्रांतिकारी एआई रिसर्च काफी हद तक चीनी वैज्ञानिकों की मदद से आगे बढ़ाया जा रहा है। यह मेटा की एआई यूनिट के चीफ अलेक्जेंडर वॉन्ग है। जून 2025 में मेटा से जुड़े। इन्हें कंपनी में लाने के लिए मार्क जकरबर्ग ने 1.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। मेटा पहले से ही चीनी वैज्ञानिकों पर काफी निर्भर रही है। कंपनी के भीतर अक्सर मजाक में कहा जाता है कि नए आने वालों को दो चीजें सीखनी पड़ती हैं। पहली हैक, यानी कंपनी की प्रोग्रामिंग भाषा और दूसरी मंदारिन, क्योंकि एआई टीमों में बड़ी संख्या में चीनी रिसर्चर्स होते हैं। इस साल मेटा को लगभग 6300 एच-1बी वीजा अप्रूव हुए जो अमेजन के बाद सबसे ज्यादा हैं। मेटा ने 2018 के बाद से कम से कम 28 रिसर्च पेपर पर चीनी संगठनों के साथ मिलकर काम किया है। सिर्फ मेटा ही नहीं, बल्कि ऐप्पल, गूगल, इंटेल और सेल्सफोर्स जैसी अमेरिकी कंपनियों ने भी चीनी संगठनों के साथ मिलकर कई अहम रिसर्च किए हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने तो सबसे ज्यादा, यानी कम से कम 92 अहम पेपरों में साझेदारी की है। अमेरिका में ट्रम्प सरकार के आने के बाद से प्रशासन सख्त इमिग्रेशन पॉलिसी अपना चुका है। इसके अलावा सिलिकॉन वैली में भी चीन विरोधी भावना बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है। इसके बावजूद चीनी रिसर्चर्स न सिर्फ अमेरिका में बने हुए हैं बल्कि अहम रोल भी निभा रहे हैं।



■ **अमेरिका में हो रहा बड़ा और क्रांतिकारी एआई रिसर्च काफी हद तक चीनी वैज्ञानिकों की मदद से आगे बढ़ाया जा रहा है**

(A Minority Institution)
ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
(Recognized by NCTE)
(Affiliated to SCERT Govt. of India)
D.El.Ed (B.T.C.) 2025-27
Qualification For Admission:
- 50% Marks in graduation for General Candidates/ Other State.
- 45% marks in graduation for OBC & SC/ST Candidates.
- Date of Issue of Registration Form 24/11/2025 In the College or Available on Website (Online & offline)
- Last Date For Submitting the Completed Application Form in College- 15/12/2025
Secretary Principal
काउंसलिंग शासनादेश के अनुसार संपन्न करायी जाएगी।
Contact no. : 9045143298, 8755525452

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108